राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 11
अंक : 357
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
शुक्रवार 08 जुलाई 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट
पेज 3 टीबी कंट्रोल प्रोग्राम से जुड़ा बीएलके-मैक्स अस्पताल, सरकार के साथ मिलकर इलाज करने वाला दिल्ली का पहला प्राइवेट हॉस्पिटल बना
पेज 5 शाहजहांपुर में पत्नी का गला घोंटकर हत्या : दूसरी महिला से पति के थे अवैध संबंध
पेज 7 यूक्रेन युद्ध से चरम पर पहुंची महंगाई, 7.1 करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे आए

## पश्चिम बंगाल के कैनिंग में ट्रिपल मर्डर

### 24 परगना में टीएमसी नेता स्वपन माझी की हत्या, बाइक रोककर हमलावरों ने अंधाधुंध गोलियां चलाईं

एजेंसी

परगना। पश्चिम बंगाल के 24 परगना में बाइक सवार हमलावरों ने दिन-दहाड़े टीएमसी पंचायत सदस्य स्वपन मांझी की हत्या कर दी। वे सुबह 9 बजे कैनिंग में दो बूथ अध्यक्ष के साथ बाइक पर जा रहे थे, तभी हमलावरों ने उन्हें बीच सड़क पर रोककर अंधाधुंध गोलियां चला दीं। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई।

स्वपन पर गोलियों के साथ चाकू से भी हमला किया गया। घटना के तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल से खोखे और बम



बरामद किए हैं। हमलावर फरार हैं।

#### पार्टी की बैठक में शामिल होने जा रहे थे

रिपोर्ट्स के मुताबिक स्वप्न मांझी गुरुवार सुबह बैठक में शामिल होने जा रहे थे। स्वपन के साथ दो बूथ अध्यक्ष भूतनाथ प्रमाणिक और झंटू हलदार भी थे। जैसे ही वे कचुआ इलाके के पियर पार्क के पास पहुंचे, बदमाशों ने सड़क जाम कर तीन लोगों को गोली मार दी। आरोप ये भी है कि उन पर बम फेंका गया।

#### सिर काटने की फिराक में थे हमलावर

हमलावर तीनों के सिर काटने की फिराक में थे, लेकिन गोली और बम की आवाज सुनकर भीड़ इकट्ठी हो गई और हमलावर भाग गए। हालांकि यह जानकारी भी सामने आई है कि स्वपन ने स्थानीय विधायक से किसी भी दिन अपनी हत्या किए जाने की आशंका जाहिर की थी।

#### विधायक परेशराम बोले- मुझसे जताई थी मर्डर कि आशंका

**कैनिंग वेस्ट के विधायक परेशराम दास ने बताया कि कुछ दिन पहले स्वपन ने उसकी हत्या कि आशंका जताई थी। उन्हें डर था कि उनकी हत्या हो सकती है। मैंने उससे कहा कि मेरे पास आओ। हम पुलिस के पास जाएंगे, लेकिन उससे पहले ही उनकी हत्या हो गई। उन्होंने घटना के लिए भाजपा समर्थक बदमाशों को जिम्मेदार ठहराया है।**

## कर्नाटक के केरूर में दो गुटों में झड़प : विवाद के बाद शहर में धारा 144 लागू, 10 लोग गिरफ्तार

केरूर। कर्नाटक के केरूर में बुधवार को दो समुदाय के लोगों के बीच विवाद हुआ, जिसमें कई लोग घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, महिलाओं से छेड़खानी को लेकर विवाद शुरू हुआ था। इस दौरान एक समुदाय की दुकानों में तोड़फोड़ कर दी गई, वहीं कई गाड़ियों मे आग लगा दी गई।

फिलहाल स्थिति पर नियंत्रण हैं। शहर में शुक्रवार तक धारा 144 लागू कर दी गई है।

#### कई जगह पर की तोड़फोड़

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक समुदाय के युवक यासिन से दूसरे समुदाय के दो भाई अरुण और लक्ष्मण



महिलाओं से छेड़छाड़ को लेकर पूछताछ करने लगे। इसी बात को लेकर उनके बीच कहासुनी हुई और विवाद की स्थिति पैदा हो गई।

इसके बाद दोनों समुदाय के काफी लोग इकट्ठे हो गए और विवाद के कारण बाजार में झड़प हो गई। कई जगह पर तोड़फोड़ के साथ आग लगा दी गई।

#### दूसरे समुदाय पर चाकू से किया वार

विवाद के दौरान अरुण और लक्ष्मण को यासिन के लोगों ने चाकू मार दिया था, जिसके बाद दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल दोनों खतरे से बाहर हैं।

#### शहर में धारा 144 लागू

हिंसा के बाद से शहर में धारा 144 लागू कर दी गई है। बड़े कार्यक्रम और सभाओं पर रोक लगा दी गई है। स्कूल कॉलेज भी बंद रहेंगे। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों समुदाय के 10 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

## शिवसेना छोड़ सकते हैं 12 सांसद

## 66 पार्षद भी शिंदे कैंप में आए

### कांग्रेस ने फ्लोर टेस्ट से गायब 11 विधायकों को भेजा नोटिस

मुंबई। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को एक और बड़ा झटका लगा है। ठाणे नगर निगम में शिवसेना के 67 पार्षदों में से 66 ने एकनाथ शिंदे कैंप जॉइन कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक बुधवार देर रात सभी बागी पार्षदों ने एकनाथ शिंदे से उनके आवास पर मुलाकात की। महाराष्ट्र में बृहन्मुंबई नगर निगम के बाद ठाणे नगर निगम दूसरा सबसे अहम नगर निगम है।

दावा ये भी किया जा रहा है कि शिवसेना के 18 में से 12 सांसद जल्द ही शिंदे गुट में शामिल हो सकते हैं। शिंदे गुट ने 12 से 14 सांसदों के संपर्क में होने का दावा किया है। इधर, उद्धव



ठाकरे को भी इस बात का डर है कि राष्ट्रपति चुनाव से पहले उनके सांसद भी टूट सकते हैं। इसे देखते हुए पार्टी ने लोकसभा में अपने मुख्य सचेतक को बदल दिया। पहले वाशिम से सांसद भावना गवली चीफ व्हिप थीं। अब उनकी जगह सांसद राजन विचारे को चीफ व्हिप बनाया गया है।भावना गवली को एकनाथ शिंदे का करीबी माना जाता है।

#### कांग्रेस ने विधायकों को नोटिस भेजा

महाराष्ट्र कांग्रेस ने फ्लोर टेस्ट में शामिल न होने वाले 11 विधायकों को नोटिस भेजा है। नोटिस में कांग्रेस ने पूछा कि आप फ्लोर टेस्ट में शामिल क्यों नहीं हुए थे। फ्लोर टेस्ट में जिन कांग्रेस विधायकों ने वोट नहीं दिया, उनमें अशोक चव्हाण, प्रणति शिंदे, जितेश अंतापुरकर, विजय वडेट्टीवार, जीशान सिद्दीकी, धीरज देशमुख, कुणाल पाटिल, राजू अवले, मोहन हम्बर्दे,शिरीष चौधरी के नाम शामिल हैं।

## देश में कोरोना की संख्या में लगातार वृद्धि

नयी दिल्ली। देश में कोरोना वायरस संक्रमण के सक्रिय मामलों की संख्या 119457 तक पहुंच गई है, जिनमें पिछले 24 घंटे में 4245 मामले सामने आए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने गुरुवार को यहां बताया कि आज सुबह सात बजे तक 11,44,489 टीके दिये जा चुके हैं। इनमें बीते 24 घंटे में दिए टीकों का आंकड़ा भी शामिल है, जो 198.33 करोड़ है। मंत्रालय ने बताया कि इस दौरान कोविड से ग्रसित 14650 मरीज ठीक हुये हैं। इसी के साथ अभी तक कुल 42921977 मरीज कोविड मुक्त हो चुके हैं।देश में बीते 24 घंटे में कोरोना से हुई मौतों का सिलसिला भी जारी रहा। इस दौरान महामारी की चपेट में आकर 35 मरीजों की मौत हुई है। जिसके साथ ही मृतकों की कुल संख्या पांच लाख 525305 तक पहुंच गई है।

## 20 राज्यों में भारी बारिश, कहीं बाढ़-कहीं लैंडस्लाइड

### गुजरात के जामनगर में स्कूली बस पानी में फंसी, राजस्थान में बिजली गिरने से 5 की मौत





नई दिल्ली/ शिमला/देहरादून। जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी इलाकों से मायानगरी मुंबई तक मानसून झमाझम बरस रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, दो दिन से देश के 20 से अधिक राज्यों में बारिश हो रही है। दो दिन से हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और महाराष्ट्र के कई इलाकों में भारी बारिश हुई है। इससे पहाड़ी राज्यों में कई जगह बाढ़ और लैंडस्लाइड से हादसे हुए हैं। गुजरात के जामनगर जिले के कलावाड़ में एक स्कूल बस बारिश के पानी में फंस गई। पानी का बहाव इतनी तेज था कि देखते ही देखते बस पलट गई। स्थानीय लोगों ने बस में सवाल 9 बच्चों, ड्राइवर और दो शिक्षकों को रस्सी के सहारे रेस्क्यू किया। बुधवार को हिमाचल के कुल्लू और शिमला में बादल फटने, बाढ़ और भूस्खलन से 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 5 लोग लापता हैं। वहीं, राजस्थान में बिजली गिरने से बूंदी में 2, बारां में 2 और भरतपुर में एक की मौत हो गई, यहां कई जिलों में अलर्ट है।

#### उफनती नदी के बीच ITBP का रेस्क्यू ऑपरेशन

बुधवार को हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में चंडीगढ़-मनाली NH पर बबेली के पास एक अल्टो कार ब्यास नदी में जा गिरी थी। इसमें 2 लोगों के बह जाने की खबर थी। चालक घायल हो गया था, जिसे क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया। गुरुवार को ITBP के जवान दोनों लापता लोगों को ढूंढने के लिए उफनती नदी में उतरे।

#### महाराष्ट्र के कई इलाकों में रेड अलर्ट

मुंबई, ठाणे और नवी मुंबई के अधिकांश हिस्सों में बुधवार शाम से ही भारी बारिश जारी है। यहां 1 जून से सीजन की कुल बारिश 958 मिमी मिमी दर्ज की गई। जो कि कुल बारिश 2,205 मिमी का 43 प्रतिशत है। यहां के सतारा जिले में प्रतापगढ़ किले के पास आज रात भर हुई भारी बारिश के बाद लैंडस्लाइड हुआ। वहीं, दादर और सायन के इलाकों में जलभराव देखा गया। महाराष्ट्र के कोंकण और पश्चिमी इलाकों में भारी बारिश की वजह से जलभराव और लैंडस्लाइड की घटनाएं हो रही हैं। यहां आपात स्थितियों से निपटने के लिए NDRF की 17 टीमें तैनात की गई हैं। रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग क्षेत्र 9 जुलाई तक रेड अलर्ट पर हैं। पुणे, कोल्हापुर और सतारा 8 जुलाई तक रेड अलर्ट पर हैं, जबकि मुंबई और ठाणे 10 जुलाई तक ऑरेंज अलर्ट पर हैं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अधिकारियों को प्रभावित लोगों को सुरक्षित जगह पर ले जाने के निर्देश दिए हैं।

#### उत्तर प्रदेश में बारिश के लिए करना होगा इंतजार

यूपी में मानसून की रफ्तार सुस्त हो गई है। बीते 24 घंटे में महज झांसी, मेरठ और वाराणसी में बूंदाबांदी हुई है। अच्छी बारिश के लिए लोगों को तीन से चार दिन और इंतजार करना पड़ेगा। उमस और गर्मी बढ़ेगी। मौसम विभाग ने 9-10 जुलाई को तेज बारिश की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक जेपी गुप्ता ने बताया कि मानसून मध्य प्रदेश, राजस्थान और उड़ीसा से होकर गुजर रहा है। इस कारण यूपी में बारिश नहीं हो रही है। बंगाल की खाड़ी से आने वाली नम हवाएं यूपी में प्रवेश नहीं कर पा रही हैं। ये स्थिति 10 जुलाई तक बनी रह सकती है।

#### हिमाचल और उत्तराखंड में भारी बारिश की चेतावनी

कुल्लू के मणिकर्ण में कई इलाकों में पानी भर गया। मौसम विभाग ने हिमाचल और उत्तराखंड के कुछ स्थानों पर अगले 24 घंटों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। कुल्लू के मलाणा प्रोजेक्ट को नुकसान पहुंचा है। यहां 25-30 लोग बाढ़ में फंस गए, जिन्हें निकाला गया। उत्तराखंड में भूस्खलन के बाद बद्रीनाथ, केदारनाथ धाम की यात्रा रोकनी पड़ी है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, हरिद्वार, देहरादून, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल और अल्मोड़ा ज़िलों में आंधी के साथ तेज बारिश होने की संभावना है।

## ईडी के छापे के बाद फरार हुए वीवो के डायरेक्टर्स

नई दिल्ली/बीजिंग। प्रवर्तन निदेशालय ने चीनी मोबाइल कंपनी वीवो के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच तेज कर दी है। इसे लेकर ईडी ने 5 जुलाई को वीवो और इससे जुड़ी फर्मों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग जांच को लेकर देशभर के अलग- अलग राज्यों में 44 जगहों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के बाद ही कंपनी के



डायरेक्टर झेंगशेन ओउ और झांग जी देश से भाग गए। ईडी ने वीवो के खिलाफ हाल ही मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया था। चीनी मोबाइल कंपनियों पर रॉयल्टी के नाम पर देश से बाहर पैसा भेजने और टैक्स चोरी का आरोप है। इधर, चीन ने बुधवार को उम्मीद जताई कि भारत वीवो के खिलाफ कानून और नियमों के अनुसार जांच करेगा। चीन की कंपनियों के लिए निष्पक्ष और गैर-भेदभावपूर्ण कारोबारी माहौल प्रदान करेगा। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियन ने कहा, हम इस मामले में बारीकी से नजर रख रहे हैं।

## बेरहम शिक्षकों का कहर, कोई बच्चा जख्मी तो कोई बेहोश

### किसी ने मारते-मारते तोड़ा डंडा तो कहीं एक बार में 15 बच्चों को कर दिया घायल

नई दिल्ली। एक स्कूल में शिक्षक द्वारा बच्चे को सजा देने का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यह घटना विजयनगर के आईसीएसई स्कूल की है जहां छठी कक्षा के छात्र को शिक्षक ने इसलिए बुरी तरह पीटा क्योंकि वह होमवर्क नोटबुक नहीं लाया था। इस गलती की वजह से शिक्षक ने इतना मारा कि बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

#### बच्चा अस्पताल में 3 दिन रहा भर्ती

घटना का खुलासा शुक्रवार शाम उस समय हुआ, जब रात करीब साढ़े नौ बजे ट्यूशन से घर लौटने के बाद छात्र ने अपने माता-पिता से कान में दर्द की शिकायत की। बेटे की तबीयत को देखते हुए पेरेंट उसे इलाज के लिए विजयनगर के वाणी विलास अस्पताल ले गए। जहां बच्चे को सोमवार को छुट्टी दे दी गई।

#### पटना में टीचर ने बच्चे को इतना मारा कि टूट गया डंडा

बिहार की राजधानी पटना में बीते शनिवार यानी 2 जुलाई को एक टीचर ने 5 साल के बच्चे को इतना मारा कि डंडा टूट गया। इस घटना वीडियो वायरल हो रहा है। टीचर इतने ज्यादा गुस्से में था कि डंडे से मारने पर मन नहीं भरा तो बच्चे के बाल पकड़कर घसीटा और थप्पड़ बरसाए। इस दौरान बच्चा रोता और चीख़ता रहा लेकिन बेरहम टीचर का दिल नहीं पिंघला।

बताया जाता है कि पटना के निकट धनरूआ के वीर ओरियारा स्थित जया पब्लिक स्कूल में जया क्लासेस के तहत बच्चों को ट्यूशन देकर नवोदय, नेतरहाट और सैनिक स्कूल में दाखिले की तैयारी कराई जाती है। कोचिंग के संचालक अमरकांत कुमार के मुताबिक, शिक्षक को ब्लड प्रेशर (बीपी) की समस्या है। बीपी हाई होने के कारण उन्होंने बच्चे को इस कदर बेहरमी से पीटा। पिछले साल नवंबर में राजस्थान के चूरू में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया था। जिले के सालासर थाना क्षेत्र के गांव कोलासर में टीचर की पिटाई से 7वीं क्लास के बच्चे गणेश की मौत हो गई थी। 13 साल का बच्चा होमवर्क करके नहीं लाया था। टीचर ने उसे जमीन पर पटक-पटकर लात-घूसों से इतना मारा कि उसके नाक से खून बहने लगा। बच्चा बेहोश हो गया। कुछ देर तक होश नहीं आने पर आरोपी टीचर ही उसे अस्पताल लेकर गया। वहां डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। बाद में बच्चे के पिता की शिकायत पर आरोपी टीचर को गिरफ्तार कर लिया गया।

#### गुजरात में बेरहम टीचर की पिटाई से 15 बच्चे हो गए थे जख्मी



तीन साल पहले गुजरात की मूली तहसील के घोणिया गांव में टीचर की बेरहमी का मामला सामने आया था। यहां के एक स्कूल में शाम को 4 बजे कक्षा 6 से 8वीं के छात्र मैदान में खेल रहे थे। तब शिक्षक देवेंद्र झाला वहां पहुंचे। उन्होंने बच्चों से खेलने के लिए मना करते हुए क्लास में जाने को कहा। इससे बच्चे क्लास में चले गए। शाम 5 बजे स्कूल की छुट्टी होने के बाद शिक्षक ने क्लास में बच्चों को छड़ी से मारना शुरू कर दिया। बच्चों को मारते हुए टीचर यही कह रहे थे कि तुम्हें खेलने के लिए किसने कहा था। शिक्षक की मार से 15 बच्चों को अस्पताल में भर्ती करना पड़ा।

## चीन, पाकिस्तान की आपत्तियों को भारत ने किया दरकिनार

नयी दिल्ली। भारत ने अगले वर्ष जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन जम्मू कश्मीर अथवा लद्दाख में किये जाने संबंधी रिपोर्टों पर चीन एवं पाकिस्तान की आपत्तियों को आज दरकिनार कर दिया।

विदेश मंत्रालय में प्रवक्ता अरिंदम बागची ने यहां नियमित ब्रीफिंग में इस बारे में सवालों के जवाब में कहा, भारत इस वर्ष 2022 में जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण करेगा। अगले वर्ष शिखर सम्मेलन एवं मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के अलावा जी-20 के कई सम्मेलन देश के विभिन्न भागों में आयोजित किये जाएंगे।

चीन ने लद्दाख और पाकिस्तान ने जम्मू कश्मीर में जी-20 शिखर सम्मेलन के आयोजन की रिपोर्टों पर विरोध जताया है।

चीन द्वारा तिब्बत के आध्यात्मिक धर्मगुरू दलाई लामा के जन्मदिन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बधाई देने पर आपत्ति जताये जाने के बारे में पूछे जाने पर श्री बागची ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पिछले वर्ष भी दलाई लामा को बधाई दी थी।

## उत्तर प्रदेश में 2500 करोड़ की राजमार्ग निर्माण परियोजनाओं को मंजूरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश में भगवान बुद्ध की परिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में दो फ्लाईओवरों के निर्माण की मंजूरी प्रदान कर दी है।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में भगवान बुद्ध के परिनिर्वाण स्थल-कुशीनगर में 2.5 किलोमीटर लंबाई वाले दो फ्लाईओवर के निर्माण के लिए 42.67 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी गई है।

उन्होंने बताया कि इन फ्लाईओवर का निर्माण डेढ़ साल में पूरा किया जाना है। दोनों फ्लाईओवरों के निर्माण से कुशीनगर पहुंचने वाले देश-विदेश के पर्यटकों को आने जाने में सुविधा होगी और स्थानीय लोगों के लिए ट्रैफिक जाम की समस्या का समाधान होगा।

गडकरी ने कहा कि इसके साथ ही उत्तर प्रदेश और हरियाणा में भारतमाला परियोजना के तहत 2,414.67 करोड़ रुपये के बजट से गौतमबुद्ध नगर जिला स्थित डीएनडी फरीदाबाद-बल्लाभाग बाइपास केएमपी लिंक से जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के लिए ग्रीनफील्ड कनेक्टिविटी के निर्माण को भी मंजूरी दी गई है। इस सड़क का निर्माण दिल्ली- मुंबई एक्सप्रेसवे के बीच संपर्क मार्ग के रूप में किया जाएगा।

### हौसले को सलाम

### पति गुजरे तो पढ़ाई छूटी, अब बच्चियों ने दिया हौसला, कराई एग्जाम की तैयारी

## 53 की उम्र में मां ने 10वीं तो बेटियों ने 12वीं की पास

अगरतला। जब हौसले बुलंद हों तो उम्र मात्र एक संख्या भर रह जाती है। 53 बरस की उम्र में अगरतला की शीला रानी दास ने अपनी दो बेटियों के साथ मिलकर त्रिपुरा बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (टीबीएसई) की परीक्षा पास कर ली। टीबीएसई ने बुधवार को रिजल्ट जारी किया। पढ़ने के इस जज्बे को आज दुनिया सलाम कर रही है।

शीला ने इस साल 10वीं की बोर्ड परीक्षा दी थी। वहीं, उनकी दोनों बेटियां ने भी इस साल उच्चतर माध्यमिक परीक्षा (कक्षा 12) दी थी। जब रिजल्ट जारी किए गए तो घर में तिहरी खुशी आई। तीनों ने परीक्षा पास



कर ली।

#### अधूरी रह गई थी पढ़ाई

कम उम्र में शादी और जल्द ही पति के गुजर जाने से शीला की पढ़ाई बीच में ही छूट गई थी। उन्होंने दो बेटियों की परवरिश अकेले दम पर की। बाद में जब बेटियां बड़ी हुईं तो उन्होंने अपनी मां को 10वीं की परीक्षा देने के लिए राजी किया और पूरी तैयारी भी करवाई।

न्यूज एजेंसी को शीला बताती हैं कि मैं बहुत खुश हूं। ये परीक्षा अपनी बेटियों और शुभचिंतकों की वजह से पास कर पाई हूं। साथ ही मुझे खुद पर भी भरोसा था कि पास तो होकर ही रहूंगी।'

#### मां-बेटी ने मिलकर की परीक्षा पास

शीला अगरतला के अभोयनगर स्मृति विद्यालय से पास हुई हैं। उनकी बेटी जयश्री ने बानी विद्यापीठ विद्यालय से 12वीं पास की है। जयश्री कहती हैं कि मुझे बहुत खुशी है कि मां ने बोर्ड परीक्षा पास कर ली है और बड़ी बहन ने भी 12वीं पास कर ली है। हमने मां को बहुत मोटिवेट किया और उनकी पढ़ाई में उनकी मदद की।

#### पिता-बेटी भी साथ मिलकर उड़ा चुके हैं फाइटर प्लेन

मां और दो बेटियों की साथ मिलकर परीक्षा पास करने की इस अनोखी कहानी के बाद हम आपको एक और कहानी से आपको रुबरू करा रहे हैं।

कर्नाटक के बीदर में एक बेटी ने अपने पिता के साथ मिलकर वायुसेना के फाइटर प्लेन हॉक-132 को उड़ाया। पिता और बेटी दोनों वायुसेना में फाइटर पायलट हैं।

## शार्ट न्यूज

### कबाड़ से चुनकर घर लाया लंच बॉक्स, खोलते ही हुआ धमाका; 2 मजदूरों की मौत

तिरुवनंतपुरम। केरल के कन्नूर में असम के दो प्रवासी कामगारों की उनके किराये के घर में बम विस्फोट से मौत हो गई। पीड़ितों की पहचान फ़सल हक और उनके बेटे शहीदुल के रूप में हुई है जो कबाड़ इकट्ठा करने का काम करते थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्टील बम उसी स्क्रैप का हिस्सा था जिसे उन्होंने पहले इकट्ठा किया था। पुलिस को संदेह है कि दोनों ने एक स्टील बम को लंच बॉक्स समझ लिया जिसे खोलते ही वह फट गया। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि बम उनके पास कैसे पहुंचा और घर के आसपास के सभी स्थानों की जांच की जा रही है। फ़ैसल हक की मौके पर ही मौत हो गई। विस्फोट में एक हाथ गंवाने वाले शहीदुल की अस्पताल में मौत हो गई। बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा। उस घर में पांच प्रवासी मजदूर रह रहे थे। हादसे के वक्त तीन घर पर नहीं थे।

### कर्नाटक के केरूर में छेड़छाड़ की घटना के बाद सांप्रदायिक हिंसा, धारा 144 लागू

बेंगलुरु। बागलकोटे तालुका के केरूर में छेड़खानी की घटना के बाद दो समुदायों में हिंसक झड़प हो गई। पुलिस का कहना है कि जिले में स्थिति अब नियंत्रण में है। झड़प में कम से कम चार लोग घायल हो गए थे वहीं 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बागलकोटे के एसपी आई जयप्रकाश ने कहा, स्थिति अब शांतिपूर्ण है। हिंदू और मुस्लिम दोनों पक्षों के लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने बताया कि एक हिंदू लड़की से छेड़छाड़ के मामले में दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं ने यासिन नाम के एक युवक को घेर लिया। इसके बाद यासिन के साथ भी कई लोग आ गए और बहस शुरू हो गई। धीरे-धीरे बहस ने हिंसा का रूप ले लिया। हिंदू जागरण वेदिके नाम के संगठन के जिला सचिव को चाकू मार दिया गया। इसके बाद हिंदू संगठन के सदस्य भी मुसलमानों के रिहाइशी इलाके में घुस गए और वाहनों को आग लगा दी। पुलिस के मुताबिक हालात अब सामान्य हैं लेकिन एहतियात के तौर पर केरूर में धारा 144 लागू कर दी गई है। 8 जुलाई सुबह 8 बजे तक यहां धारा 144 लागू रहेगी। तनाव को देखते हुए स्कूल और कॉलेज में भी छुट्टी कर दी गई है। इलाके में भारी पुलिसबल भी तैनात किया गया है। बता दें कि कर्नाटक में पिछले कुछ महीनों से कई मुद्दों को लेकर माहौल तनावपूर्ण हो चुका है। कर्नाटक के कॉलेज से शुरू हुआ हिजाब विवाद भी माहौल गरमाया था। इसके बाद हिंदू नववर्ष के मौके पर भी कुछ घटनाएं हुईं। मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई ने भी कट्टरपंथियों को वॉर्निंग दी है।

### जम्मू-कश्मीर कांग्रेस में घमासान, प्रदेश अध्यक्ष गुलाम अहमद मीर ने दिया इस्तीफा

श्रीनगर। एक तरफ जहां जम्मू कश्मीर में भाजपा सहित अन्य क्षेत्रीय पार्टियां सक्रिय नजर आ रही हैं तो वहीं कांग्रेस की गुटबाजी की खबरें लगातार बाहर आ रही थीं। इसी कड़ी में अब कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गुलाम अहमद मीर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। मीर सात साल से जम्मू-कश्मीर कांग्रेस के अध्यक्ष थे। साल 2015 में उन्हें प्रदेश कांग्रेस का प्रमुख नियुक्त किया गया था। मीर ने अपने इस्तीफे का कारण भी बताया है। दरअसल, गुलाम अहमद मीर ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को भेजे अपने इस्तीफे में कहा है कि अनुशासित सिपाही के तौर पर उन्हें उनके उत्तराधिकारी के लिए पार्टी अध्यक्ष की ओर से लिया गया कोई भी फैसला स्वीकार्य होगा। हालांकि कांग्रेस के सूत्रों ने बताया है कि अहमद मीर को पार्टी की तरफ से ही पद छोड़ने के लिए कहा गया था। जबकि मीर ने यह कहा कि उन्होंने चुनाव से पहले अपने पद से इस्तीफा दिया है ताकि पार्टी अपने संगठन को फिर से स्थापित कर सके। इससे पहले हाल ही में कांग्रेस ने जम्मू कश्मीर में शक्ति संतुलन बनाए रखने के लिए जम्मू से वरिष्ठ नेता रमन भल्ला को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया था। वहीं पार्टी के सूत्रों ने बताया कि नए अध्यक्ष के लिए कई नामों पर विचार किया जा रहा है। इसके लिए पूर्व मंत्रियों और विधायकों पीरजादा मोहम्मद सईद, विकार रसूल, जीएम सरूरी और गुलाम नबी मोंगा के नाम विचाराधीन हैं। सईद पहले भी अध्यक्ष रह चुके हैं। वहीं विकार और सरूरी जो जम्मू के मुस्लिम क्षेत्रों से हैं, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद के करीबी माने जाते हैं।

### उत्तराखंड में अब घर बैठकर ऑनलाइन की जा सकेगी एफआईआर

देहरादून। उत्तराखण्ड में अब कोई भी व्यक्ति पुलिस थाने में जाकर प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) पंजीकृत कराने के बजाय, घर बैठे ही ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकेगा। इस सम्बंध में गुरुवार को राज्यपाल की संस्तुति के बाद शासन ने अधिसूचना निर्गत कर दी। अपर मुख्य सचिव (गृह) राधा रतूड़ी द्वारा इसे निर्गत किया गया है। अधिसूचना के अनुसार राज्यपाल भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 2 के खण्ड (घ) सहपठित उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम 2007 (अधिनियम संख्या-01. वर्ष 2008) की धारा सात की उपधारा (एक) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग किया जाएगा। इन शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रीय ई-शासन योजना के अन्तर्गत गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित क्राइम एण्ड क्रिमिनल ट्रेकिंग नेटवर्क सिस्टम (सीसीटीएनएस) योजना के अन्तर्गत साइबर अपराध पुलिस थाना, देहरादून को ई-थाना अधिकृत करते हुए राज्य की अधिकारिता के अधीन समस्त जिलों में सामग्री, अभिलेखों की गुमशुदगी एवं वाहन चोरी के प्रकरणों में ई-एफआईआर पंजीकृत करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं। इस अधिसूचना के बाद, देहरादून स्थित साइबर थाने को राज्य के सभी जनपदों के विशेषकर, चोरी के मामले ऑनलाइन दर्ज किये जा सकेंगे।

### प. बंगाल के 24 परगना में मारे गये तीन लोगों में टीएमसी का पंचायत सदस्य भी शामिल

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के 24 परगना जिले में गुरुवार को अज्ञात हमलावरों के हमले में मारे गये तीन लोगों में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के पंचायत समिति के नेता स्वप्न माझी भी शामिल हैं। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। पुलिस केनिंग पुलिस थाना क्षेत्र में आज सुबह नौ बजे पीयरर पार्क पर हुई तीन लोगों की नृशंस हत्या की गुत्थी सुलझाने में जुटी है। तीनों पीड़ित मोटरसाइकिल से जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि तीनों मोटरसाइकिल से 21 जुलाई को होने जा रही बैठक के संबंध में स्थानीय तृणमूल कांग्रेस कार्यालय इस्पलेनेड की ओर जा रहे थे। जबकि हमलावर जो चार से पांच की संख्या में थे उनका पीछा कर रहे थे। पीयरर पार्क पर हमलावरों ने स्वप्न माझी को गोली मारी और वह जब मोटरसाइकिल से गिर गया तो धारदार हथियार से उसे काट दिया। माझी के दोनों साथियों झंटू और भूतनाथ की हत्या भी धारदार हथियार से की गयी। घटना की सूचना मिलते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गयी। अभी तक तीनों की हत्या के मामले में किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### पारदर्शिता के साथ गुणवत्तापूर्ण कार्यों की क्रियान्विति सुनिश्चित करें : मीणा

बाड़मेर। राजस्थान के ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री रमेशचंद मीणा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप धरातल पर पारदर्शिता के साथ गुणवत्तापूर्ण कार्यों की क्रियान्विति सुनिश्चित करें। श्री मीणा आज यहां कलेक्ट्रेट कांफ्रेस हाल में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बजट घोषणा एवं विकास योजनाओं के कार्यों को बेहतरीन एवं जनपयोगी बनाने का प्रयास किया जाए। विकास कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करवाएं। ताकि आमजन को वास्तविक रूप से उसका फायदा मिल सके। उन्होंने विकास कार्यों की क्रियान्विति में जन प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी की बात कही। इस दौरान मीणा ने ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की योजनाओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए कहा कि महात्मा गांधी नरेगा योजना में व्यक्तिगत टांका निर्माण के तहत श्रम मद में ऐसे कार्यों को शामिल किया जाए, जिससे लाभार्थी परिवार को स्थाई रूप से फायदा मिल सके।

# दूल्हा बने पंजाब के सीएम भगवंत मान, गुरप्रीत संग रचाई शादी



चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान आज शादी के बंधन में बंध गए हैं। चंडीगढ़ स्थिति अपने आवास पर उन्होंने सादगी साथ डॉ. गुरप्रीत कौर के साथ शादी रचाई। यह मान की दूसरी शादी है। शादी से पहले ही सोशल मीडिया पर भगवंत मान को बधाइयां मिलने लगी थीं। शादी के बाद दूल्हा और दुल्हन की मनमोहक तस्वीरें भी सामने आई हैं। बता दें कि इस शादी समारोह में ज्यादा भीड़-भाड़ नहीं थी।

### पीली पगड़ी और सुनहरे कुर्ते में दूल्हा बने मान

आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा समारोह में पहुंचे थे। उन्होंने इस सुंदर जोड़े की तस्वीरें भी साझा कीं। इस मौके पर राघव चड्ढा ने हंसी-ठिठोली भी की। उन्होंने पंजाबी में कहा, साडे वीर दा व्याह, सानू गोडे गोडे चाह यानी मेरे बड़े भाई की शादी है और आज मैं बहुत खुश हूं। अब बड़े भाई की शादी के बाद छोटे की नंबर लगना है।

### अरविंद केजरीवाल भी शादी में पहुंचे

इस समारोह में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल भी पहुंचे थे। उन्होंने शादी की रस्में निभाईं। डॉ. गुरप्रीत कुरुक्षेत्र के पेहोवा की रहने वाली हैं। 30 साल की गुरप्रीत ने शादी से पहले ट्विटर पर खुशी का इजहार किया था। इसके बाद बधाइयों का तांता लग गया। बता दें कि गुरप्रीत भगवंत मान से 16 साल छोटी हैं। मान ने पहली पत्नी से साल 2015 में तलाक ले लिया था।

अरविंद केजरीवाल ने इस मौके पर कहा, मुझे खुशी है कि मेरा छोटा भाई आज शादी कर रहा है। यह एक नई शुरुआत है। भगवान उन दोनों को खुश रखें। राघव चड्ढा ने कहा, हमे खुशी है कि हमारा भाई आज जीवन का नया अध्याय शुरू कर रहा है। उनकी मां का सपना था कि वह फिर से घर बसाए। आज उनका सपना पूरा हो गया।

### तेलंगाना में पीएफआई के तीन कार्यकर्ता गिरफ्तार

हैदराबाद। तेलंगाना के निजामाबाद जिले से पुलिस ने कथित तौर पर मुस्लिम पुरुषों को अन्य समुदायों के लोगों को निशाना बनाने के लिए प्रशिक्षण देने के आरोप में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के तीन कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि तीनों कार्यकर्ताओं को बुधवार को गिरफ्तार किया था और उन पर धार्मिक उन्माद पैदा करने तथा दोनों समुदाय के बीच वैमनस्य फैलाने का प्रयास करने के आरोप में गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में शाहदुल्ला (40), मोहम्मद इमरान (22) और अब्दुल मोबिन (27) हैं। सभी निजामाबाद शहर के रहने वाले हैं। तीनों को शादुल्ला के घर से गिरफ्तार किया गया है और वे पीएफआई के 52 वर्षीय कार्यकर्ता अब्दुल खादर का अनुसरण करते हैं, जो चुनिंदा मुस्लिम युवाओं को मार्शल आर्ट और हथियारों का प्रशिक्षण देता है।

# म्यांमार में दो लोगों की मौत से सीमा पर तनाव का माहौल

इम्फाल। म्यांमार के तामू में बीते पांच जून को हुई दो युवाओं की हत्या के कारण मणिपुर में भारत-म्यांमार सीमा पर स्थित एक सीमावर्ती शहर मोरेह में तनाव का माहौल है।

यहां किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए जिला प्रशासन ने निषेधाज्ञा लागू कर दी है।

मोरेह में रहने वाले लोग म्यांमार के अधिकारियों से शवों को सौंपने की मांग कर रहे हैं। इनमें से कुछ लोग बुधवार को म्यांमार जाकर पथराव भी आए हैं और म्यांमार की एक सैन्य चौकी को भी जला दिया है।

इस दौरान मणिपुर सरकार के अधिकारियों और पुलिस ने भारतीय नागरिकों से म्यांमार नहीं जाने को कहा है। जबकि आमतौर पर मणिपुर और म्यांमार के बीच व्यापार और अन्य गतिविधियों के लिए लोगों का आना-जाना रहता है।

सीमा के दोनों ओर मणिपुरी, तमिल, कुकी सहित कई अन्य समुदाय के लोगों का बसेरा है जो सीमा में परमिट लेकर एक जगह से दूसरे जगह जाते हैं। इस बीच, मोरेह के नागरिक समाजों ने मणिपुर सरकार से इस मामले पर म्यांमार प्राधिकरण के साथ गौर फरमाने को कहा है।

मणिपुर सरकार ने सभी को स्थिति में सुधार होने तक लोगों को म्यांमार में प्रवेश न करने की सलाह दी है।

इधर, मोरेह ऑटो-ओनर्स एंड ड्राइवर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष यमथोंग हाओकिप ने आरोप लगाया कि तामू में मारे गए दो तमिलों को मारने से पहले उन्हें प्रताड़ित किया गया था।

बताया जा रहा है कि पेशे से ड्राइवर एल. मोहन और एम अय्यनार किसी की बर्थडे पार्टी में शामिल होने के लिए तामू गए हुए थे। म्यांमार प्राधिकरण ने अब तक इनके शव वापस नहीं किए हैं। जिला अधिकारियों ने कहा कि स्थिति नियंत्रण में है और किसी भी समस्या के समाधान के लिए म्यांमार के अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की जा रही है।

# रोग उन्मूलन के लिए टोकन-टू-टोटल के दृष्टिकोण से करें कार्य : पटेल



भोपाल। मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ सिकल सेल एनीमिया और टी.बी. रोग उपचार प्रबंधन कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने टोकन-टू-टोटल की कार्य-नीति के साथ रोग उपचार प्रबंधन करने को कहा। रोग स्क्रीनिंग कार्य के लिए क्षेत्र चिन्हित कर सघन जाँच का कार्य किया जाना चाहिए। श्री पटेल ने कहा कि रोग स्क्रीनिंग कार्य की दिशा रोग के लक्षित समूह के निर्धारण और सघन जाँच पर केंद्रित होनी चाहिए। सिकलसेल स्क्रीनिंग के लिए आँगनवाड़ी केंद्रों, प्राथमिक, माध्यमिक और हायर सेकेण्डरी स्कूलों में जाँच केम्प लगाकर चिन्हांकन किया जाए। पॉजिटिव प्रकरणों में सभी परिजन की जाँच हो। यही दृष्टिकोण गर्भवती माताओं की जाँच में भी रखना चाहिए। उन्होंने क्षय रोग उपचार प्रबंधन में पोषण, नियमित औषधि सेवन संबंधी व्यवस्थाओं के दृष्टिगत संस्थागत उपचार व्यवस्थाओं को विस्तारित कर क्षय रोग उपचार प्रयासों संबंधी पहल करने के लिए कहा।

# राजस्थान के सभी सांसदों को ईआरसीपी के लिए एक साथ प्रधानमंत्री से करना चाहिए निवेदन : गहलोत



जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पूर्वी राजस्थान नहर योजना (ईआरसीपी) को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की मांग दोहराते हुए कहा है कि इसके लिए राज्य के सभी पच्चीस सांसदों को एक साथ जाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से निवेदन करना चाहिए। गहलोत ने अलवर जिले के हरसौरा में श्रीमती मिश्री देवी एवं श्री रामदेव गुर्जर की मूर्तियों का अनावरण के अवसर पर मीडिया से आज यह बात कही। उन्होंने कहा कि हम ईआरसीपी में कोई राजनीति नहीं करना चाहते, केंद्र सरकार उनके पास में है, राज्य सरकार कांग्रेस की है यहां पर अगर सब मिलकर कोई काम करेंगे तो काम समयबद्ध पूरा होगा, एक दिन की देरी भी क्यों हो, सिंचाई की सुविधाएं हैं, पीने के पानी की सुविधाएं हैं, हम चाहेंगे कि समय पर ये योजना पूरी हो।

उन्होंने कहा कि क्यों नहीं केन्द्र सरकार आगे आकर ये घोषणा करती है कि प्रधानमंत्री ने जो वादा किया है वो निभाएंगे, अगर वादा न भी करते मानलो प्रधानमंत्री,तब भी हम मांग करते इतनी बड़ी योजना को केंद्र को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करना चाहिए, यहां तो दो बार वादा करके गए हैं प्रधानमंत्री, उसको निभाने में क्या तकलीफ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्रीजी को चाहिए कि तमाम काम छोड़कर 25 सांसद एक साथ जाकर प्रधानमंत्री से निवेदन करें कि प्रदेशवासियों की 13 जिलों की मांग है कि आप जो कहकर आए थे जयपुर-अजमेर में उसके अनुसार हमें समय रहते इसको राष्ट्रीय परियोजना घोषित करनी चाहिए, पच्चीस सांसद जाकर मिलेंगे तो क्या प्रधानमंत्री मना करेंगे।

गहलोत ने कन्हैयालाल हत्याकांड पर कहा कि जो घटना हुई है जिस रूप में उदयपुर में, जघन्य अपराध हुआ है, इसलिए हम तत्काल जब परिवार से मिले तब भी जो भावना थी वहां पर, परिवार की स्थिति थी उसी के अनुरूप कल हमने फैसला किया कैबिनेट के अंदर कि दोनों बच्चों को सरकारी नौकरी मिलेगी, ये हमारा फर्ज भी है और मैं समझता हूं कि समय पर ये फैसला हुआ उससे संबल बढ़ेगा परिवार का जो कि बहुत दु:खी है, उनके दु:ख की हम कल्पना नहीं कर सकते हैं।

# झारखंड में 6 साल बाद सफायर स्कूल के छात्र विनय महतो हत्याकांड की जांच अब सीबीआई करेंगी

रांची। झारखंड उच्च न्यायालय ने रांची के प्रतिष्ठित सफायर इंटरनेशनल स्कूल के छात्र विनय महतो हत्याकांड की जांच की जिम्मेवारी सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया है।

हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की अदालत ने गुरुवार को सफायर इंटरनेशनल स्कूल के छात्र विनय महतो के पिता मनबहाल महतो की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। मृतक छात्र विनय महतो के पिता की ओर से पिछली सुनवाई के दौरान अदालत में पक्ष करते हुए अधिवक्ता जितेंद्र शंकर सिंह और खुशबू कटारूका ने बताया था कि मामले की सुनवाई निचली अदालत में चल रही है और ट्रायल के दौरान निचली अदालत ने भी पाया है कि मामले का अनुसंधान सही तरीके से नहीं किया गया। ट्रायल के दौरान दस लोगों को आरोपी बनाया गया है, अगर इस हत्याकांड की जांच सही तरीके से होगी, तो हत्याकांड में शामिल कई और अन्य लोगों का भी नाम सामने आएगा। अदालत को बताया गया कि इस मामले की जांच में लापरवाही बरती गयी। जांच के दौरान पुलिस ने सैंपल भी सही तरीके से कलेक्ट नहीं किया और समय पर एफएसएल में नहीं भेजा गया। कई साक्ष्य जांच के लिए जब एफएसएल भेजे गये, तब तक वह खराब हो गये थे और जांच में कुछ नहीं निकला। कई साक्ष्यों को ट्रायल के दौरान कोर्ट में पेश भी नहीं किया गया। गौरतलब है कि 5 फरवरी 2016 को सफायर इंटरनेशनल स्कूल के 12वर्षीय छात्र विनय महतो की हत्या कर दी गयी। मामले में स्कूल की हिन्दी शिक्षिका नाजिया हुसैन, उसके पति आरिफ अंसारी और दो बच्चों को आरोपी बनाया गया था। पुलिस जांच में यह बात सामने आयी थी कि विनय का संबंध नाजिया की पुत्री से था, इसे लेकर नाजिया का पुत्र गुस्से में रहता था। घटना के दिन नाजिया के पुत्र ने विनय को घर में सोया-चिल्ली खाने के लिए बुलाया और फिर उसने विनय का सिर दीवार में पटक दिया, जिस कारण वह घायल हो गया। बाद में बेहोशी की अवस्था में विनय को स्टॉफ क्वाटर के कॉरिडोर से नीचे फेंक दिया गया।

### जुबेर की जमानत याचिका पर आज हो सकती है सुनवाई

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय मुख्य न्यायाधीश की अनुमति मिलने पर आल्ट न्यूज के सह-संस्थापक मोहम्मद जुबेर की जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि मुख्य न्यायाधीश की अनुमति मिल जाने पर जुबेर की जमानत याचिका पर कल सुनवाई की जायेगी। जुबेर ने उत्तर प्रदेश के सीतापुर में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने और उस मामले में जमानत मंजूर करने के लिए याचिका दाखिल की है। न्यायमूर्ति बनर्जी ने कहा, मुख्य न्यायाधीश की अनुमति मिल जाने पर हम इस मामले पर कल सुनवाई करेंगे।

# शिवराज ने पीपल, नीम और कदम्ब के पौधे लगाए

एजेंसी



भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्मार्ट सिटी उद्यान में पीपल, नीम और कदंब के पौधे रोपे।

इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश विद्युत मंडल कर्मचारी गृह निर्माण संस्था मर्यादित के सदस्य बीएस राजपूत, डॉ. रत्नमाला शर्मा, यशवंत शर्मा, श्रीमती अंजलि सूबेदार, डॉ. वैभव पांडे और श्रीमती रुकमणी पंथी पौध-रोपण में शामिल हुई।

संस्था को इस वर्ष 2022 के स्वच्छ भारत अभियान में स्वच्छ कॉलोनी का पुरस्कार मिला है। सर्वश्रेष्ठ पर्यावरण के अनुकूल रहवासी समिति बनाना, पर्यावरण-संरक्षण को बढ़ावा देना और स्वच्छ भारत अभियान में सक्रिय भूमिका निभाना संस्था का उद्देश्य है। संस्था द्वारा रहवासियों और नागरिकों को पर्यावरण-संरक्षण तथा स्वच्छता के लिए जागरूक किया जाता है।

### शराब पीकर मतदान सामग्री लेने आए दो पीठासीन अधिकारी निलंबित

बड़वानी। मध्यप्रदेश के बड़वानी कलेक्टर शिवराज सिंह वर्मा ने त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तृतीय चरण में सामग्री वितरण के दौरान शराब पीकर आए दो पीठासीन अधिकारियों को आज निलंबित कर दिया। आधिकारिक जानकारी के अनुसार जिला कलेक्टर ने एसडीएम बड़वानी घनश्याम धनगर के प्रतिवेदन पर उत्कृष्ट विद्यालय निवाली के शिक्षक तथा मतदान केंद्र के पीठासीन अधिकारी राकेश भालसे तथा दोन्दवाडा के शिक्षक व पीठासीन अधिकारी राम सिंह सोलंकी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबित शिक्षक राकेश भालसे ने पूछे जाने पर एसडीएम बड़वानी घनश्याम धनगर के समक्ष स्वीकार किया कि उसने शराब पी है, लेकिन उसने ड्यूटी करने की बात कही। उधर एसडीएम धनगर ने उनसे कहा कि वे ड्यूटी करने की स्थिति में नहीं है।

# दरभंगा में नहर में डूबने से चार छात्रों की मौत

दरभंगा। बिहार में दरभंगा जिले के सिंहवाड़ा थाना क्षेत्र के रामपुरा मिर्जापुर गांव में पानी में डूबने से चार स्कूली छात्र की मौत हो गई।

पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि सिंहवाड़ा थाना क्षेत्र के रामपुरा मिर्जापुर गांव (जगनी टोला) के राम बाग डैनी नहर में चार स्कूली छात्र की मौत डूबने से बुधवार की रात हो गई। गोताखोर की मदद से सभी बच्चों के शव गुरुवार अहले सुबह पानी से बाहर निकाला गया है।

सूत्रों ने बताया कि मृतकों की पहचान मिर्जापुर जगनी टोला निवासी मरहूम सदरे आलम के पुत्र जावेद अंसारी (10), नुर आलम का पुत्र नफीस अंसारी (11), मुख्तार अंसारी का पुत्र मोहम्मद ईरशाद (9), राजू सिकलगर के पुत्र मोनू कुमार (8) के रूप में की गई है। मृतक सभी छात्र रामपुरा उत्क्रमित मध्य विद्यालय में पढ़ते थे। बताया जाता है कि सभी छात्र बुधवार को स्कूल से घर वापस लौटने के बाद लगभग दो किलोमीटर दूर जेसीबी से बने गहरे गड्ढे में स्नान एवं जल क्रीड़ा के दौरान पानी में डूब गए। थानाध्यक्ष मनीष कुमार सूचना के बाद पुलिस बल के साथ बुधवार की रात से घटनास्थल पर तैनात रहे। मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए दरभंगा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (डीएमसीएच) भेज दिया गया है। इधर ,अंचलाधिकारी चौधरी बसंत कुमार सिंह ने हृदय विदारक घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि पीड़ित परिवार को आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के तहत आर्थिक सहयोग के रूप में शीघ्र चार-चार लाख रुपए उनके परिजनों को दिए जाएगें।

# चीनी विदेश मंत्री से बातचीत में एलएसी मुद्दे पर भारत की दो टूक

एजेंसी



नयी दिल्ली/बाली। भारत ने चीन से पूर्वी लद्दाख सीमावर्ती क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से सेनाओं को आमने-सामने से हटाने को लेकर लंबित मुद्दों को तुरंत सुलझाने का आज आग्रह किया और कहा कि भारत चीन संबंधों में तीन प्रकार की परस्परता – परस्पर सम्मान, परस्पर संवेदनशीलता एवं पारस्परिक हितों का ध्यान रखना महत्वपूर्ण है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इंडोनेशिया के बाली में जी-20 देशों के विदेशमंत्रियों की बैठक के इतर आज चीन के स्टेट काउंसलर एवं विदेश मंत्री वांग यी से भेंट की जिसमें डॉ. जयशंकर ने पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर लंबित मुद्दों का त्वरित समाधान का आह्वान किया। उन्होंने कुछ इलाकों में सेनाओं से आमने सामने से हटाने के निर्णय के क्रियान्वयन का हवाला देते हुए सभी बकाया मोर्चों से सेनाओं की पूर्ण वापसी की जरूरत पर बल दिया ताकि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति एवं स्थिरता कायम हो सके। डॉ. जयशंकर ने द्विपक्षीय समझौतों एवं प्रोटोकॉलों तथा दोनों मंत्रियों के बीच पिछली वार्ताओं में बनी सहमति के पूर्णतः पालन की अहमियत पर बल दिया।

इस संबंध में दोनों मंत्रियों ने कहा कि दोनों पक्षों के सैन्य एवं कूटनीतिक अधिकारियों को नियमित संपर्क में रहना चाहिए।

उन्होंने अगले दौर की सीनियर कमांडर स्तर की बैठक किसी नज़दीकी तिथि को बुलाने की अपेक्षा व्यक्त की। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत एवं चीन के संबंध तीन पारस्परिकताओं -परस्पर सम्मान, परस्पर संवेदनशीलता एवं पारस्परिक हितों का ध्यान रख कर सर्वश्रेष्ठ तरीके से आगे बढ़ सकते हैं।

डॉ. जयशंकर ने श्री वांग यी ने मार्च में दिल्ली में हुई मुलाकात को याद किया और उसके बाद प्रमुख मुद्दों पर हुई प्रगति की समीक्षा की जिसमें भारतीय छात्रों की चीन के शिक्षण संस्थानों में वापसी शामिल है। उन्होंने कहा कि भारतीय छात्रों को वापसी की प्रक्रिया तेज़ होनी चाहिए। दोनों मंत्रियों ने अन्य क्षेत्रीय एवं वैश्विक गतिविधियों पर भी वैचारिक आदान प्रदान किया। श्री वांग यी ने ब्रिक्स की चीन की अध्यक्षता में भारत के सहयोग की सराहना की और जी-20 और शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की भारत की अध्यक्षता को चीन की ओर से पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने एक दूसरे के नियमित संपर्क में रहने पर भी सहमति जतायी।

# मोदी सरकार पिछले दरवाजे से ला रही है कृषि विरोधी कानून : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि सरकार की नीति कुछ बड़े औद्योगिक घरानों का पोषण कर किसानों तथा गरीबों का शोषण करना है इसलिए वह किसानों से किए वादे पूरे करने की बजाय उन्हें धोखा देकर पिछले दरवाजे से कृषि विरोधी कानून ला रही है।

कांग्रेस नेता दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी सरकार किसानों के साथ धोखा कर रही है और पिछले दरवाजे से उसी कृषि विरोधी कानून को लाने के प्रयास में है जिसको वापस करने के लिए किसानों को लम्बे समय तक आंदोलन करने को मजबूर होना पड़ा था। किसान विरोधी मोदी सरकार अब पीछे के दरवाजे से उसी कृषि कानून को दोबारा लाने का प्रयास कर रही है।

उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन को खत्म करने के लिए सरकार ने संयुक्त किसान मोर्चा से किसानों की आमदनी दोगुना करने, न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी के लिए समिति गठित करने तथा उत्तर प्रदेश के लखीमपुर में किसानों के कुचलने के लिए दोषी युवक के पिता एवं केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा को मंत्रिमंडल से हटाने की बात की थी लेकिन अब वह इन वादों से मुकर गई है और इस दिशा में कोई कदम नहीं उठा रही है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि इस सरकार का मकसद एमएसपी को धीरे-धीरे खत्म करना है और किसानों के साथ किये वादों से पीछे हटकर उन्हें धोखा देना है। उनका कहना था कि सरकार के मन में पहले से ही घोखा था इसलिए उसने गत मार्च में किसानों से लिखितरूप से बात करने की बजाय किसान मोर्चा के नेताओं को फोन करके समिति के लिए मौखिक रूप से नाम देने को कहा था।

नई दिल्ली
शुक्रवार 08 जुलाई 2022
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### दिल्ली में स्कूल जा रही 12वीं कक्षा की एक छात्रा पर चाकू से किया हमला, आरोपी फरार

नई दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली के तिलक नगर में गुरुवार को किसी बात को लेकर हुए झगड़े के बाद एक व्यक्ति ने 12वीं कक्षा की एक छात्रा को कथित तौर पर चाकू मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दोनों पिछले दो-तीन साल से दोस्त थे। पुलिस ने बताया कि लड़की अपने स्कूल जा रही थी, जब आरोपी के साथ उसका विवाद हुआ जिसके बाद युवक ने उस पर चाकू से हमला किया। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) घनश्याम बंसल ने बताया कि आरोपी की पहचान कर ली गई है और उसे जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि झगड़े का कारण अभी पता नहीं चल पाया है और एक अस्पताल में लड़की का इलाज चल रहा है। पीड़िता की मां ने कहा, मेरी बेटी स्कूल जा रही थी तभी लड़के ने उस पर हमला कर दिया।

### सत्येंद्र जैन को हाईकोर्ट से मिली राहत, कैबिनेट मंत्री के पद से निलंबित करने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट से दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को गुरुवार को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने गुरुवार को उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उन्हें कैबिनेट मंत्री के पद से निलंबित करने की मांग की गई थी। याचिका में कहा गया था कि हिरासत में होने के बावजूद जैन अब भी एक कैबिनेट मंत्री के भत्तों और विशेषाधिकारों का आनंद ले रहे हैं। जबकि उनपर गंभीर प्रकृति वाले आरोप लगे हैं, जिसके लिए उन्हें कड़ी सजा मिल सकती है। 31 मई को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जैन को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में गिरफ्तार किया था। वे फिलहाल न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं। इससे पहले कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। एक जुलाई को ईडी ने स्वास्थ्य मंत्री के दो करीबी सहयोगियों को गिरफ्तार किया था। अदालत ने वैभव जैन की रिमांड अवधि 11 जुलाई तक बढ़ा दी है जबकि अंकुश जैन को अदालत ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### पुलिस ने दो वाहन चोरों को किया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद



ग्रेटर नोएडा। थाना दनकौर पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो वाहन चोरों रितेश पुत्र बुधन निवासी ग्राम व थाना सासाराम जिला रोहताश बिहार वर्तमान पता एलएनजेपी हॉस्पिटल के पास दिल्ली, सोनू पुत्र सुदामा निवासी ग्राम व थाना सासाराम जिला रोहताश बिहार को सलारपुर अंडरपास से बुधवार को गिरफ्तार कर लिया ।किया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने चोरी की दो मोटरसाइकिल टीवीएस अपाचे और होण्डा सीबीआर बरामद की है। अभियुक्तों द्वारा बताया गया की उक्त दोनों मोटरसाइकिल उनके द्वारा कुछ दिन पूर्व लाल किला दिल्ली के पास से चोरी की गई थी ।अभियुक्तगण शातिर किस्म के वाहन चोर हैं ।जिनके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### दनकौर पुलिस ने सात माह की बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा। थाना दनकौर पुलिस ने बुधवार को ग्राम नवादा की सात माह की बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोपी अभियुक्त मनोज पुत्र सतवीर निवासी ग्राम मुतैना थाना दनकौर गौतमबुद्धनगर को ग्राम नवादा से गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि 6 जुलाई 2022 को पड़ोसी गांव के अभियुक्त जिसका पीड़िता के दादा के पास कभी कभी आना जाना था उसके द्वारा सात माह की बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### बिसरख पुलिस ने लूट करने वाले तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, कब्जे से लूट के सात मोबाइल सहित अवैध असलहा बरामद

ग्रेटर नोएडा। थाना बिसरख पुलिस ने गुरुवार को तीन लुटेरों ललित पुत्र ब्रजेश निवासी पुराना हैबतपुर थाना बिसरख गौतमबुद्धनगर, अमन पुत्र अजय निवासी ग्राम गढी चौखन्डी थाना फेस थ्री गौतमबुद्धनगर, अभिषेक पुत्र चेतराम निवासी ग्राम गढ़ीचौखन्डी थाना फेस थ्री गौतमबुद्धनगर को तिगरी गोलचक्कर के पास से गिरफ्तार कर लिया ।पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने लूट के सात मोबाइल,एक तमंचा तीन सौ पन्द्रह बोर मय एक कारतूस जिन्दा, दो चाकू और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल टीवीएस स्पोर्ट नंबर यूपी 16 डीए 9545 बरामद की है ।अभियुक्तगण शातिर किस्म के लुटेरे हैं। जिनके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### दिल्ली के गोविंदपुरी में मोटरसाइकिल सवारों ने टीसी चालक को गोली मारी, मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के गोविंदपुरी में मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात लोगों ने 45 वर्षीय एक व्यक्ति की उसके परिवार के सामने गोली मारकर कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया, मृतक संजीव कुमार स्थानीय निवासी थे और दिल्ली परिवहन निगम में बतौर बस चालक काम करते थे। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बुधवार की रात करीब आठ बजे कुमार अपनी पत्नी और आठ साल के बेटे के साथ मोटरसाइकिल से फतेह सिंह मार्ग स्थित बाज़ार से वापस लौट रहे थे, तभी दो लोगों ने उन पर गोली चला दी जो उनके कंधे और पीठ पर लगी। अधिकारी ने बताया कि उन्हें तुरंत मजीदिया अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस उपायुक्त ईशा पांडे ने कहा कि हत्या के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है।

# मार्का लगे खाद्यान्न, दही, बटर, लस्सी आदि को जीएसटी में लाने से आम आदमी होगा प्रभावित

## प्रत्येक राज्य के वित्त मंत्री को ज्ञापन देकर व्यापारी करेंगे इस निर्णय को वापिस लेने की माँग

**प्रफुल्ल राय गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। देश के सभी राज्यों के वित्त मंत्री सीधे रूप से जीएसटी कॉउंसिल द्वारा गत 28-29 जून मार्का लगे हुए खाद्यान्न, बटर, दही, लस्सी आदि को 5 प्रतिशत के कर स्लैब में लाने के लिए ज़िम्मेदार हैं क्योंकि जीएसटी काउन्सिल ने यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया है जिसमें सभी राज्यों के वित्त मंत्री इसके सदस्य है कन्फ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्ज़ (कैट) एवं अन्य खाद्यान्न संगठनों ने कहा की यह निर्णय छोटे निर्माताओं एवं व्यापारियों के मुक़ाबले बड़े ब्रांड के व्यापार में वृद्धि करेगा और आम लोगों द्वारा उपयोग में लाने वाली वस्तुओं को महँगा करेगा ।अब तक ब्रांडेड नहीं होने पर विशेष खाद्य पदार्थों, अनाज आदि को जीएसटी से छूट दी गई थी। कॉउन्सिल के इस निर्णय से प्री-पैक, प्री-लेबल वस्तुओं को अब जीएसटी के कर दायरे में लाया गया है । इसको लेकर देश भर के विभिन्न राज्यों में अनाज, दाल एवं अन्य उत्पादों के राज्य स्तरीय संगठनों ने अपने अपने राज्यों में व्यापारियों के सम्मेलन बुलाने का क्रम शुरू कर दिया है और लामबंद हो रहे हैं ।

इस विषय पर कल शाम कन्फ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्ज़ (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री श्री प्रवीन खंडेलवाल ने केंद्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह से मुलाक़ात की और वस्तुस्तिथि से उन्हें अवगत कराते हुए आग्रह किया की फ़िलहाल इस निर्णय को अमल में न लाया जाए और कोई भी अधिसूचना जारी होने से पहले संबंधित व्यापारियों से चर्चा की जाए । श्री राजनाथ सिंह ने इस संबंध में वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन से बातचीत करने का आश्वासन दिया । कैट का प्रतिनिधिमंडल इस मुद्दे पर शीघ्र ही केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन, वाणिज्य मंत्री श्री पीयूष गोयल तथा अन्य केंद्रीय मंत्रियों से मिलेगा और उनसे इस निर्णय को स्थगित रखने का आग्रह करेगा ।

भरतिया एवं श्री खंडेलवाल ने कहा की इस मामले पर सभी राज्यों की अनाज, दाल मिल सहित अन्य व्यापारी संगठन अपने अपने राज्यों के वित्त मंत्रियों को ज्ञापन देकर इस निर्णय को वापिस लेने का आग्रह करेंगे ।बेहद खेद की बात है की सभी राज्यों ने जीएसटी काउन्सिल की मीटिंग में सर्वसम्मति से इसको पारित कर दिया।ऐसा लगता है की किसी भी वित्त मंत्री ने इस बारे में विचार नहीं किया की छोटे शहरों एवं अन्य जगह के व्यापारी किस प्रकार इस निर्णय की पालना कर पाएँगे तथा इस निर्णय का वित्तीय बोझ आम लोगों पर किस प्रकार से पड़ेगा ।यह भी खेद की बात है की देश में किसी भी व्यापारी संगठन से इस बारे में कोई परामर्श नहीं किया गया । देश में केवल 15 प्रतिशत आबादी ही बड़े ब्रांड का सामान उपयोग करती है जबकि 85 प्रतिशत जनता बिना ब्रांड या मार्का वाले उत्पादों से ही जीवन चलाती है ।

इन वस्तुओं को जींएसटी के कर स्लैब में लाना एक अन्यायपूर्ण कदम है, जिसको काउन्सिल द्वारा वापिस लेना चाहिए और तत्काल राहत के रूप में इस निर्णय को अधिसूचित न किया जाए ।

# टीबी कंट्रोल प्रोग्राम से जुड़ा बीएलके-मैक्स अस्पताल, सरकार के साथ मिलकर इलाज करने वाला दिल्ली का पहला प्राइवेट हॉस्पिटल बना

## सरकार के साथ मिलकर टीबी के खिलाफ काम करेगा बीएलके : मैक्स अस्पताल

**आनंद राय गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। नई दिल्ली. देश के मशहूर बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशयलिटी अस्पताल ने अपनी स्वास्थ्य सेवाओं को और विस्तार दिया है. अस्पताल अब सरकार के साथ मिलकर ड्रग रेसिस्टेंट टीबी का इलाज भी करेगा. सरकार के साथ मिलकर ये काम करने वाला बीएलके मैक्स सुपर स्पेशयलिटी अस्पताल दिल्ली का पहला और देश का तीसरा प्राइवेट अस्पताल बन गया है. यानी टीबी के मरीजों को बीएलके मैक्स अस्पताल में नई एंटी-ट्यूबरकुलर दवाईयां फ्री में मिलेंगी. अब तक ये दवाईयां सिर्फ सरकार से संबंधित सेंटर्स पर मिलती थीं. दिल्ली क्षेत्र में टीबी (ट्यूबरक्यूलोसिस) की ये दवाईयां देने वाला बीएलके-मैक्स पहला अस्पताल बन गया है।




दिल्ली स्टेट टीबी कंट्रोल ऑफिस ने हाल ही में बीएलके-मैक्स अस्पताल से ड्रग रेसिस्टेंट टीबी के खिलाफ इस राष्ट्रीय लड़ाई में सहयोग के लिए प्रस्ताव दिया था, ताकि प्राइवेट सेक्टर में भी टीबी की दवाईयां दी जा सकें. बीएलके अस्पताल इस प्रस्ताव पर आगे बढ़ते हुए PMDT की गाइडलाइंस को ध्यान में रखते हुए सरकार के साथ मिलकर टीबी के मरीजों को बेहतर इलाज के साथ-साथ अच्छी केयर भी देगा। विकासशील देशों में टीबी एक बड़ी बीमारी है. भारत में भी इसका प्रसार काफी ज्यादा है और डब्ल्यूएचओ के हिसाब से दुनिया के 25 फीसदी टीबी केस भारत में हैं. टीबी के इन मरीजों में जो लोग ड्रग रेसिस्टेंट टीबी की चपेट में आ जाते हैं उनकी स्थिति काफी खराब हो जाती है. सिर्फ इतना ही नहीं, ऐसे मरीजों से परिवार और समाज में भी टीबी फैलने का खतरा बढ़ जाता है. इसी के मद्देनजर, बीएलके-मैक्स की सरकार के साथ इस पार्टनरशिप से डीआर-टीबी के मरीजों को उनकी जरूरत के हिसाब से संपूर्ण केयर मिलेगी।

बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशयलिटी अस्पताल में बीएलके मैक्स सेंटर ऑफ चेस्ट एंड रेस्पिरेटरी डिसीज़ के सीनियर डायरेक्टर और एचओडी डॉक्टर संदीप नय्यर ने इस जानकारी को साझा करते हुए बताया, %%टीबी को समाप्त करने के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम से जुड़कर हमें बहुत खुशी हो रही है. इसके तहत फ्री में लेटेस्ट ट्रीटमेंट दिए जाएंगे. बीमारी के बारे में सभी तरह के लोगों के बीच जागरुकता की भी जरूरत है. इस बीमारी का सही तरीके से पता लगाना और फिर ओरल मेडिसिन के जरिए बेहतर इलाज बेहद आवश्यक है. भारत में डीआर-टीबी का प्रसार बढ़ा है. इस बीमारी का इलाज आसान नहीं है. लेकिन इलाज में इस्तेमाल की जाने वाली नए किस्म की दवाईयों ने इसे सरल बना दिया है. डीआर-टीबी के इलाज के लिए पहले 12-15 महीने तक दवाई चलती थी, जो घटकर सिर्फ 6 महीने हो गई है. पोलियो की तरह ही टीबी को समाप्त करने के लिए सरकारी और प्राइवेट दोनों अस्पतालों की तरफ से ही प्रयास करने की जरूरत है।

# क्रेडिट कार्ड से रूपये निकालने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा। साइबर सेल गौतमबुद्धनगर ने फ़र्ज़ी वेबसाइट बनाकर क्रेडिट कार्ड धारको को कॉल कर पॉइंट रिडीम करने के नाम पर क्रेडिट कार्ड कि गोपनीय जानकारी फ्राड वेबसाइट पर लेकर पैसा विभिन्न मर्चेन्टो के माध्यम से बैंक खातों में ट्रांसफर करने वाले दो अभियुक्तों गुरमीत सिंह उर्फ़ हन्नी पुत्र लक्ष्मण सिंह निवासी ए/337 हस्ताल रोड फेज 4 उत्तम नगर दिल्ली वर्तमान निवासी मकान नंबर 956 सेक्टर 21 सी फरीदाबाद हरियाणा, सुरेन्द्र सिंह पुत्र सतनाम सिंह निवासी 1 टी हट्स, पालिका धाम बंगला साहिब रोड दिल्ली वर्तमान निवासी आरजे 1423/13 गोविन्दपुरी दिल्ली को फरीदाबाद सेक्टर 21 से गिरफ्तार कर लिया। जबकि इनके दो अन्य साथी दीपक,सम्मू मौके से फरार हो गये ।पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने एक लैपटाप और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। गौरतलब है कि वादी विशाल चौधरी द्वारा थाना फेस टु पर अभियोग



पंजीकृत कराया कि उसको बैंक का अधिकारी बनकर कॉल आया जिसके द्वारा फर्जी वेबसाइट के माध्यम से वादी के क्रेडिट कार्ड कि गोपनीय जानकारी लेकर क्रेडिट कार्ड से लगभग 4,53,550.00 रुपया ट्रांसफर लिये गये थे।

अभियुक्तों ने बताया कि उनके द्वारा फ़र्ज़ी वेबसाइट बनाकर क्रेडिट कार्ड धारको को कॉल कर पॉइंट रिडीम करने के नाम क्रेडिट कार्ड कि गोपनीय जानकारी लेकर पैसा विभिन्न मर्चेन्टो के माध्यम से बैंक खातों में ट्रांसफर कर निकल लिए जाते थे। अभियुक्तगण शातिर किस्म के जालसाज अपराधी हैं व। जिनके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

# पुलिस ने एक महिला सहित दो गांजा तस्करों को किया गिरफ्तार



ग्रेटर नोएडा। थाना बादलपुर पुलिस ने बुधवार को एक महिला अभियुक्ता सहित दो गांजा तस्करों धर्मेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र देव नारायण सिंह निवासी ग्राम सकरा थाना मोगरा बादशाह जिला जौनपुर वर्तमान पता श्रीराम इंकलेव गली नंबर 1 थाना कविनगर जिला गाजियाबाद, रागनी पत्नी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह निवासी ग्राम सकरा थाना मोगरा बादशाह जिला जौनपुर वर्तमान पता श्रीराम इंकलेव गली नंबर 1 थाना कविनगर जिला गाजियाबाद को रॉयल सिटी गेट के पास जीटी रोड से गिरफ्तार कर लिया ।जबकि तीन अन्य अभियुक्त अजीत चौधरी निवासी छपरौला थाना बादलपुर गौतमबुद्धनगर, राजकुमार उर्फ राज निवासी ग्राम दुजाना थाना बादलपुर गौतमबुद्धनगर, अमर सिंह उर्फ मामा निवासी श्रीराम एन्कलेव गली नंबर 1 थाना कविनगर गाजियाबाद, अंशु निवासी ग्राम बम्हैटा थाना कविनगर गाजियाबाद अभी वांछित चल रहे हैं।

# कार सवारों ने रोडरेज में दो दोस्तों को किया अगवा

गाजियाबाद। विजयनगर थानाक्षेत्र में मंगलवार रात रोडरेज के बाद कार सवारों ने दो दोस्तों को अगवा कर लिया। मारपीट करने के बाद आरोपी दोनों दोस्तों को नोएडा में फेंककर फरार हो गए। उधर, अपहृत दोस्तों के साथी ने ही आरोपियों की कार का फोटो खींचकर पुलिस को दिया तो हड़कंप मच गया। पुलिस और परिजन रातभर दोनों युवकों को तलाशते रहे लेकिन बुधवार सुबह दोनों वापस लौट आए। थाना विजयनगर क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर बहरामपुर निवासी अनुज ऑटो चालक है। पड़ोस में रहने वाला अनुज का दोस्त बलदेव मजदूरी करता है। दोनों शादीशुदा हैं। अनुज के मौसा प्रमोद शर्मा ने बताया कि कल सात जुलाई को अनुज के मामा की शादी है। अनुज की मम्मी और भाई के अलावा उसके बीवी बच्चे मामा के घर हाथरस जा चुके हैं।

# नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी की उपस्थिति में प्रदेश भाजपा पूर्वांचल मोर्चा ने मनाया आम महोत्सव

## पूर्वांचल के आम की मिठास पूरी दुनिया में अपनी मिठास घोल रही है

**विवेक राय गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। प्रदेश भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के द्वारा नेता प्रतिपक्ष श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी की उपस्थिति में प्रदेश कार्यालय में आम महोत्सव मनाया गया।

पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष श्री कौशल मिश्रा की अगुवाई में आज हुए आम महोत्सव में पूर्वांचल से लाए गए आम की विभिन्न प्रजातियों-लंगड़ा, दशहरी, केसर, मालदा, तोतापुरी, मलदही, आम्रपाली आदि का प्रदर्शन किया गया तथा इनके स्वाद का लुत्फ पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ताओं ने उठाया।

नेता प्रतिपक्ष श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी ने पक्षी उड़ाकर इस शानदार आयोजन के लिए पूर्वांचल मोर्चा की सराहना किया। इस अवसर पर वृक्षारोपण भी किया गया। उन्होंने कहा कि भारत में आम को 'फलों का राजा' कहा जाता है तथा प्राचीन ग्रंथों में इसे कल्पवृक्ष के नाम से संदर्भित किया गया है। यह सिर्फ स्वाद में ही अच्छा नहीं होता बल्कि यह सेहत के लिए फायदेमंद भी होता है। इसमें कई तरह के विटामिन, जैसे विटामिन-ए, सी और डी भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इसके अलावा आम फाइबर और मिनरल्स से भी भरपूर होता है।

श्री कौशल मिश्रा ने कहा कि 75 प्रतिशत आम पूर्वांचल से आता है। इसलिए इस महोत्सव का पूर्वांचल मोर्चा के द्वारा आयोजन किया जाता है। पूर्वांचल में बड़े पैमाने पर आम की बागवानी की जाती है और यहां पैदा किए गए आम विदेशों तक में मशहूर हैं।

बागवानी उद्योग से लाखों लोगों को रोजगार भी मिलता है। इस मौके पर प्रदेश पूर्वांचल मोर्चा के प्रभारी श्री विपिन बिहारी सिंह, मोर्चा सह-प्रभारी श्री बृजेश राय, मोर्चा महामंत्री श्री संतोष ओझा एवं श्री निर्मल मिश्रा, मोर्चा उपाध्यक्ष श्री जगदम्बा सिंह , प्रदेश मंत्री श्री एस राहुल एवं श्री अभय सिंह, श्री संजय तिवारी, श्री अनिल पंडित सहित प्रदेश, जिला एवं मंडल के पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सांसद यमुना क्रिकेट महोत्सव के तीसरे दिन मुस्तफाबाद चैलेंजर्स ने सीलमपुर रेंजर्स को एवं गोकुलपुर दबंग ने तिमारपुर टाइटंस को हराकर मैच जीते

नई दिल्ली। सांसद यमुना क्रिकेट महोत्सव के तहत आज डिस्ट्रिक्ट पार्क नंद नगरी के खेल मैदान पर आज दो टी20 मैचों आयोजन हुआ सुबह मुस्तफाबाद चैलेंजर्स एवं सीलमपुर रेंजर्स तथा शाम को गोकुलपुर दबंग और तिमारपुर टाइटंस की टीमों के बीच मैच हुआ इस अवसर पर खिलाड़ियों को हौसला देने के लिए खेल महोत्सव के आयोजक सांसद मनोज तिवारी के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा एवं दक्षिण भारतीय फिल्मों के अभिनेता कृष्ण कुमार आईपीएस शशांक जयसवाल मैदान पर पहुंचे इस दौरान भाजपा नेता नीलकांत बक्शी जिला अध्यक्ष मास्टर विनोद कुमार महामंत्री मनोज त्यागी जितेंद्र कंवर डॉ यूके चौधरी जिला उपाध्यक्ष आशीष तिवारी आनंद त्रिवेदी सचिन मावी पूर्व निगम पार्षद पुनीत शर्मा प्रमोद गुप्ता आशीष पुनिया भाजपा नेता संजीव उपाध्याय वीरेंद्र खंडेलवाल आयोजन के संबंध कृष्णा चौबे राजू वंसल प्रवीण निमेष खेल महोत्सव के सहयोगी यमुना कमल क्लब के पदाधिकारियों तेज प्रकाश अश्विनी शर्मा गंगा राम माहौर रामनिवास आर डी शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर मौजूद खिलाड़ियों एवं क्षेत्रीय निवासियों को संबोधित करते हुए डॉ महेश शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सबको साथ लेकर सब के विकास के लिए भारत को विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहे हैं और भारत विश्व गुरु के अपने लक्ष्य को पाने के करीब है विश्व के कई महाशक्ति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस और उसके नतमस्तक होकर नमन कर रही है इसी कड़ी में युवाओं को श्रेष्ठ भारत के निर्माण में भागीदार बनाने के लिए यह खेल महोत्सव का आयोजन चल रहा है और सांसद मनोज तिवारी को इसकी सफलता के लिए हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त करता हूं।

# दिल्ली में साधू की पीट-पीटकर हत्या, लोगों ने आरोपी को किया अधमरा

नई दिल्ली। दिल्ली के सोनिया विहार में बुधवार सुबह एक साधू की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान सोनू भट्ट के तौर पर हुई है।

उसकी लोगों ने आरोपी की पिटाई कर दी और फिलहाल उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस का कहना है कि शुरुआत जांच में लग रहा है कि आरोपी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। पुलिस ने बताया कि सोनिया विहार पुलिस स्टेशन में घटना को लेकर पीसीआर कॉल आई।

इसके बाद एक टीम तुरंत मौके के लिए रवाना हुई। 62 साल के मृतक साधू को पास के अस्पताल ले जाया गया जहां से उसे जीटीबी अस्पताल रेफर किया गया।

हालांकि उसकी मौत हो गई। मृतक सोनी राम सोनिया विहार के तीसरे पुश्ते में रहते थे। जांच के दौरान पता चला कि साधू को बुरी तरह पीटा गया था।

# दादरी पुलिस ने मालिक की क्रेटा गाड़ी व कैश लेकर फरार ड्राइवर, दो महिला अभियुक्ता सहित चार अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा। दादरी पुलिस ने मालिक की क्रेटा गाड़ी व कैश लेकर फरार ड्राइवर,दो महिला अभियुक्ता सहित चार अभियुक्तों सोनू चौहान पुत्र रामरतन सिंह निवासी ग्राम गंगा दरवाजा थाना कायमगंज जिला फर्रूखाबाद हाल पता गली नंबर 10 मकान नंबर 56ए विश्वास नगर उत्तमनगर दिल्ली, कर्णवीर पुत्र दयाराम सिंह निवासी ग्राम नंगला जयराम थाना कागरौल जनपद आगरा हाल पता गली नंबर 1 मकान नंबर 53ए विश्वास नगर उत्तमनगर दिल्ली, पुष्पा पत्नी सोनू चोहान निवासी ग्राम गंगा दरवाजा थाना कायमगंज जिला फर्रूखाबाद वर्तमान पता गली नंबर 10 मकान नंबर 56ए विश्वास नगर उत्तमनगर दिल्ली,श्वेता सिंह पत्नी कर्णवीर निवासी ग्राम नंगला जयराम थाना कागरौल जनपद आगरा वर्तमान पता गली नंबर 1 मकान नंबर 53ए विश्वास नगर उत्तमनगर दिल्ली को सूर्यनगर कालोनी मथुरा से गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने



क्रेटा कार नंबर डीएल 2 सीए डब्लू 9897, 81 लाख 68 हजार रुपये नगद,वादी का लैपटॉप और मोबाइल फोन बरामद किया है ।गौरतलब है कि 6 जुलाई 2022 को थाना दादरी पुलिस को वादी संजीव कुमार अग्रवाल निवासी द्वारका दिल्ली द्वारा लिखित तहरीर देते हुए अवगत कराया कि मै व मेरा ड्राइवर सोनू चौहान मेरी गाड़ी क्रेटा कार नंबर डीएल 2 सीएडब्लू 9897 से दिल्ली से अनूपशहर के लिये जा रहे थे। 9 बजे पैरिफेरल से नीचे उतरकर लुहारली टोल की तरफ कुछ दूर चलते ही मैने ड्राइवर से कहा कि मुझे लघुशँका करने जाना है गाड़ी साईड मे लगा दो। तभी ड्राइवर सोनू ने गाड़ी साईड मे लगा दी मै लघुशंका करने चला गया इसी दौरान ड्राइवर सोनू मेरी उपरोक्त गाड़ी क्रेटा को लेकर फरार हो गया। जिसमे मेरे 81 लाख रूपये कैश,लैपटाप, मोबाइल आदि कागजात भी थे। इस सूचना पर थाना दादरी पर मुकदमा अपराध संख्या 358/2022 धारा 406 भादवि के तहत पंजीकृत होकर विवेचना प्रारम्भ की गयी। ड्राइवर द्वारा वादी का बदनियती से ले जाया गया माल बरामदगी करने व मुल्जिम की गिरफ्तारी करने हेतु एक टीम का उच्चधिकारियों द्वारा गठन किया गया। गुरुवार को थाना दादरी पुलिस को सूचना मिली कि ड्राइवर सोनू वादी की कार एवं माल सहित अपने रिश्तेदारों के साथ मथुरा की तरफ गया है जो वहाँ से भी कही लम्बा निकलने की फिराक मे है।

# दिल्ली के माननीय उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने पंजाबी बाग रिंग रोड पर ऑटोमेटेड पजल कार पार्किंग का शिलान्यास किया

## दिल्ली नगर निगम द्वारा 5000 वर्गमीटर में बनने जा रही पार्किंग में 225 कार हो सकेंगी पार्क

नई दिल्ली। दिल्ली के माननीय उपराज्यपाल श्री विनय कुमार सक्सेना ने कल दिल्ली नगर निगम द्वारा रिंग रोड, पंजाबी बाग (पंजाबी बाग़ क्लब के सामने) ऑटोमेटेड पजल कार पार्किंग का शिलान्यास किया। इस अवसर पर श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा माननीय सांसद पश्चिमी दिल्ली, श्री नरेश कुमार मुख्य सचिव दिल्ली सरकार, श्री अश्वनी कुमार विशेष अधिकारी दिल्ली नगर निगम,श्री ज्ञानेश भारती आयुक्त दिल्ली नगर निगम एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

इस नई पार्किंग का निर्माण होने के उपरांत साइट को भीड़-भाड़ और जाम की समस्या से काफी राहत मिलने की उम्मीद है।

दिल्ली नगर निगम द्वारा पंजाबी बाग़, रिंग रोड पर 5000 वर्गमीटर में बनाई जा रही ऑटोमेटेड पजल कार पार्किंग में कुल 225 गाडियां खड़ी हो सकेंगी। लगभग 31 करोड़ रुपए में बनने वाली यह पार्किंग एक साल में तैयार हो जायेगी। 14.5 मीटर ऊंचाई वाली इस पार्किंग में भूतल के अतिरिक्त 5 मंजिलें होंगी।

माननीय उपराज्यपाल महोदय ने कचरे से कंचन की अवधारणा पर निगम द्वारा बनाए गए भारत दर्शन पार्क का भी निरीक्षण किया। यह पार्क दिसंबर 2021 में नागरिकों को समर्पित कर दिया गया था। भारत दर्शन पार्क स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ पर्यटकों के लिए भी बड़ी तेजी से एक पसंदीदा मनोरंजक और शैक्षणिक गंतव्य के रूप में उभरा है।

भारत दर्शन पार्क भारत की विविधता को दर्शाता है तथा थोड़े ही समय में यह दिल्ली का प्रमुख पर्यटक स्थल बन गया है जहां पर सप्ताह के कार्यदिवसों में प्रतिदिन 3000 एवं सप्ताहांत में प्रतिदिन 10,000 पर्यटक आते हैं ।माननीय उपराज्यपाल श्री विनय कुमार सक्सेना भारत दर्शन पार्क के निरीक्षण के दौरान स्क्रैप से बने हुए गेटवे ऑफ़ इंडिया, वट वृक्ष, हवा महल,गोल गुम्बद,कुतुबमीनार,नालंदा मीनार,मीनाक्षी मंदिर, चारधाम,रामेश्वरम,जगन्नाथ पुरी, सांची स्तूप,विक्टोरिया मेमोरियल, हम्पी रथ, ताज महल और मैसूर पैलेस आदि की प्रतिकृतियां देखी।

निगम के अधिकारियों द्वारा उपराज्यपाल महोदय को भारत दर्शन पार्क के बारे में अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि यह पार्क 8.5 एकड़ में फैला है तथा इसे 350 टन स्क्रैप से 22 महीनों में बनाया गया। भारत दर्शन पार्क में 22 ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्मारकों की प्रतिकृतियां बनाई गई हैं।

## संपादकीय

# उत्तर प्रदेश में क्यों हो रहा तगड़ा निवेश

कोरोना काल के बाद जब निवेशक समाज बहुत सोच-समझकर और फूंक-फूंककर निवेश कर रहा है, तब उत्तर प्रदेश में 80 हजार करोड़ रुपये के निवेश का वादा हो चुका है। यह वादा किया है देश के प्रमुख उद्योग समूहों ने। इसके कई छुपे संदेश हैं। स्पष्ट है कि निवेशकों को आज के दिन उत्तर प्रदेश में निवेश करना लाभ का सौदा नजर आ रहा है। वर्ना कोई निवेशक घाटा खाने के लिए तो कभी भी निवेश करेगा नहीं। उन्हें लगता है कि उत्तर प्रदेश में निवेश करने से उन्हें बेहतर रिटर्न मिलेगा। पिछले कुछ हफ्ते पहले लखनऊ में हुए एक निवेशक सम्मेलन में हजारों करोड़ रुपए की परियोजनाएं धरातल पर उतरीं। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का खुद उपस्थित होना ही अहम था। निवेशक सम्मेलन में देश के नामी उद्योगपति गौतम अडानी, कुमार मंगलम बिड़ला, निरंजन हीरानंदानी सज्जन जिंदल आदि मौजूद थे।

देखिए उत्तर प्रदेश अपनी छवि तेजी से बदलता जा रहा है। पहले से उल्टा प्रदेश कहते थे आज इसे उत्तम प्रदेश कहा जा रहा है ढ्ढ अब आप राज्य के किसी भी भाग में हो आइये। आपको बेहतर सड़कें, साफ सुथरे चमकते बाजार, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्कूल वगैरह देखने को मिलेगा। कानून की व्यवस्था पूरी तरह सही है। उपद्रवी तत्वों को कसा जा रहा है। उनकी कमर तोड़ी जा रही है। यह देश ने कानपुर से लेकर प्रयाग तक में देख लिया। पत्थरबाजों की अक्ल ढंग से ठिकाने लगाई जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में निवेश करने वाले हर एक निवेशक के हितों को सुरक्षित रखने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। योगी जी ने निवेशकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा निवेशकों को हर संभव सहायता दी जाएगी। प्रदेश में न केवल निवेशकों का हित सुरक्षित होगा, बल्कि उन्हें हर प्रकार का संरक्षण और सहयोग भी प्राप्त होगा।

ध्यान रहे कि साल 2018 में हुए उत्तर प्रदेश निवेशक सम्मेलन में मात्र चार लाख 68 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव आए थे। इस बार निवेश के हिसाब से देखें, तो सर्वाधिक डेटा सेंटर के 19,928 करोड़ के सात, कृषि और उससे संबंधित उद्योग के 11,297 करोड़ के 275, आईटी और इलेक्ट्रानिक के 7,876 करोड़ के 26, इंफ्रास्ट्रक्चर के 6,632 करोड़ के 13 प्रोजेक्ट, मैन्यूफैक्चरिंग के 6,227 करोड़ के 27, हैंडलूम और टेक्सटाइल के 5,642 करोड़ के 46, अक्षय ऊर्जा के 4,782 करोड़ के 23, एमएसएमई के 4,459 करोड़ के 805, हाउसिंग और व्यवसायिक के 4,344 करोड़ के 19, हेल्थ केयर के 2,205 करोड़ के आठ, डिफेंस के 1,774 करोड़ के 23, वेयर हाउसिंग और लाजिस्टिक के 1,295 करोड़ के 26, एजूकेशन के 1183 करोड़ के छह, फार्मा और मेडिकल सप्लाई के 1088 करोड़ के 65, टूरिज्म और हास्पिटलिटी के 680 करोड़ के 23, डेयरी के 489 करोड़ के सात, पशुपालन के 224 करोड़ के छह और सौ करोड़ की लागत से फिल्म का एक प्रोजेक्ट आया है। बहुत साफ है कि उत्तर प्रदेश देश-दुनिया के निवेशकों को यह बताना चाहता है वे नोएडा, ग्रेटर नोएडा या कुछ अन्य शहरों से बाहर जाकर भी निवेश कर सकते हैं। नोएडा और ग्रेटर नोएडा आईटी, इलेक्ट्रानिक सामान और आटोमोबाइल सेक्टर के हब बन चुके हैं। ग्रेटर नोएडा में दक्षिण कोरिया की एलजी इलेक्ट्रानिक्स, मोजर बेयर, यमाहा, न्यू हालैंड ट्रेक्टर्स, वीडियोकॉन इंटरनेशनल, श्रीराम होंडा पॉवर इक्विमेंट तथा होंडा सिएल कारों का उत्पादन हो रहा है। ये सभी अपने-अपने क्षेत्रों की चोटी की कंपनियां हैं। ग्रेटर नोएडा में इलेक्ट्रानिक सामान का उत्पादन करने वाली इकाइयां काफी संख्या में की हैं। क्यों देखते-देखते नोएडा और ग्रेटर नोएडा बन गये प्रमुख मैन्यूफैक्चरिंग हब ? बेशक, इसकी वजहें बहुत साफ है। दरअसल बेहतर सड़क लिंक, चौबीस घंटे पानी की सप्लाई तथा यहां से देश के उत्तर, पूर्व तथा पश्चिम राज्यों के बाजारों में पहुंचने की सुविधा के चलते नोएडा और ग्रेटर नोएडा स्थापित हो गए। इस अलावा इन दोनों शहरों में श्रेष्ठ स्कूल, कॉलेज और अस्पताल भी बन चुके हैं।

# अब 'काली' के बहाने आस्था से खिलवाड़ !

मनोज कुमार अग्रवाल

देश में इन दिनों ऐसे लोगों का समूह सक्रिय है जो किसी न किसी तरह बहुसंख्यक हिन्दुओं की धार्मिक भावनाओं पर चोट पहुंचा कर नए विवाद खड़े करने की कोशिश में लगा हुआ है। येन केन प्रकरेण इन अरबन नक्सली विचारधारा टाइप के लोग अपने तरीके से अभिव्यक्ति की आजादी की आड़ लेकर हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं पर चोट कर चर्चा में आने, प्रचार पाने और तीखी प्रतिक्रिया होने पर सरकार को बदनाम करने की जुगत में साजिश तैयार करने में लगे रहते हैं। नया विवाद एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म %काली% के पोस्टर से पैदा किया जा रहा है। यह विवाद पिछले दो दिन मे विवाद बढ़ता जा रहा है। जिसके कारण फिल्म काली अब नई मुसीबतों में फंसती हुई नजर आ रही है. फिल्ममेकर लीना मणिमेकलई की डॉक्यूमेंट्री फिल्म के पोस्टर में मां काली को सिगरेट पीते दिखाया गया था. इसके साथ ही उनके एक हाथ में एलजीबीटी ( लेस्बियन) समुदाय का सतरंगा झंडा भी दिखाया गया है । विवादित पोस्टर पर बड़ा बवाल खड़ा हो गया है और अब मामला पुलिस तक पहुंच गया है। इसको लेकर दिल्ली और यूपी में अलग-अलग धाराओं में केस दर्ज किया गया है ।वहीं काली के पोस्टर को लेकर जारीइसविवादमेंटीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने एकआपत्तिजनकबयानदेकरआगमेंघीडालदियाहै ।मोइत्राने कहा कि काली के कई रूप हैं, मेरे लिए काली का मतलब मांस और शराब स्वीकार करने वाली देवी है। इतना ही नहीं उन्होंने आगे कहा कि मैं मरते दम तक अपने बयान डटी रहूंगी। मैं ऐसे भारत में नहीं रहना चाहती, जहां सिर्फ भाजपा का पितृसत्तात्मक ब्राह्मणवादी दृष्टिकोण हावी रहेगा और बाकी लोग धर्म के इर्द-गिर्द घूमते रहेंगे। इस बयान के बाद मोइत्रे के खिलाफ कई प्राथमिकी दर्ज करायी गयी हैं। इन पर अपनी गलती के लिए खेद व्यक्त करना तो दूर मोइत्रे ने कहा है कि जो होगा देखा जाएगा।

वह कई एफआईआर दर्ज होने के बाद भी अपने बयान से पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। देश में धार्मिक आस्थाविश्वासवभावनाओं कोठेसपहुंचाने केमामले बढ़ते ही जा रहे हैं। फिल्म काली के पोस्टर में देवी काली की फोटो को लेकर बढ़ते विवाद को लेकर लखनऊ में भी फिल्म के निर्माता लीना मणिमेकलई के साथ तीन अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया गया है ।इस डाक्यूमेंट्री फिल्म के निर्माता तथा तीन अन्य के खिलाफ लखनऊ की हजरतगंज कोतवाली में हिंदू आस्था को आहत करने और संगीन अपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। लखनऊ में अधिवक्ता वेद प्रकाश शुक्ला ने यह रिपोर्ट दर्ज कराई है। शुक्ला ने केस दर्ज कराने के साथ ही फिल्म निर्माता लीना मणिमेकलई को तत्काल ही गिरफ्तार करने की मांग की है। मां काली फिल्म के पोस्टर में सिगरेट पीते देखकर लोग भड़क उठे। लीना पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप भी लगाया जा रहा है। लखनऊ सिविल कोर्ट के अधिवक्ता वेद प्रकाश शुक्ला ने फिल्म के निर्माता लीना मणिमेकलई, एशोसियेट प्रोड्यूसर और एडिटर श्रवण ओनाचन के खिलाफ हजरतगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है ।इस से हिन्दू समाज के लोगों में आक्रोश है। यह धर्म का अपमान है। इससे कोई भी अप्रिय घटना भी हो सकती है, क्योंकि हिंदू आस्था का मजाक उड़ाया गया है। हिंदू देवी को अत्यंत विदुपित ठंग से प्रस्तुत किया गया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि वायरल पोस्टर के आधार पर फिल्म काली के निर्माता निर्देशक, एशोसिएट प्रोड्यूसर आशा ओनाचन, एडिटर श्रवण के खिलाफ मुकदमा धार्मिक भावनाएं भड़काने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। फिल्म का पोस्टर और वायरल ट्वीट को की फोटो और साक्ष्य लेकर मामले की जांच की जा रही है।

# बहुसंख्य समाज अपमान के घूंट कब तक पीता रहेगा?



ललित गर्ग

हमारे देश के कुछ समूहों, वर्गों, राजनीतिक-गैर राजनीतिक संगठनों एवं सम्प्रदायों में राष्ट्रवाद का अभाव ही अनेक समस्याओं की जड़ है। इसी से धार्मिक उन्माद बढ़ रहा है, इसी से कभी नुपूर शर्मा तो कभी महुआ मोइत्रा के बयानों पर विवाद खड़े हो रहे हैं। डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'काली' के पोस्टर में मां काली को सिगरेट पीते हुए दिखाकर एक धर्म-विशेष की भावनाओं को आहत करने की कुचेष्टा भी इसी राष्ट्रभावना के अभाव का परिणाम है। अक्सर हिन्दू देवी-देवताओं का उपयोग दुर्भावना से करते हुए उन्हें स्मोक करते हुए दिखाना हो या मांसाहार के प्रचार के रूप में उनका उपयोग किया जाना हो। कभी चप्पलों तक में उनकी तस्वीरों का इस्तेमाल किया जाता रहा है। कभी टी-शर्ट तो कभी महिलाओं के वस्त्रों में उनका उपयोग भद्दे, घटिया एवं सिद्धान्तहीन लाभ एवं धर्म-विशेष की आस्था को आहत करने की भावना से होता रहा है। प्रश्न है कि सहिष्णु धर्म विशेष कब तक ऐसे हमलों को सहता रहेगा ? कब तक 'सर्वधर्म समभाव' के नाम पर बहुसंख्य समाज ऐसे अपमान के घूंट पीता रहेगा ? समूचे देश में एक वर्ग-विशेष में बढ़ रहे धार्मिक उन्माद पर तुरन्त नियन्त्रण किये जाने की जरूरत है क्योंकि अभी यदि इसे नियंत्रित नहीं किया गया तो उसके भयंकर परिणाम हो सकते हैं जिनसे राष्ट्रीय एकता को ही गंभीर खतरा पैदा हो सकता है।

नुपूर शर्मा के बयान को आधार बनाकर उदयपुर एवं अमरावती में जिस तरह से दो व्यक्तियों का गला रेत कर हत्या करके समूचे देश को डराने एवं धमकाने की कोशिशें की गयी हैं, इन निन्दनीय एवं त्रासद घटनाओं पर गहन मंथन किये जाने की जरूरत है। नुपूर शर्मा ने जो कहा और जिसे लेकर देश-दुनिया में जो हंगामा बरपा, जो विवाद खड़े किये गये, वह उन्होंने भगवान शिव के अनादर के प्रतिकार में कहा। इसे हम देश-दुनिया के समक्ष सही एवं तथ्यपरक तरीके से स्पष्ट नहीं कर सके और इसीलिये कई इस्लामी देशों ने हमें आंख दिखाई। हम यह भी नहीं बता पाये कि शिवलिंग को लेकर कैसी भद्दी, अपमानजनक एवं घटिया टिप्पणियां की गई और किस तरह उनका उपहास उड़ाया गया। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण तो यह है कि देश की प्रमुख दरगाह अजमेर शरीफ के जिम्मेदार खादिमों ने सच्चाई को जानते हुए जानबूझकर भड़काऊ एवं उन्मादी भाषणों से आग में घी डालने का काम किया। ख्वाजा चिश्ती की दरगाह पर मुसलमानों से ज्यादा हिन्दू जाते हैं और चादर चढ़ाते हैं। इस स्थान को भारत की मिली- जुली संस्कृति का प्रतीक माना जाता है। उसी दरगाह के एक खादिम के हिंसक एवं उन्मादी विचार हैं तो क्या हिन्दू हाथ पर हाथ धरे देखते रहेंगे ?

नूपुर शर्मा के विरोध में निकाले गये मुस्लिम समुदाय के जुलूसों में 'सर तन से जुदा' के नारे लगाना पूरी तरह संविधान का उल्लंघन था और आम मुसलमान को हिंसा के लिए प्रेरित करने वाला था। इसका प्रतिकार उसी समय यदि मुस्लिम उलेमाओं व दारुल उलूम जैसी संस्थाओं द्वारा किया जाता तो न उदयपुर में कन्हैयालाल का कत्ल होता और न ही अमरावती में उमेश कोल्हे को मौत के घाट उतारा जाता। सवाल सिर्फ संविधान का पालन करने का था। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण तो अजमेर शरीफ की दरगाह का खादिम सलमान चिश्ती का वीडियो है जिसमें वह मुसलमानों को भड़काते हुए कहता है कि जो कोई भी नूपुर शर्मा का सिर लायेगा उसे इनाम में वह अपना घर दे देगा। यह बयान स्पष्ट करता है कि मुसलमानों के दिलों में कितना जहर भरा जा रहा है, उन्हें हिंसा एवं उन्माद के लिये कितना उकसाया जाता है। यह कैसी धार्मिकता है ? यदि गौर से देखा जाये तो यह सब तालिबानी मानसिकता का ही एक स्वरूप है। यह मानसिकता मानवीयता को रौंधते हुए केवल कट्टरवादी सोच को विकसित करती है।





देश में अनेक राजनीति एवं गैर-राजनीतिक स्वार्थों से प्रेरित अराष्ट्रवादी एवं अराजक शक्तियां भी हैं जो देश की एकता, शांति एवं अमन-चैन को छिनने के लिये तत्पर रहती है, ऐसी ही शक्तियों में डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'काली' की प्रोड्यूसर लीना मणिमेकलाई एवं तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा है, जो असंख्य श्रद्धालुओं की केन्द्र मां काली को स्मोक करते हुए जारी किये गये विवादास्पद पोस्टर के नाम पर देश की शांति को भंग करने पर तूली है। जिस पर कांग्रेस का एक वर्ग समर्थन कर रहा है तो दूसरी ओर कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने सबसे सम्मानित देवी में से एक के दृश्य प्रदर्शन पर आयोजकों को कई बार सोचना की सलाह दी है। उन्होंने कहा,''मैं मानता हूं कि एक संतुलन बनाए रखा जाना चाहिए कि प्रतीकों, हमारी आस्था का सार, हमारी संस्कृति के दिल और आत्मा को कोई भी, कहीं भी तुच्छ नहीं बना सकता।' दरअसल, इस भद्दे तरीके से मां काली को सिगरेट पीते हुए दिखाया जाये और विरोध में हिंदू संगठन सक्रिय न हो, यह कैसे संभव है ?

आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए बीते 75 सालों में हमें जहां पहुंचना था, वहां न पहुंच कर उस जगह पहुंच गये जहां राष्ट्रवाद ही धुंधला हो गया है। विविधता में एकता एवं वसुधैव कुटुम्बकम की विचारधारा के नाम पर यहां की बहुसंख्य आबादी को ही हमेशा झुकना पड़ा, उनका ही शोषण हुआ, फिर भी यह बहुसंख्य आबादी अनेक आघातों को सहकर भी अपनी सांझा-संस्कृति की सुरक्षा के लिये हर तरह का त्याग किया, बलिदान दिया। इसके लिये ही हमने जिस धर्मनिरपेक्षता को स्वीकारा उसका मतलब किसी भी मजहब के लोगों का तुष्टीकरण नहीं था बल्कि प्रत्येक धर्म को एक समान दृष्टि से देखना था। चूंकि यह देश हिन्दू बहुल है अत: स्वयं को हिन्दू कहने वाले नागरिकों को ही सर्वप्रथम यह विचार करना होगा कि उनके धर्म में कट्टरता का प्रवेश किसी सूरत से न हो सके और उनकी सनातन संस्कृति सुरक्षित रहे। परन्तु दूसरी तरफ देश का सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समुदाय माने जाने वाले मुसलमान नागरिकों को भी यह विचार करना होगा कि वे उस हिन्दुस्तान के नागरिक हैं जिसकी संस्कृति में ही आपसी प्रेम और भाईचारा घुला हुआ है। हर मुसलमान को राष्ट्रवादी तो बनना ही होगा। यह राष्ट्रवाद की लगाम निरपेक्ष रूप से कसी जानी चाहिए जिससे प्रत्येक धर्म के अनुयायी नागरिक की पहली पहचान 'भारतीय' ही हो सके। लेकिन मुस्लिम जन-मानस ने इसे क्रियारूप में स्वीकारा नहीं। हमारे 卐सर्वधर्म समभाव卐 का तात्पर्य सब धर्मों के अस्तित्व को एक समान दर्जा व आदर भाव देने का एक भावात्मक प्रयास किया है।

पर इस सद्भावना के नाम पर हिन्दू कब तक छला जायेगा, आहत होगा। धर्मनिरपेक्षता अथवा उसके लिए चाहे जो अन्य शब्द का प्रयोग करें, विभिन्न धर्मों, संस्कृति और परम्पराओं की विविधता के बावजूद भारत को जो एक रखती आई है, कट्टरपंथियों ने इसकी मूलभूत भावना को विद्रूप कर दिया। परन्तु समस्या का समाधान उसका विकल्प खोजने में नहीं अपितु पुन: अर्जित करने में है।

आज समाज का सारा नक्शा बदल रहा है। परस्पर समभाव या सद्भाव केवल अब शिक्षा देने तक रह गया है। हो सकता है भीतर ही भीतर कुछ घटित हो रहा है। ये हालात जो सामने आ रहे हैं, वे आजादी के पहले से ही अन्दर ही अन्दर पनप रहे थे। राष्ट्र जिन डाटों के सहारे सुरक्षित था, लगता है उनको हमारे नेताओं की वोट नीति, कट्टरवादियों की उन्मादी सोच व अवांछनीय तत्वों ने खोल दिया है। धर्म तो पवित्र चीज है। इसके प्रति श्रद्धा हो। अवश्य होनी चाहिए। पूर्ण रूप से होनी चाहिए। परन्तु धर्म की जब तक अन्धविश्वास से मुक्ति नहीं होगी तब तक वास्तविक धर्म का जन्म नहीं होगा। धर्म विश्वास में नहीं, विवेक में है। अन्यथा अन्धविश्वास का फायदा राजनीतिज्ञ, जिहादी-उन्मादी, आतंकवादी एवं पडोसी देश उठाते रहेंगे। संविधान निर्माताओं ने धर्मनिरपेक्ष का शब्दार्थ कुछ भी किया हो, सकारात्मक या नकारात्मक, पर अगर देश को एक बनाए रखना है, साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखना है, तो सभी धर्मावलम्बियों को दूसरे धर्म के प्रति आदर भाव रखना होगा। अन्यथा स्वयं को बहुसंख्यक बनाने की होड के बहाने चेहरे बदलते रहेंगे, झण्डे बदलते रहेंगे, नारे बदलते रहेंगे, परिभाषाएं बदलती रहेंगी, मन नहीं बदल सकेंगे। 'सर्वधर्म समभाव' भारत की रगों में बहता है। परन्तु यह भी इसी देश का दुर्भाग्य है कि पिछली सदी में इसमें 'मुस्लिम लीग' जैसी संकीर्ण राजनीतिक सोच का जन्म हुआ और इसका नेता मुहम्मद अली जिन्ना बना जिसने भारत के ही मुसलमानों के लिए अलग मुल्क पाकिस्तान का निर्माण लाखों लोगों की लाशों पर कराया। निश्चित रूप से ऐसा केवल मुसलमानों को धर्मोन्मादी या कट्टर बना कर किया गया।

अत: आज सबसे प्रमुख प्रश्न यह है कि जो मुस्लिम खादिम, मुस्लिम नेता, उलेमा या धर्मोपदेशक मुसलमानों में कट्टरता भरना चाहते हैं उन्हें संविधान के दायरे में लाकर सुधारा जाये। कानून केवल हिन्दुओं के लिये ही नहीं, मुसलमानों के लिये कठोरता से लागू किये जाये।

# सोशल मीडिया की वजह से खड़ा हो रहा है बेवजह का हंगामा

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

यूरोपीय संघ की संसद ने दो ऐसे कानून पारित किए हैं, जिनके तहत गूगल, एमेजान, एप्पल, फेसबुक और माइक्रोसॉफ्ट जैसे कंपनियां यदि अपने मंचों से मर्यादा भंग करें तो उनकी कुल सालाना आय की 10 प्रतिशत राशि तक का जुर्माना उन पर ठोका जा सकता है।

सोशल मीडिया की प्रसिद्ध कंपनी, ट्विटर, ने यह कहकर अदालत की शरण ली है कि भारत सरकार अपने अधिकारों का दुरुपयोग कर रही है, क्योंकि वह चाहती है कि ट्विटर पर जाने वाले कई संदेशों को रोक दिया जाए या हटा दिया जाए। उसने गत वर्ष किसान आंदोलन के दौरान जब ऐसी मांग की थी, तब कई संदेशों को हटा लिया गया था। लेकिन ट्विटर ने कई नेताओं और पत्रकारों के बयानों को हटाने से मना कर दिया था। जून 2022 में सरकार ने फिर कुछ संदेशों को लेकर उसी तरह के आदेश जारी किए हैं लेकिन अभी यह ठीक-ठीक





पता नहीं चला है कि वे आपत्तिजनक संदेश कौन-कौन से हैं ?

क्या वे न्यायाधीशों की मनमानी टिप्पणियां हैं या नेताओं के निरंकुश बयान हैं या साधारण लोगों के अनाप-शनाप अभिमत हैं ? सरकारी आपत्तियों को ट्विटर कंपनी ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन बताया है। उसका कहना है कि ज्यादातर आपत्तियां विपक्षी नेताओं के बयानों पर हैं। केंद्रीय सूचना तकनीक मंत्री अश्विनी वैष्णव का कहना है कि सरकार ऐसे सब संदेशों को हटवाना चाहती है, जो समाज में बैर-भाव फैलाते हैं, लोगों में गलतफहमियां फैलाते हैं और उन्हें हिंसा के लिए भड़काते हैं। पता नहीं कर्नाटक का उच्च न्यायालय इस मामले में क्या फैसला देगा लेकिन सैद्धांतिक तौर पर वैष्णव की बात सही लगती है परंतु असली प्रश्न यह है कि सरकार अकेली कैसे तय करेगी कि कौन-सा संदेश सही है और कौन-सा गलत ?

अफसरों की एक समिति को यह अधिकार दिया गया है लेकिन ऐसे कितने अफसर हैं, जो मंत्रियों के निर्देशों को स्वविवेक की तुला पर तोलने की हिम्मत रखते हैं ? इस बात की पूरी संभावना है कि वे हर संदेश की निष्पक्ष जांच करेंगे लेकिन अंतिम फैसला करने का अधिकार उसी कमेटी को होना चाहिए, जिस पर पक्ष और विपक्ष, सबको भरोसा हो।

इसमें शक नहीं है कि सामाजिक मीडिया जहां सारे विश्व के लोगों के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध हुआ है, वहीं उसके निरंकुश संदेशों ने बड़े-बड़े कोहराम भी मचाए हैं। आजकल भारत में चल रहा पैगंबर-विवाद और हत्याकांड उसी के वजह से हुए हैं। जरूरी यह है कि समस्त इंटरनेट संदेशों और टीवी चैनलों पर कड़ी निगरानी रखी जाए ताकि लक्ष्मण-रेखा का उल्लंघन कोई भी नहीं कर सके।

सामाजिक मीडिया और टीवी चैनलों पर चलने वाले अमर्यादित संदेशों की वजह से आज भारत जितना परेशान है, उससे कहीं ज्यादा यूरोप उद्वेलित है। इसीलिए यूरोपीय संघ की संसद ने कल ही दो ऐसे कानून पारित किए हैं, जिनके तहत गूगल, एमेजान, एप्पल, फेसबुक और माइक्रोसॉफ्ट जैसे कंपनियां यदि अपने मंचों से मर्यादा भंग करें तो उनकी कुल सालाना आय की 10 प्रतिशत राशि तक का जुर्माना उन पर ठोका जा सकता है।

यूरोपीय संघ के कानून उन सब उल्लंघनों पर लागू होंगे, जो धर्म, रंग, जाति और राजनीति आदि को लेकर होते हैं। भारत सरकार को भी चाहिए कि वह इससे भी सख्त कानून बनाए लेकिन उसे लागू करने की व्यवस्था ठीक से करे।

# युवाओं को गुस्सा क्यों आता है

अग्निपथ के ऐलान के बाद युवा नाराजगी आखिर क्यों भड़की, रोजगार के अवसरों की तलाश में परेशान युवाओं को शायद सेना की भर्ती की आखिरी आस भी टूटी कवि हरिवंश राय बच्चन ने भी शायद ही यह सोचा होगा कि उनकी एक कविता के कुछ शब्द वाकई ज्वाला धधकाने लगेंगे। राम जाने किन्हें सेना में रुकी भर्ती को शुरू करने की योजना को अग्निपथ और उसके तहत भर्ती जवानों को अग्निवीर कहने का ख्याल आया होगा। जाहिर है, यह मार्केटिंग का फंडा ज्यादा लगता है, क्योंकि अब तक के जवान जान की बाजी न लगाते हों, लड़ाई में आग से न खेलते होंगे, शायद ही कोई ऐसा सोच सकता है। बेशक, यह तो शायद ही सोचा गया होगा कि नया नामकरण वाकई देश भर में गुस्से के शोलों को हवा दे देगा। दो साल और पिछली बार भर्ती प्रक्रिया के लंबित नतीजों को जोड़ लें तो तीन से ज्यादा साल से रुकी भर्ती प्रक्रिया का ऐलान आपदा में अवसर के अंदाज में किया गया तो जैसे इन तमाम वर्षों में भर्ती की तैयारी कर रहे नौजवानों के धैर्य का बांध टूट गया। 19 जून को साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में एडिशनल सेक्रेटरी (सैन्य मामलों के विभाग) लेफ्टिनेंट जनरल अनिल पुरी ने यही बताया कि लंबे समय से लंबित सुधार-प्रक्रिया के लिए कोरोना ने मौका मुहैया करा दिया। हालांकि पूर्व नौसेना प्रमुख एडमिरल अरुण प्रकाश ने अपने ताजा लेख में लिखा, देश की उत्तरी और पश्चिमी सीमा पर खतरनाक सुरक्षा हालात के साथ-साथ जारी घरेलू तनावों के मद्देनजर सशस्त्र बलों को बुनियादी और गैर-आजमाई नई भर्ती प्रक्रिया के झंझावात में झोंकने का यह सही वक्त नहीं है, जो पहले ही जवानों की कमी से जूझ रहे हैं। यह माकूल वक्त नहीं हो सकता है, ऐसी राय कुछ और पूर्व सैन्य अधिकारियों ने भी जाहिर की है। एडमिरल अरुण प्रकाश का कहना है, आदर्श स्थिति तो यह होती कि रेगुलर या टेरिटोरियल आर्मी की कुछ यूनिट को ऐसी योजना के परीक्षण के लिए चुना जाता और उसके नतीजों का आकलन किया जाता। यानी पहले इसे पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर अमल में लाया जाता।

# अखिल भारतीय शिक्षा समागम 7-9 जुलाई 2022 - शिक्षा का महाकुंभ



नई शिक्षा नीति 2020/ राष्ट्रीय शिक्षा नीति जब 29जुलाई 2020 से शिक्षा के स्तर में सुधार के उद्देश्य से लाभार्थी सभी छात्र छात्राओंके लिए यह केंद्रीययोजना जब लागू की गई तो इसका 2030 तक सकल नामांकन अनुपात 100 फ़ीसदी लाने का लक्ष्य रखा गया था तथा शिक्षा हेतु पर सकल घरेलू उत्पाद के 6 फ़ीसदी का सार्वजनिक व्यय का लक्ष्य रखा गया था और मानव संसाधन प्रबंधन मंत्रालय का नाम बदलकर शिक्षा मंत्रालय कर दिया गया था। इसमें पांचवी कक्षा तक शिक्षा में मातृभाषा/स्थानीय क्षेत्रीय भाषा को अपनाने पर बल दिया गया था तथा मातृभाषा को कक्षा आठ और आगे की शिक्षा तक प्राथमिकता देने का सुझाव भी दिया गया था तथा देश भर के उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए भारतीय उच्च शिक्षा परिषद यह एकल नियामक की परिकल्पना की गई थी,परंतु मीडिया में आई जानकारी के अनुसार चूंकि देश के उच्च शैक्षणिक पारिस्थितिक तंत्र का केंद्र, राज्यों, निजी संस्थानों में विस्तृत व्यापक स्तर पर आवंटन और नियंत्रण है इसीलिए नई शिक्षा नीति 2020 को व्यापक प्रचार, बल मिलने के में कठिनाई महसूस की जा रही थी इसीलिए ही इसे व्यापक बनानेके लिए अखिल भारतीय शिक्षा समागम/ शिखर सम्मेलन की सोच का उदय हुआ जिसपर आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम 7 से 9 जुलाई 2022 तक चल रहे इस समागम की करें तो पीआईबी के अनुसार, यह शिखर सम्मेलन राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 को लागू करने में रणनीतियों, सफलता की कहानियों और सर्वोत्तम प्रथाओं पर चर्चा, विचार-विमर्श और अंतर्दृष्टि साझा करने के लिए अग्रणी भारतीय उच्च शैक्षणिक संस्थानों के लिए एक मंच प्रदान करेगा। कई विश्वविद्यालय पहले ही इस कार्यक्रम को अपना चुके हैं, लेकिन अभी भी बहुत से ऐसे हैं जिनके लिए इन परिवर्तनों को अपनाना और उनके अनुकूल होना बाकी है। चूंकि देश में उच्च शैक्षिक पारिस्थितिकी तंत्र केंद्र, राज्यों और निजी संस्थाओं तक फैला हुआ है, इसलिए नीति कार्यान्वयन को और आगे ले जाने के लिए व्यापक परामर्श की आवश्यकता है। परामर्श की यह प्रक्रिया क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर चल रही है। माननीय पीएम ने पिछले महीने हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में मुख्य सचिवों के एक सेमिनार को संबोधित किया था जहां राज्यों ने इस मुद्दे पर अपनी अंतर्दृष्टि साझा की। इस संबंध में परामर्शों की श्रृंखला में यह शिक्षा समागम की अगली कड़ी है।

साथियों बात अगर हम इस समागम के उद्देश्यों की करें तो, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के सहयोग से शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित इस तीन दिवसीय सम्मेलन में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के विश्वविद्यालयों के 300 से अधिक कुलपतियों और निदेशकों, शिक्षाविदों, नीति निर्माताओं के साथ-साथ उद्योग के प्रतिनिधियों को भी यह विचार-विमर्श करने के लिए एक साथ एक मंच पर लाएगा कि पिछले दो वर्षों में कई पहलों के सफल कार्यान्वयन के बाद देश भर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के कार्यान्वयन को कैसे और आगे बढ़ाया जा सकता है।

यूजीसी के अध्यक्ष नें मीडिया में बताया कि समागम में 2020 की नई शिक्षा नीति पर विस्तार से चर्चा की जाएगी इस दौरान विद्वान अपने-अपने विचारों को रखेंगे,इसके साथ ही प्राचीनता के समागम को कैसे आधुनिक शिक्षा से जोड़ा जाए, इस विषय पर भी चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस सत्र में नई शिक्षा नीति के तमाम बिंदुओं के साथ आधुनिक शिक्षा पर भी जोर दिया जाएगा। डिजिटल यूनिवर्सिटी पर चर्चा की जाएगी। मंथन होगा कि मेरिट के अभाव में विद्यार्थी को कैसे इसमें एडमिशन मिल सकेगा। डिजिटल यूनिवर्सिटी विद्यार्थियों की समस्याओं को दूर करेगी। डिजिटल यूनिवर्सिटी शिक्षकों के साथ-साथ विद्यार्थियों के लिए काफी लाभदायक होगी।

साथियों बात अगर हम तीन दिनों तक चलने वाले इस समागम में कई सत्रों में चल रही चर्चा की करें तो, कई सत्रों में बहु-विषयक और समग्र शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार, भारतीय ज्ञान प्रणाली, शिक्षा का अंतर्राष्ट्रीयकरण, डिजिटल सशक्तिकरण तथा ऑनलाइन शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता, गुणवत्ता, रैंकिंग और प्रत्यायन, समान और समावेशी शिक्षा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शिक्षकों की क्षमता निर्माण जैसे विषयों पर चर्चा हो रही हैं ।इस शिखर सम्मेलन से विचारोत्तेजक चचाओं के लिए एक ऐसा मंच मिल सकने की उम्मीद है जो कार्ययोजना और कार्यान्वयन रणनीतियों को स्पष्ट करने के अलावा ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देगा और अंत विषय विचारविमर्श के माध्यम से एक नेटवर्क का निर्माण करने के साथ-साथ शैक्षिक संस्थानों के सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा करेगा और उचित समाधानों को स्पष्ट करेगा। अखिल भारतीय शिक्षा समागम का मुख्य आकर्षण उच्च शिक्षा पर वाराणसी घोषणा को स्वीकार करना होगा जो उच्च शिक्षा प्रणाली के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने के लिए भारत की विस्तारित दृष्टिकृत और नए सिरे से उसकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करेगा।

शिक्षा मंत्रालय ने यूजीसीऔर अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के साथ मिलकर कई नीतिगत पहलों को शुरू किया है। इनमें अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट, मल्टीपल एंट्री एग्जिट, उच्च शिक्षा में बहु अनुशासन और लचीलापन, ऑनलाइन और ओपन डिस्टेंस लर्निंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विनियम, वैश्विक मानकों के साथ इसे और अधिक समावेशी बनाने के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचे को संशोधित करने, बहुभाषी शिक्षा को बढ़ावा देने तथा भारतीय ज्ञान प्रणाली को बढ़ावा देने और दोनों को शैक्षिक पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने, कौशल शिक्षा को मुख्य धारा में लाने एवं आजीवन सीखने को बढ़ावा देने जैसी पहल शामिल हैं।

## तेज बहुत तेज ....

और मैं अभी चलना सीख रही थी
प्रतिपल ही वो मुझकों हरा रहा था
वह केवल विजय दिशा की ओर था
और मुड़ कर वह मुझे मुख चिढ़ा रहा था ।
बड़ी ही निष्ठुरता से ....अपने अभिमान में मुझको पीछे बहुत ही पीछे छोड़ जा रहा था ।

परन्तु वास्तविकता तो कुछ और ही थी वो तो अपनी नियत गति में था
और मैं जड़ हो रही थी ।

भान था मुझको उसकी चाल का,हाय मैं मूरख !
आंखे मूंद आहटें ही सुन विपरीत दिशाओं में कदम बढ़ा रही थी ।

सब कुछ खोने और पाने की जिम्मेदारी ,जो मेरी हैं उसके कांधो पर सौप ,क्षणिक आनंदित हो रही थी बिन हाथों को थामे उसके ख्वाबों के पलछिन चाह रही थी ।

वह मुझें प्रतिपल सीखा रहा था
निरन्तरता जीवन की ओर ...
और मैं अपनी दिशाहीन मेहनत के गुणगान गा रही थी ।समय बहुत ही तेज गति में दौड़ रहा था ।

नई दिल्ली
शुक्रवार 08 जूलाई 2022
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### लखनऊ के सेंटिनियल स्कूल पर कब्जा

**लखनऊ।** लखनऊ के कैसरबाग स्थित सेंटिनियल स्कूल का गेट न खुलने पर शिक्षकों ने गेट के बाहर दरी बिछा कर पढ़ाई शुरू कर दी। हालांकि तेज धूप और गर्मी के चलते कई बच्चों की तबीयत बिगड़ने पर करीब साढ़े 10 बजे कक्षा पढ़ाई बंद कर दी। वहीं स्कूल में अवैध कब्जा करने वालों ने गेट नहीं खोला। शिक्षा विभाग के अफसर भी नहीं पहुंचे। शिक्षकों ने सूचना भेजी थी। इसके बावजूद स्कूल को नहीं खुलवाया गया। बच्चों की पढ़ाई पिछड़ने की वजह से स्कूल के प्रधानाचार्य और शिक्षक आगे आए। अब वह स्कूल के सामने नियमित बच्चों को पढ़ाएंगे। पहले दिन करीब 70 बच्चे स्कूल आए। जिन्हें गेट के सामने दरी में बैठाया। बोर्ड लगाकर बारी बारी से सभी शिक्षकों ने बच्चों को पढ़ाया। शिक्षक स्वप्निल वाटसन बताते हैं कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होगा। वैसे एक हफ्ता से बच्चों की पढ़ाई नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि स्कूल के कुछ शिक्षकों की मिलीभगत से सेंटिनियल स्कूल में कुछ माफियाओं ने कब्जा कर लिया है। एफआईआर और उच्च अधिकारियों को जानकारी है। फिर भी स्कूल को कोई नहीं खुलवा रहा है। उन्होंने ने बताया कि गर्मी की वजह से देर तक बच्चों को नहीं पढ़ाया जा सका। कई बच्चों को गर्मी से सिर दर्द और चक्कर लगने पर पढ़ाई बन्द करनी पड़ी।

### बच्चे की हत्या, पड़ोस के मकान में मिला शव

झांसी। उत्तर प्रदेश में झांसी के लहरचूरा थानाक्षेत्र में एक दस साल के बच्चे की हत्या कर दी गयी है। बच्चे का शव पड़ोस के कच्चे मकान से बरामद किया गया है। पुलिस ने गुरूवार को बताया कि लहरचूरा थानाक्षेत्र के खंदरका गांव निवासी संतराम के गुरूवार सुबह से लापता दस वर्षीय पुत्र सुमित का शव देर रात पड़ोस के कच्चे मकान से बरामद किया। संतराम ने बताया कि वह सुबह खेत पर चला गया और कुछ देर बाद उसकी पत्नी भी मजदूरी के लिए निकल गयी उस समय सुमित घर के बाहर ही खेल रहा था। शाम को जब दोनों घर लौटे तो सुमित कहीं नही दिखा आसपास पूछने पर भी कुछ पता नहीं चला। इसके बाद परिजनों ने 112 नंबर पर और लहरचूरा थाना पुलिस को सुमित की गुमशुदगी की सूचना दी गयी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची इस बीच संतराम के पड़ोसी ने बताया कि सुमित का शव उसके कच्चे मकान में पड़ा है। घटना की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) शिवहरि मीणा फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को बरामद किया तथा जांच शुरू की। एसएसपी ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और न्याय का भरोसा दिलाया। श्री मीणा ने दोषी की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया और धरपकड़ के तीन टीमों का गठन भी कर दिया। इस बीच उन्होंने घटना का अनावरण होने तक शांति बनाये रखने की गांव वालों से अपील की।

### बालक की हत्या मामले में पांच से पूछताछ जारी

झांसी। उत्तर प्रदेश में झांसी के लहरचूरा थानाक्षेत्र में एक दस साल के बच्चे की हत्या कर दी गयी है। बच्चे का शव पड़ोस के कच्चे मकान से बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक-देहात (एसपी-आरए) नैपाल सिंह ने गुरूवार को बताया कि लहरचूरा थानाक्षेत्र के खंदरका गांव निवासी संतराम के बुधवार सुबह से लापता दस वर्षीय पुत्र सुमित का शव देर रात पड़ोस के कच्चे मकान से बरामद किया। मामले की सूचना मिलते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक(एसएसपी) शिवहरिमीणा अन्य अधिकारियों एवं थाना पुलिस के साथ साथ फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने मौका मुआयना किया। घटना स्थल फोरेंसिक टीम भी पहुंची और साक्ष्य एकत्र किये। इस मामले में एसएसपी ने जल्द से जल्द खुलासे के लिए तीन टीमों को गठन भी किया। फिलहाल इस मामले में पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ जारी है। बताया जा रहा है कि संतराम सुबह खेत पर चला गया और कुछ देर बाद उसकी पत्नी भी मजदूरी के लिए निकल गयी उस समय सुमित घर के बाहर ही खेल रहा था। शाम को जब दोनों घर लौटे तो सुमित कहीं नही दिखा आसपास पूछने पर भी कुछ पता नहीं चला। इसके बाद परिजनों ने 112 नंबर पर और लहरचूरा थाना पुलिस को सुमित की गुमशुदगी की सूचना दी गयी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची इस बीच संतराम के पड़ोसी ने बताया कि सुमित का शव उसके कच्चे मकान में पड़ा है।

### बांदा में किशोरी के साथ रेप का प्रयास

बांदा। बांदा में किशोरी ने गांव के ही एक युवक पर घर के अंदर ले जाकर छेड़खानी करने और रेप का प्रयास करने का आरोप लगाया है। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत की लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। बाद में पीड़िता ने एसपी के पास पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। जिले के बदौसा थाना अंतर्गत एक गांव निवासी किशोरी(13) ने बताया कि वो हैंडपंप पर गई थी। तभी गांव का ही रहने वाला युवक वहां आ पहुंचा। वो किशोरी को उठाकर जबरन अपने घर में ले गया। वहां वह उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। बच्ची का मां जब घर से बाहर आई तो उसे बच्ची नजर नहीं आई। जिसके बाद उसने उसके बारे में आसपास जानकारी करना शुरू किया। तो लोगों ने आरोपी के घर में बच्ची के घर में होने की बात बताई। मां जब आरोपी के घर पहुंची। तो बच्ची के रोने की आवाज सुनाई दे रही थी। ग्रामीणों ने किसी तरह से दरवाजा खुलवाया। बच्ची ने बाहर आकर अपनी आपबीती सुनाई। पीड़ित पक्ष ने तुरंत थाने पहुंचकर आरोपी की शिकायत की लेकिन पुलिस ने मामले पर ध्यान नहीं दिया। इसके बाद परिवार एसपी से मिला। तब जाकर केस दर्ज हुआ। एएसपी लक्ष्मी निवास मिश्रा ने बताया कि मामले में साक्ष्य एकत्रित किए जा रहे हैं। जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### निरीक्षण में निगम के विभागों में मिली खामियां

**सहारनपुर।** सहारनपुर नवनियुक्त नगरायुक्त गजल भारद्वाज ने गुरुवार को नगर निगम के सभी कार्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को कार्य विभाजन का चार्ट और मूवमेंट रजिस्टर बनाने, सभी अधिकारियों व लिपिकों के कार्य उनके पदनाम के साथ पटल पर प्रदर्श करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालयों की अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त करने और कार्यालयों की स्थिति सुधारने व गरिमा बनाये रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्य में लापरवाही और ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगरायुक्त ने सबसे पहले जलकल विभाग का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी अधिकारियों व स्टाफ की उपस्थिति और कार्य विभाजन की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अधिकारी और स्टाफ मौके पर नहीं मिले। अधिशासी अभियंता सुशील सिंघल ने बताया कि एक जेई ऑफिस कार्य से लखनऊ गए हैं। दूसरे फील्ड में हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि इस पर मूवमेंट रजिस्टर बनाकर उसमें एंट्री दर्ज कराई जाए। नगरायुक्त ने महाप्रबंधक जल कल मनोज आर्य को निर्देश दिए कि कार्य विभाजन की सूची उन्हें उपलब्ध कराई जाएं तथा सभी अधिकारियों जेई व लिपिकों के कार्य उनके पदनाम के साथ पटल पर प्रकाशित किया जाए। स्वास्थ्य विभाग में उन्होंने समस्त कर्मचारियों के रिकॉर्ड के रखरखाव की जानकारी ली और शिकायत रिपोर्ट मांगी की किसी कर्मचारी के पेंशन, मेडिकल संबंधी कोई फाइल पेंडिंग नहीं है।

### सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस टीम ने की पैदल गश्त

**बागपत।** बागपत पुलिस ने गुरुवार को सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सराय कस्बे में पहुंचकर पैदल गश्त करते हुए स्थानीय लोगों से बातचीत की। पुलिस टीम ने लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। पुलिस ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर किसी भी असामाजिक तत्वों ने माहौल खराब करने का प्रयास किया तो कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बागपत जनपद के सराय कस्बे में गुरुवार को सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेने बागपत सीओ दिनेश कुमार, उप जिला अधिकारी बागपत पूजा चौधरी सिंघावली अहिर थाना प्रभारी एनएस सिरोही भारी पुलिस बल के साथ सराय कस्बे में पहुंचे। जहां उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पैदल गश्त किया। स्थानीय लोगों से बातचीत की और व्यापारियों से दुकानों के बाहर अतिक्रमण ना करने के लिए कहा। वहीं पुलिस ने इस दौरान चौराहों के पास घूमने वाले कई संदिग्ध लोगों से भी पूछताछ की।

## गोरखपुर-दिल्ली हमसफर समेत कई ट्रेनों में कोच बढ़ाने की तैयारी, वेटिंग से मिलेगी राहत

गोरखपुर। ट्रेन से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। गोरखपुर से दिल्ली जाने वाली एकमात्र वातानुकूलित हमसफर एक्सप्रेस को 24 कोच के साथ चलाने की तैयारी चल रही है।

इस सम्बंध में वाणिज्य विभाग ने यात्रियों की डिमांड को देखते हुए परिचालन विभाग को प्रस्ताव भेज दिया है। संभावना जताई जा रही है कि जल्द ही इस सम्बंध में मंजूरी मिल जाएगी।

हमसफर एक्सप्रेस अभी 20 कोच के लोड से चल रही है। मंजूरी के बाद इसमें तीन और कोच लगाए जा सकेंगे। तीन और कोच लग जाने से एक साथ 240 सीटें बढ़ जाएंगी। सीटें बढ़ जाने से वेटिंग 10 के नीचे आ जाएगा और टिकट बुक कराने वाले लगभग हर यात्री को सीट मिल जाएगी। दिल्ली से गोरखपुर आने वाले यात्रियों को भी काफी सुविधा होगी।

इसके पहले गोरखपुर और बनारस आदि विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली दस जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेनों में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी (एसी थर्ड) के एक से दो स्थायी कोच लगाने की घोषणा की है। इससे यात्रियों को काफी राहत मिलेगी और वेटिंग लिस्ट के यात्रियों का टिकट भी कन्फर्म होने




की संभावना बढ़ जाएगी। सीटों की संख्या बढ़ने से कन्फर्म टिकटों की मारामारी धीरे-धीरे समाप्त हो जाएगी।

15067/15068 नंबर की गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस में छह जुलाई से साधारण द्वितीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 06, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 08, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02 तथा एलएसएलआरडी और जनरेटर सह लगेज यान के एक-एक सहित 22 कोच लगाए जाएंगे।

15065/15066 गोरखपुर-पनवेल-गोरखपुर एक्सप्रेस में एक जुलाई से साधारण द्वितीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 06, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 08, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02 तथा एलएसएलआरडी और जनरेटर सह लगेज यान के एक-एक सहित 22 कोच लगाए जाएंगे 12571/12572, 12595/12596 गोरखपुर-आनन्दविहार-गोरखपुर हमसफर एक्सप्रेस में एक जुलाई से वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 20 कोच तथा जनरेटर सह लगेज यान के दो सहित कुल 22 कोच लगाए जाएंगे।

12559/12560, 12581/12582 एवं 15127/15128 बनारस-नई दिल्ली-बनारस एक्सप्रेस में एक जुलाई से साधारण द्वितीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 05, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 08, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित प्रथम श्रेणी का 01 कोच तथा एलएसएलआरडी के एक-एक सहित कुल 22 कोच लगाए जाएंगे।

## लखनऊ : ड्यूटी से लौट रहे सिपाही से पिस्टल छीनी, चलाई गई गोली

**लखनऊ।** लखनऊ पीजीआई वृंदावन कॉलोनी में बुधवार रात ड्यूटी से लौट रहे सिपाही रोशन रजा का सरकारी असलहा छीन कर उस पर गोली चलाई गई। हमले में सिपाही किसी तरह बच गया। जिसके बाद युवक ने सिपाही को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। राहगीरों ने वारदात की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम पर दी। सिपाही पर फायरिंग किए जाने की जानकारी पर पीजीआई पुलिस मौके पर पहुंच गई। जहां से आरोपी युवक को गिरफ्तार करते हुए उसके पास से लूटा गया सरकारी असलहा बरामद किया गया। वहीं, सिपाही रोशन को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



कल्ली पश्चिम रिजर्व पुलिस लाइन में सिपाही रोशन रजा तैनात हैं। वर्ष 2011 बैच के सिपाही को रिटायर अधिकारी की सुरक्षा में लगाई गई है। बुधवार रात करीब 11 बजे रोशन रजा ड्यूटी खत्म वापस पुलिस लाइन जा रहा था। वह बाइक से वृंदावन कॉलोनी के पास पहुंचा। तभी सामने से आ रहे युवक ने सिपाही की बाइक में टक्कर मार दी। भिड़त होने पर सिपाही ने विरोध किया। जिससे नाराज युवक ने सिपाही पर हमला बोल दिया। आरोपी ने रोशन रजा की सरकारी पिस्टल छीनते हुए फायरिंग कर दी। गोली चलने की आवाज सुन राहगीर भी दहशत में आ गए। सिपाही रोशन मदद के लिए शोर मचाने लगा। उसके चिल्लाने की आवाज सुन कर राहगीरों ने पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। इंस्पेक्टर पीजीआई के अनुसार सिपाही पर हमला करने वाला आरोपी अतुल पाठक निवासी सरस्वतीपुरम है। उसके पास से सिपाही से लूटा गया सरकारी असलहा भी बरामद हुआ है।

### बाढ़ से बचाव के लिए गोरखपुर में हुआ मॉक ड्रिल

गोरखपुर। राष्ट्रीय आपदा प्रबंध के निर्देश पर प्रदेश के 40 जिलों के साथ ही गोरखपुर के रामगढ़ताल में गुरूवार को मॉक ड्रिल हुआ। इस मॉक ड्रिल में एयरफोर्स की टीम शामिल हुई। मॉक ड्रिल को आपरेशन अभिविजय नाम दिया गया। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आयोजित हुए इस मॉक ड्रिल में राष्ट्रीय आपदा मोचक बल, PAC, पुलिस और सिंचाई विभाग सहित 23 विभागों की टीम शामिल हुई। SDRF और एयरफोर्स ने मिलकर हेलीकॉप्टर के जरिए बाढ़ पीड़ितों को बचाने और राहत सामग्री वितरण करने का अभ्यास किया। रामगढ़ताल किनारे दोनों टीमों ने संयुक्त रूप से बोट के जरिए बाढ़ पीड़ितों को बचाने की अभ्यास किया। एयरफोर्स के हेलीकॉप्टर ने भी हवा से बाढ़ में फंसे लोगों को रेस्क्यू कर बचाया।

## जिला जज के चैंबर के बाहर धरने पर बैठे वकील

एजेंसी

आगरा। थाना हरीपर्वत पुलिस ने रेप के मामले में 3 वकीलों को जेल भेज दिया। इस मामले में वकील हड़ताल पर चले गए हैं। दीवानी में वकील जिला जज के चैंबर के बाहर धरने पर बैठ गए हैं। दीवानी परिसर में पुलिस फोर्स तैनात है।

### पुलिस के वीडियो बनाने पर आक्रोश

हरीपर्वत पुलिस ने 3 वकील जितेंद्र राजपूत, निशांत कुमार व शेखर प्रताप पर रेप केस दर्ज किया। इस मामले में एक युवती को भी जेल भेजा गया। इससे दीवानी के वकील आक्रोशित हैं। जब वकील इस मामले में जिला जज से मिलने जा रहे थे। तो पुलिस वीडियोग्राफी करने लगी। वकीलों ने इसका विरोध किया। वकील अरुण सोलंकी का कहना है,विरोध के बाद सीओ हरीपर्वत ने खुद वीडियोग्राफी की गई। इसके बाद वकील धरने पर बैठ गए।

वकीलों का कहना है कि इस मामले में सीबीसीआईडी या अन्य किसी एजेंसी से निष्पक्ष जांच कराई जाए। पुलिस की जांच पर उन्हें भरोसा नहीं है। दीवानी परिसर से पुलिस फोर्स हटाई जाए।

जब तक पुलिस नहीं हटेगी वकील धरने पर बैठे रहेंगे। वकीलों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी भी की।

## सिपाही को बाइक सवार युवकों ने पीटा

लखनऊ। लखनऊ के पीजीआई थाना क्षेत्र में बाइक सवार युवकों ने बुधवार देर रात बाइक टकराने पर एक सिपाही की पिटाई कर दी। साथ ही पिस्टल छीनने की कोशिश की। इस दौरान फायरिंग भी हो गया। पुलिस बाइक नंबर के आधार एफआईआर दर्ज कर एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। एडीसीपी पूर्वी सैयद अली अब्बास ने बताया कि बुधवार रात ड्यूटी से लौटते समय सिपाही रोशन रजा से बाइक सवार युवकों ने मारपीट की। सिपाही की पिस्टल छीनने और फायरिंग की बात गलत है।

सिपाही ने बताया कि बाइक सवार युवकों से वृंदावन चौकी के आगे ट्रॉमा सेंटर टू के पास बाइक टकरा गई थी। जिसके बाद उन लोगों ने मारपीट की। जिसमें उसके चेहरे में दो जगह चोट लगी। वह पुलिस लाइन में तैनात है। पीड़ित सिपाही की तहरीर पर बाइक नंबर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

एक आरोपी की अतुल पाठक के रूप में पहचान हुई है। उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक सिपाही का बाइक सवार युवकों से पुराना विवाद है। बुधवार रात आमना-सामना होने पर विवाद हुआ। जिसके बाद मारपीट हुई। पुलिस दोनों बिंदुओं पर जांच कर रही है।

### सिपाही का पिस्टल हुआ जमा

एडीसीपी के मुताबिक मोहनलालगंज निवासी सिपाही रोशन रजा की पिस्टल को थाने पर जमा करा लिया गया है। सिपाही घटना स्थल की तरफ क्यों और किस काम से पहुंचा। इसकी भी पड़ताल की जा रही है। आरोपी की निशान देही पर अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## मेरठ में भू-माफिया यशपाल की कोठी जब्त

### हरिद्वार से नोएडा तक कब्जाई 500 करोड़ से ज्यादा की जमीन

**मेरठ।** मेरठ में गैंगस्टर यशपाल तोमर की कोठी को जब्त कर लिया। स्स्क रोहित सिंह सजवान और मजिस्ट्रेट के आदेश के तहत पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट (14/1) के तहत पुलिस ने यह कार्रवाई की है। मेरठ के ह॥58 से सटी वेदव्यास पुरी में यशपाल तोमर की 2 करोड़ 10 लाख रुपए कीमत की यह कोठी है।

पुलिस की जांच में सामने आया है कि कुख्यात यशपाल ने अवैध तरह से धन अर्जित कर इस कोठी को खड़ा किया है। ब्रह्मपुरी में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के इस मुकदमे की विवेचना मेरठ के परतापुर इंस्पेक्टर शैलेंद्र सिंह कर रहे हैं। कोठी को जब्त करने की कार्रवाई के दौरान ढ्ढक्क- अधिकारी विवेक कुमार और भारी संख्या में फोर्स तैनात रही।



### हरिद्वार की जेल में बंद है कुख्यात यशपाल तोमर

परतापुर इंस्पेक्टर ने बताया कि यशपाल तोमर हरिद्वार जेल में बंद है। बागपत के रमाला गांव निवासी यशपाल तोमर पर उत्तराखंड, मेरठ, बागपत, नोएडा में 20 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

मेरठ में ब्रह्मपुरी थाने में गैंगस्टर एक्ट का भी केस दर्ज है। इसी गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में विवेचना में पुलिस को पता चला कि इसने करोड़ों रुपए की जमीन लोगों पर फर्जी मुकदमे कराकर, डराकर, हत्या कराकर कब्जाई है।

### चिटहेरा भूमि घोटाले का मुख्य आरोपी है

यशपाल तोमर नोएडा के चिटहेरा गांव में भूमि घोटाले का मुख्य आरोपी है। जहां मेरठ मंडल के कमिश्नर सुरेंद्र सिंह के आदेश पर पुलिस ने इसके द्वारा कब्जाई गई भूमि की जांच की थी। यशपाल तोमर ने उत्तराखंड, मेरठ, बागपत, नोएडा, दादरी, ग्रेटर नोएडा में करीब 500 करोड़ रुपए कीमत से ज्यादा की जमीन, प्लॉट और मकान खड़े किए हैं। इस कुख्यात को एंटी टास्क समिति ने भू-माफिया घोषित किया था।

### 13 मई को 100 करोड़ की जमीन जब्त

13 मई 2022 को मेरठ पुलिस ने इसी कुख्यात की गैंगस्टर एक्ट में नोएडा के चिटहेरा में 100 करोड़ रुपए की भूमि को जब्त कर प्रशासन के सुपुर्द कर दिया था। इसके बैंक खातों की पुलिस की एक स्पेशल टीम अलग से जांच कर रही है। इसके अलग-अलग बैंक खातों में पिछले पांच सालों में मोटी रकम का लेन-देन होना पाया गया। आईपीएस अधिकारी विवेक कुमार मेरठ ने इसके बैंक खातों को फ्रीज कराया था।

### हरिद्वार में 153 करोड़ की जमीन जब्त

पिछले दिनों हरिद्वार स्ञ्जस्न और उत्तराखंड पुलिस ने इस कुख्यात की 153 करोड़ रुपए की जमीन को जब्त किया था। गैंगस्टर एक्ट में ही हरिद्वार पुलिस ने यह कार्रवाई की थी। अभी तक इसकी उत्तराखंड, यूपी में 300 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति को जब्त किया जा चुका है। बागपत में भी जमीन को जब्त किया जा चुका है।

## हरदोई में पति ने पत्नी की पीट-पीटकर कर दी हत्या, मायके जाने की जिद पर अड़ी हुई थी पत्नी

**हरदोई।** हरदोई में पति ने पत्नी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। दरअसल पत्नी मायके जाने की जिद पर अड़ी हुई थी। इसके चलते दोनों के बीच कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि पति ने पत्नी को लाठी-डंडों, लात-घूसों और बेल्ट से पीटा, जिसमें वह बुरी तरह जख्मी हो गई। मौके पर मौजूद लोग उसे अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### झारखंड के रांची से आरती को लाया था नरेश

घटना थाना सांडी के बढ़ेयनपुरवा गांव में बुधवार की रात को हुई। आरती नरेश



से लगातार अपने मायके जाने की जिद कर रही थी। दूरी अधिक होने के कारण वह उसे ले नहीं जा रहा था। इसी बात को लेकर बुधवार को पति-पत्नी के बीच विवाद ज्यादा बढ़ गया। आक्रोश में आकर दिनेश ने पत्नी की लाठी-डंडों और लात-घूसों और बेल्ट से पीट-पीटकर हत्या कर दी। आरती को नरेश एक साल पहले रांची से एक साल पहले लेकर आया था। दोनों के बीच अभी कोई बच्चा नहीं है।

### आसपास के लोगों ने महिला को पहुंचाया अस्पताल

घायल आरती को आसपास के लोगों ने एंबुलेंस से नजदीकी सीएचसी में पहुंचाया। जहां से डॉक्टरों ने उसे हरदोई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं महिला के मायके वालों को भी सूचना दे दी है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी पति फरार है।

### शादी से इंकार पर जज के स्टेनो का अपहरण

चांदपुर, बिजनौर। बिजनौर में जज के स्टेनो का गुरुवार को अपहरण हुआ है। स्टेनो चांदपुर से कोर्ट के लिए निकला था। उसके साथ बाइक पर कोर्ट का बाबू भी था। बिजनौर-बदायूं हाईवे पर कार सवार बदमाशों ने गन प्वाइंट पर उसे जबरन अपनी गाड़ी में बैठा लिया। बदमाशों ने अंकुर के साथ रहे बाबू प्रदीप को धक्का दिया। इसके बाद वे फरार हो गए। उन्होंने अपहरण की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने जिले की सीमाओं पर अलर्ट जारी कर दिया है। अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया गया है। स्टेनो के फूफा का आरोप है, अपहरण की वारदात शादी से इंकार करने पर की गई है। लड़की वालों ने भतीजे को उठवा लेने की धमकी दी थी।

### शाहजहांपुर में पत्नी का गला घोंटकर हत्या : दूसरी महिला से पति के थे अवैध संबंध

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर में पति ने पत्नी की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी। शादी को महज छह महीने ही हुए थे। मायके पक्ष का आरोप है कि, पति का दूसरी महिला से अवैध संबध हैं। जिसका पत्नी विरोध करती थी। अपनी गलती को छुपाने के लिए पति अपनी पत्नी पर ही शक करने लगा। आए दिन पत्नी के साथ मारपीट होती थी। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना मदनापुर क्षेत्र के गांव चाहरपुर की रहने वाली 22 वर्षीय शिल्पी की शादी छह महीने पहले थाना गढ़िया रंगीन क्षेत्र के गांव शिवराजपुर के रहने वाले सत्यवीर से हुई थी। शादी के बाद से शिल्पी के साथ उसका पति मारपीट करने लगा। इसी बीच पत्नी को खबर लगी कि, पति का दूसरी महिला से अवैध संबंध हैं। जिसका पत्नी ने विरोध करना शुरू किया। आरोपी पति अपने अवैध संबंध को छुपाने के लिए अपनी पत्नी पर शक करने लगा। आरोप है कि, बुधवार की रात करीब सात बजे शिल्पी ने अपनी मां से फोन पर बातकर सबकुछ ठीक बताया था। लेकिन रात नौ बजे पड़ोसी का फोन आया कि, शिल्पी की मौत हो गई है। ससुराल पहुंचे परिजनों को शिल्पी का शव घर की एक बैठक में जमीन पर पड़ा मिला। उसके गले पर रस्सी से कसे होने के निशान मिले। घटना के बाद आरोपी पति मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं थाना प्रभारी सुंदरलाल वर्मा ने बताया कि, महिला की मौत की खबर मिली थी।

## संतकबीरनगर : इंटर कालेज में आडिट करने पहुंचा फर्जी आडिटर गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश के संतकबीरनगर जिले के खलीलाबाद कोतवाली अंतर्गत खलीलाबाद शहर के हीरालाल रामनिवास इंटर कॉलेज में ऑडिट करने पहुंचे फर्जी युवक को संदेह के आधार पर अध्यापकों ने पकड़ लिया। इसकी सूचना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया।

पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने कॉलेज के प्रधानाचार्य रामकुमार सिंह की तहरीर के आधार पर बताया कि एक व्यक्ति 3 दिन से लगातार फोन करके आडिट करने की बात कर रहा था। फोन करने वाला स्वयं को ऑडिट विभाग का अधिकारी बता रहा था। गुरुवार की सुबह 7ः00 बजे युवक कालेज में पहुंचा और ऑडिट करने के लिए रजिस्टर की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद संदेह होने पर जब अध्यापकों ने उनसे बातचीत की तो पता चला कि युवक फर्जी आडिटर है। इसकी सूचना तत्काल कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। पूछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम अंकित श्रीवास्तव पुत्र श्याम बहादुर सिंह निवासी विक्रमजोत थाना छावनी जिला बस्ती बताया।

## देवरिया : ट्यूशन गये मासूम छात्र की हत्या

### शिक्षक के शौचालय से बरामद हुआ शव

एजेंसी

देवरिया। उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के लार क्षेत्र में ट्यूशन पढ़ने गये मासूम छात्र का अपहरण कर हत्या कर दी गई। गुरुवार को तड़के शिक्षक के शौचालय से छात्र का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरु कर दी है।

पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि लार क्षेत्र के हरखौली गांव निवासी डा. गोरख यादव का बेटा संस्कार यादव(6 वर्ष) गांव में ही एक शिक्षक नरसिंह विश्वकर्मा से ट्यूशन पढ़ने जाया करता था। बुधवार को दोपहर बाद वह ट्यूशन पढ़ने के लिये गया, लेकिन शाम को घर वापस न आने पर उसकी तलाश शुरू की गई।

बताया जाता है कि कोचिंग सेन्टर पर परिजनों को बताया गया कि आज वह पढ़ने ही नहीं आया था। मासूम के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर एसपी संकल्प शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बुधवार की देर शाम से ही गांव में कांबिंग शुरू कर दी थी। कांबिंग के दौरान बुधवार की देर शाम गांव के ही एक खेत मे पत्र मिला। जिस पर यह लिखा था कि बालक के पिता गोरख यादव पांच लाख रुपये की व्यवस्था करें नहीं तो लड़के को नहीं छोड़ा जाएगा।

पुलिस ने कोचिंग पढ़ाने वाले शिक्षक के पौत्र को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बृहस्पतिवार को सुबह संस्कार के शव के बारे में बताया कि घर के दरवाजे पर स्थित शौचालय में है। पुलिस ने वहां शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

इस संबन्ध में पुलिस अधीक्षक ने यहां बताया कि इस मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लेकर मामले की जांच की जा रही है।

उन्होंने बताया कि इस बच्चे को ट्यूशन पढ़ाने वाले शिक्षक के नाती ने इस वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार कर ली है। उसी की निशानदेही पर ट्यूशन टीचर के घर से ही 6 वर्षीय बच्चे का शव बरामद कर लिया गया है। इस संबंध में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# सीतारमण ने औद्योगिक गलियारा परियोजनाओं का पीएम-गतिशक्ति के साथ तालमेल बिठाने पर दिया बल

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारों के विकास के काम में संसाधनों का अच्छा से अच्छा उपयोग किए जाने पर गुरुवार को बल देते हुए नीति आयोग और जहाजरानी मंत्रालय तथा अन्य विभागों को इस कार्यक्रम के साथ अन्य परियोजनाओं के समन्वय के लिए सात सूत्रीय कार्य बिंदुओं का सुझाव दिया।

सीतारमण ने राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के शीर्ष निगरानी प्राधिकरण की आज यहां आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए नीति आयोग को विभिन्न अवसंरचना परियोजनाओं का अध्ययन कर उन्हें प्रधानमंत्री गतिशक्ति वृहद योजना के अंतर्गत लाने की संभावनाओं का पता लगाने को कहा।

उन्होंने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय को निगरानी समिति की अगली बैठक नवंबर में बुलाए जाने के लिए भी कहा। बैठक में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, रेलवे एवं दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव, छह



राज्यों गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और उत्तराखंड के मुख्यमंत्रियों के अलावा बिहार, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, केरल और राजस्थान के मंत्रियों तथा सभी राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक ऑनलाइन और साक्षात के मिले-जुले तरीके से आयोजित की गयी थी।

सीतारमण ने कहा कि भारत में पिछले आठ साल में औद्योगिक विकास के पारिस्थितिकी तंत्र ने एक नया रंग ले लिया है और इसमें नयी गति आयी है। वातावरण अधिक उदार हुआ है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम की शुरुआत तीन-चार राज्यों से शुरू हुयी थी। आज इसमें 18 से अधिक राज्य शामिल हो गए हैं और 32 औद्योगिक नोड (केंद्रों) पर काम हो रहा है।

वित्त मंत्री ने इस प्रगति के लिए राज्यों के मुख्यमंत्रियों को धन्यवाद देते हुए कहा, जितनी तेजी से इस कार्य का पैमाना बढ़ेगा, हमें उतना ही अधिक इसका सामूहिक फायदा मिलेगा। सीतारमण ने संसाधनों के अच्छे से अच्छा उपयोग के लिए ही प्रधानमंत्री गतिशक्ति राष्ट्रीय वृहद योजना शुरू की गयी है और उम्मीद है कि इससे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में निवेश को लेकर और अच्छा तालमेल बनेगा।

# विमानों में अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की संख्या जून 2022 में मजबूत : इकरा

नयी दिल्ली। रेटिंग एजेंसी इकरा ने गुरुवार को बताया कि विमानों में अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की संख्या जून 2022 में मजबूत रही। दो साल के प्रतिबंध के बाद से 27 मार्च 2022 को अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक परिचालन फिर से शुरू किया गया था जिसमें पिछले तीन महीनों में अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात में लगातार सुधार दर्ज किया गया है। जून 2022 में यह कोविड से पूर्व आंकड़े वित्त वर्ष 2019-20 की समान अवधि के 79 प्रतिशत तक पहुंच गया है। अप्रैल और मई 2022 में यह क्रमश: 63 प्रतिशत और 72 प्रतिशत के बराबर है। जून 2022 में महीने के



आधार पर आठ प्रतिशत वृद्धि देखी गयी। घरेलू यात्रियों की संख्या में जून 2022 में कोविड से पूर्व आंकड़ों के मुकाबले हल्की गिरकर 91 प्रतिशत यानी 2.11 करोड़ पर रही। अप्रैल में यह सुधार 98 प्रतिशत तक हो गया था। कुल यात्रियों की संख्या के मामले में जून 2022 मेंघरेलू यात्री यातायात में रिकवरी जून 2022 (21.1 मिलियन) में पूर्व-कोविड स्तरों के 91 प्रतिशत तक मामूली रूप से गिर गई, जबकि अप्रैल और मई 2022 में 98 प्रतिशत थी। कुल मिलाकर, यात्री यातायात पूर्व-कोविड स्तरों का 88 प्रतिशत था। अप्रैल-जून 2022 में यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी के कारण उड़ानों की संख्या कोविड से पूर्व समय की तुलना में 96-99 प्रतिशत रही। इकरा के कॉर्पोरेट रेटिंग्स के वरिष्ठ विश्लेषक अभिषेक लाहोती ने कहा, पिछले तीन महीनों के दौरान प्रमुख अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के खुलने, यात्रा प्रतिबंधों में ढील और विमान क्षमता में वृद्धि से अंतरराष्ट्रीय यातायात में तेजी से बढ़ोतरी हुयी है।

## जुलाई अंत तक अकाउंट एग्रीगेटर सिस्टम लागू करने के बैंकों का निर्देश

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज सरकारी बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के प्रदर्शन की समीक्षा की और बैंकों को इस महीने के अंत तक अकाउंट उग्रीगेटर सिस्टम लागू करने के निर्देश दिये। श्रीमती सीतारमण ने बैंकों के प्रमुखों के साथ पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालकों को किसान क्रेडिट कार्ड जारी किये जाने की भी समीक्षा की तथा सभी लंबित आवेदनों को निर्धारित समय में पूरा करने के लिए कहा। उन्होंने भारतीय बैंक संघ और बैंकों को क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को प्रौद्योगिकी तौर पर उन्नत बनाने की दिशा में काम करने की भी अपील की ।वित्त मंत्री ने वित्तीय समावेशन में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की महत्ती भूमिका की सराहना की और इन बैकों के प्रायोजक बैंकों से निर्धारित समय में क्षेत्रीय बैंकों के उन्नयन के लिए कार्यक्रम बनाने की अपील भी की। उन्होंने क्षेत्रीय बैंकों के लिए एक कार्यशाला आयोजित करने का भी सुझाव दिया ताकि वे एक दूसरे के बीच अपने अनुभव और कार्यप्रणाली को साझा कर सके।

# टीटीसी ने विस्तार को आगे बढ़ाने के लिए फिलिप सैमुअल को भारत में सीईओ नियुक्त किया

गौरवशाली भारत संवाददाता

पुणे। प्रमुख सॉफ्टवेयर एश्योरेंस प्रदाता टीटीसी को पुणे, भारत में नया कार्यालय खोलते हुए अपने विस्तार की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। टीटीसी के मौजूदा शुरुआती कार्यालय अमेरिका, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, सिंगापुर और संयुक्त अरब अमीरात में हैं।

नए कार्यालय का नेतृत्व फिलिप सैमुअल करेंगे, जिन्हें टीटीसी इंडिया का सीईओ नियुक्त किया गया है। फिलिप अनुभवी प्रौद्योगिकी प्रबंधन पेशेवर हैं, जिन्हें भारत में परिचालन स्थापित करने और इनक्यूबेट करने का अनुभव है। फिलिप को विभिन्न भूमिकाओं में 20 से अधिक साल का अनुभव है, हाल ही तक वे संधाता टेक्नोलॉजीज में क्षेत्रीय प्रबंध निदेशक थे।

टीटीसी के संस्थापक व निदेशक प्रौद्योगिकी ग्रांट बोरी ने कहा, हम भारत में टीटीसी की शुरुआत करते हुए अति उत्साहित हैं। यह हमारे संगठन के विकास और विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में परीक्षण सेवाएं सफलतापूर्वक प्रदान करने की हमारी क्षमता का स्पष्ट नमूना है। फिलिप के इस पद पर आने से, निश्चित रूप से वह विकास होगा जिसकी हम उम्मीद कर रहे हैं क्योंकि उनके पास इस भूमिका को सफल बनाने के लिए आवश्यक प्रबल प्रेरणा, कौशल और दूरदर्शिता है।

टीटीसीकी भारत यात्रा ब्रिटेन व पश्चिम एशिया में हमारे सफल विस्तार के बाद अगला तार्किक कदम है। हमारे विशाल अनुभव और ज्ञान के साथ, टीटीसी इंडिया हमारे ग्राहकों को सफलता के नए स्तर हासिल करने में मदद करने के लिए सॉफ्टवेयर परीक्षण उद्योग के सबसे अच्छे और प्रतिभाशाली लोगों को एक साथ लाएगी।

### टीटीसी ग्लोब्ल के बारे में

टीटीसी प्रमुख वैश्विक सॉफ्टवेयर एश्योरेंस प्रदाता है जो संगठनों को अपने प्रौद्योगिकी प्रदान करने के तरीके बदलने में मदद पर ध्यान केंद्रित करती है। हमारे पास डिलीवरी क्षेत्रों की विस्तृत रेंज में क्षमताएं हैं जो हमारे ग्राहकों को जोखिम और लागत को कम करते हुए प्रौद्योगिकी विकास की गति व गुणवत्ता बढ़ाने में सक्षम बनाती हैं। टीटीसी की स्थापना 2004 में एक परीक्षण भागीदार के रूप में की गई थी जो वैश्विक शिक्षा और सर्वोत्तम प्रथाओं को धारण कर सके और उन्हें स्थानीय रूप से उपयुक्त तरीके से डिलीवर कर सके। न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, एशिया, अमेरिका और यूरोप में कार्यालयों के साथ तीव्र विकास के अठारह साल और दुनिया के कुछ सबसे बड़े संगठनों के साथ मजबूत साझेदारी, यह आज भी टीटीसी का उद्देश्य है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

मुंबई ।

मुम्बई शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। बाजार में यह उछाल दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों से आया है। एशिया और यूरोपीय बाजारों में बढ़त से घरेलू बाजार को भी बल मिला। आज सुबह से ही बाजार में उत्साह देखा गया। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 427.49 अंक करीब 0.80 फीसदी की बढ़त के साथ ही 54,178.46 अंक पर बंद हुआ। वहीं कारोबार के दौरान एक समय यह 503.80 अंक तक पहुंच गया था। वहीं दूसरी ओर पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 143.10 अंक तकरीबन 0.89 फीसदी बढ़कर 16,132.90 अंक पर पहुंच गया। इससे पहले गत दिवस भी बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ था।



दिग्गज कंपनियों में टाइटन, टाटा स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, इंडसइंड बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरों में उछाल है जबकि डॉ. रेड्डीज लैब, नेस्ले, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और बजाज फाइनेंस के शेयरों में गिरावट है। वहीं एशियाई बाजारों की बात करें तो जापान का निक्की, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग ऊपर आया है। इसके अलावा यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी शुरुआती कारोबार में तेजी आई है। दूसरी ओर अमेरिकी शेयर बाजार लाभ में रहे। बाजार जानकारों के अनुसार कच्चे तेल और जिंसों के दाम में कमी से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई है इससे भी बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। मुद्रास्फीति घटने की उम्मीद से बाजार में तेजी आगे भी बनी रहने की उम्मीद है।



## सोने में नरमी , चांदी में उछाल

**नई दिल्ली ।** घरेलू बाजार में सोने की कीमतें घटी हैं। दिल्ली सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोना 436 रुपये नीचे आकर 50,551 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। वहीं पिछले कारोबारी सत्र में सोना 50,987 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। दूसरी ओर चांदी की कीमत 233 रुपये बढ़कर 56,750 रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गई जबकि पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 56,517 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना उछाल के साथ ही 1,743 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। चांदी 19.36 डॉलर प्रति औंस पर स्थिर बनी थी।''

## पहली छमाही में रिकॉर्ड 130 अरब डॉलर के सौदे हुए: रिपोर्ट



**मुंबई ।** एचडीएफसी विलय और अडाणी-होल्सिम जैसे बड़े सौदों के साथ वर्ष 2022 की पहली छमाही में विलय-अधिग्रहण बाजार अब तक के रिकॉर्ड 130.3 अरब डॉलर पर पहुंच गया। रिफाइनिटिव ने आंकड़ों के आधार पर तैयार एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। पहली छमाही में हुए 130.3 अरब डॉलर के सौदे एक साल पहले की समान अवधि में हुए सौदों से दोगुनी से भी अधिक हैं। इस तरह जनवरी-जून 2022 की छमाही 1980 से अब तक की सर्वाधिक सौदा राशि वाली छमाही बन गई है। इस तरह के आंकड़ों का संकलन 1980 से ही शुरू हुआ था। पहली छमाही के दौरान अप्रैल-जून अवधि में सर्वाधिक सौदे हुए। इनमें 60 अरब डॉलर मूल्य का एचडीएफसी बैंक एवं एचडीएफसी लिमिटेड विलय सौदा, 10.5 अरब डॉलर का अडाणी-होल्सिम सौदा और एलआईसी के 2.7 अरब डॉलर के शेयरों की बिक्री सौदा शामिल हैं। एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में बीती छमाही में सौदों की संख्या 30.3 प्रतिशत बढ़ गई और यह अब तक की सबसे व्यस्त अवधि रही।रिपोर्ट के मुताबिक नवीकरणीय ऊर्जा और टिकाऊ क्षेत्रों में विलय एवं अधिग्रहण सौदे 11.5 अरब डॉलर के रहे जो पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 41.7 प्रतिशत अधिक है। इसमें सबसे बड़ा 10.5 अरब डॉलर का सौदा अडाणी समूह और सीमेंट कंपनी होल्सिम का था। हालांकि भारत में होने वाले विदेशी कंपनियों के विलय एवं अधिग्रहण सौदे 14.6 प्रतिशत गिरकर 21.5 अरब डॉलर पर आ गए। वहीं विदेश में होने वाले विलय एवं अधिग्रहण सौदे छह अरब डॉलर के रहे।

## अमेरिकी फैशन ब्रांड 'गेप' के आइटम मिलेंगे रिलायंस रिटेल से

**नई दिल्ली ।** अमेरिकी फैशन ब्रांड गेप की अधिकारिक रिटेलर अब रिलायंस रिटेल बन गई है। रिलायंस रिटेल ने एक्सक्लूसिव ब्रांड स्टोर, मल्टी ब्रांड स्टोर, डिजिटल कॉमर्स प्लेटफार्म से भारतीय उपभोक्ताओं को गैप के फैशन आइटम उपलब्ध कराए जाएंगे। अमेरिका की गेप, एक फैशन प्रधान कंपनी है। जो महिलाओं और बच्चों के लिए कपड़े ऐसेसरीज और पर्सनल उत्पाद तैयार करती है।इसे दुनिया भर में डेनिम आधारित फैशन के लिए भी जाना जाता है। रिलायंस रिटेल के द्वारा अब अमेरिका की इस कंपनी के बने उत्पाद भारत में ऑनलाइन उपलब्ध होंगे।

## ब्रेंट क्रूड दो महीने में पहली बार 100 डॉलर पर

**नई दिल्ली ।** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट लगातार जारी है और ब्रेंट क्रूड दो महीने में पहली बार 100 डॉलर पर आया है। इस बीच सरकारी तेल कंपनियों ने गुरुवार सुबह पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। दिल्ली में पेट्रोल अब भी 96.72 रुपए लीटर मिल रहा है। कंपनियों ने 6 अप्रैल के बाद से इसकी कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की है, जबकि क्रूड के भाव एक समय 140 डॉलर प्रति बैरल तक चले गए थे। हालांकि, लगातार गिरावट से गुरुवार सुबह ब्रेंट क्रूड 100.3 डॉलर प्रति बैरल जबकि डब्ल्यूटीआई 98.23 डॉलर प्रति बैरल रहा। इन शहरों में पेट्रोल-डीजल के दाम - दिल्ली पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई पेट्रोल 109.27 रुपए और डीजल 95.84 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर. नोएडा में पेट्रोल 96.79 रुपए और डीजल 89.96 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपए और डीजल 89.76 रुपए प्रति लीटर हो गया है, पटना में पेट्रोल 107.24 रुपए और डीजल 94.04 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपए और डीजल 79.74 रुपए प्रति लीटर हो गया है।




# मारुति सुजुकी ब्रेजा के बाद बाजार में लॉन्च करने जा रही मारुति विटारा, क्रेटा से होगा मुकाबला




नई दिल्ली ।

देश की सबसे बड़ी कार निर्माता इंडो-जैपनीज कंपनी ने हाल ही में अपनी बेहद मशहूर एसयूवी मारुति सुजुकी ब्रेजा को भारतीय बाजार में उतारा है। इस कार की शुरुआती कीमत 7.99 लाख रुपये है। वहीं इसका टॉप मॉडल खरीदने के लिए आपको 13.96 लाख रुपये खर्च करने होंगे। नया मॉडल कई नए फीचर्स के साथ आता है। इसके अलावा कार की डिजाइन में भी कुछ बदलाव देखने को मिलते हैं। अब कंपनी नई मारुति ब्रेजा 2022 के बाद टोयोटा के साथ मिलकर नई मिड साइज एसयूवी लाने की तैयारी कर रही है। टोयोटा ने हाल ही में टोयोटा अर्बन क्रूजर लॉन्च की है। अब टोयोटा के साथ अपनी पार्टनरशिप के तहत मारुति इस कार को अपनी ब्रैंडिंग के साथ भारतीय बाजार में लॉन्च करेगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक मारुति इस मॉडल को मारुति विटारा नाम से बाजार में उतार सकती है। कंपनी जुलाई के तीसरे हफ्ते में इस कार से पर्दा उठा देगी। वहीं फेस्टिव सीजन के आस पास इस कार को इंडियन मार्केट में लॉन्च किया जा सकता है। अर्बन क्रूजर की तरह यह कार भी हाईब्रिड पावरट्रेन के साथ आ सकती है। मारुति विटारा की लंबाई 4.3 मीटर होगी और भारतीय बाजार में इस कार की सीधी टक्कर ह्युंदै क्रेटा से होगी। इसके अलावा किआ सेल्टॉस और टोयोटा अर्बन क्रूजर हाईराइडर से भी यह कार टक्कर लेगी। इस नए मॉडल के लॉन्च के साथ मारुति सुजुकी भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार के मिड साइज एसयूवी सेगमेंट के 50 फीसदी हिस्से पर कब्जा करना चाहती है। इस कार का मास प्रॉडक्शन अगस्त में शुरू किया जा सकता है।

## मार्च 2021 से नवंबर 2021 तक नीमच फैक्ट्री को 110 करोड़ का लाभ

**इंदौर ।** दवा कंपनियों को अफीम सप्लाई करके नीमच अफीम फैक्ट्री और अल्कलॉइड वर्क्स ने इस साल ड्राई अफीम एवं अन्य उत्पादों के माध्यम से मार्च 2021 से नवंबर 2021 के बीच करोंडो रुपए का राजस्व कमाया। नीमच फैक्ट्री को 110 करोड़ रुपए का लाभ हुआ है। पिछले साल 77.53 करोड़ अफीम की बिक्री से प्राप्त हुए थे।इस साल नीमच फैक्ट्री से 137 किलो ड्राई अफीम एवं अन्य उत्पाद अमेरिका और स्विजरलैंड को निर्यात किए गए हैं। केंद्रीय वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग की रिपोर्ट से उक्त जानकारी प्राप्त हुई है। भारत में अफीम की बिक्री से सबसे ज्यादा राजस्व नीमच से प्राप्त होता है। 2021-22 के वित्तीय वर्ष में 183.79 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है।

# खाने का तेल 10 रुपए तक और सस्ता होगा

### - खाद्य सचिव ने बैठक में दिए निर्देश- देशभर में खाने के तेल की एक ही कीमत होनी चाहिए

नई दिल्ली ।

सरकार लगातार खाने के तेल की कीमतें घटाने का प्रयास कर रही है। पिछले महीने 10-15 रुपए प्रति लीटर कीमत कम होने के बाद अब फिर इसमें 10 रुप, की गिरावट आएगी। सरकार ने इस बाबत खाद्य तेल कंपनियों को निर्देश दिए हैं। पहले ग्लोबल मार्केट में दाम बढ़ने का दबाव था, जिससे पिछले कुछ महीने खाद्य तेलों के दाम आसमान पर थे। अब ग्लोबल मार्केट में पाम सहित अन्य खाद्य तेलों की कीमतों में बड़ी गिरावट आई है, जिसके बाद सरकार ने कंपनियों से खुदरा बाजार में भी कीमतें घटाने की बात कही है। उम्मीद है कि अगले सप्ताह तक खाने का तेल 10 रुपए प्रति लीटर तक और सस्ता हो जाएगा। खाद्य सचिव सुधांशु पांडेय ने खाद्य तेल कंपनियों के साथ बैठक में कहा कि ग्लोबल मार्केट में अब पाम तेल सहित अन्य खाद्य तेलों की कीमतों में बड़ी गिरावट आ चुकी है। इसका लाभ उपभोक्ताओं को भी मिलना चाहिए। लिहाजा आप खाद्य तेल के खुदरा दाम में भी जल्द कटौती कीजिए।

पांडेय ने कंपनियों को यह भी निर्देश दिए कि खाद्य तेल की कीमत देशभर में एकसमान होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब जीएसटी की दरें समान हैं, तो उत्पादों की एमआरपी भी एकसमान होनी चाहिए। भारत अपनी जरूरत का 60 फीसदी खाद्य तेल आयात करता है, इसीलिए ग्लोबल मार्केट में दाम बढ़ने की वजह से घरेलू बाजार पर भी दबाव था। खाद्य सचिव ने बताया कि हमने कंपनियों से साफ कहा है कि महज एक सप्ताह के भीतर ही ग्लोबल मार्केट में तेल के दाम 10 फीसदी घट गए हैं। इसका लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचना चाहिए। इसके बाद सभी बड़ी तेल कंपनियों ने अगले सप्ताह तक 10 रुपए तक दाम घटाने का आश्वासन दिया है। इसके बाद आयात होने वाले सभी खाद्य तेलों जैसे पाम तेल, सोयाबीन और सूरजमुखी तेल की कीमतों में गिरावट आएगी। सचिव ने कहा कि कुछ कंपनियां 15 डिग्री सेल्सियस पर पैकिंग करने का दावा करती हैं। इस तापमान पर तेल फैलता है और उसका वजन कम हो जाता है। यह घटा हुआ वजन कंपनियां अपनी पैकेट पर नहीं लिखती हैं। कंपनियों को 30 डिग्री सेल्सियस पर खाद्य तेलों की पैकिंग करनी चाहिए। कंपनियों की पैकेज पर 910 ग्राम का वजन लिखा होता है, जबकि 15 डिग्री पर पैक करने पर यह 900 ग्राम से भी कम हो जाएगा। उपभोक्ता मंत्रालय के अनुसार, 6 जुलाई को देश में पाम रिफाइंड ऑयल की कीमत 144.16 रुपए लीटर थी, जबकि सूरजमुखी का तेल 185.77 रुपए लीटर, सोयाबीन का तेल 185.77 रुपए लीटर, सरसों तेल 177.37 रुपए लीटर और मूंगफली का तेल 187.93 रुपए लीटर था।



## अमेरिका और यूरोपीय बाजारों में तेजी

मुंबई ।

अमेरिकी शेयर बाजार ने पिछली गिरावट से उबरते हुए बढ़त बना ली है। अमेरिकी बाजार के निवेशक ब्याज दरों में तेज बढ़ोतरी और मंदी की आहट जैसी आशंकाओं से मुनाफावसूली कर रहे थे, लेकिन पिछले सत्र में अमेरिका के प्रमुख शेयर बाजारों में तेजी दिखी। नेस्डेक ने पिछले कारोबारी सत्र में 0.35 फीसदी की बढ़त बनाई। इसी तर्ज पर यूरोपीय बाजारों में भी तेजी दिखी और सभी प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज बढ़त पर बंद हुए। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शामिल जर्मनी का स्टॉक एक्सचेंज 1.56 फीसदी की बढ़त बनाकर बंद हुआ, जबकि फ्रांस के शेयर बाजार में 2.03 फीसदी की तेजी दिखी। इसके अलावा लंदन स्टॉक एक्सचेंज भी 1.17 फीसदी की बढ़त बनाकर बंद हुआ था।

## कार्गो एयरलाइन प्रधान एयर एक्सप्रेस को मिली एनओसी

**मुंबई।** प्रधान एयर एक्सप्रेस को नागर विमानन मंत्रालय से अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) मिल गया है। इसके साथ ही इस कार्गो एयरलाइन के वाणिज्यिक परिचालन का रास्ता खुल गया है। प्रधान एयर एक्सप्रेस के इस साल वाणिज्यिक परिचालन शुरू करने की उम्मीद है। जील ग्लोबल कॉरपोरेशन के संस्थापक निपुण आनंद द्वारा स्थापित मालवाहक विमानन सेवा कंपनी के कार्गो विमान में बदले गए ए320 के जरिये परिचालन शुरू करने की उम्मीद है। यह विमान इस महीने दिल्ली आने की संभावना है। कंपनी ने कहा कि देश की नई कार्गो एयरलाइन का परिचालन इस साल शुरू होगा। इसके लिए दुनिया के पहले मालवाहक विमान में बदले गए एक 320 विमान का इस्तेमाल होगा।

## शार्ट न्यूज

### राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण विजेता को 20 लाख देगा आईओए

नयी दिल्ली। भारतीय ओलम्पिक संघ ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार राशि देने की घोषणा की है। भारतीय ओलम्पिक संघ के महासचिव राजीव मेहता ने गुरूवार को यहां विदाई समारोह में यह घोषणा की। मेहता ने खेल मंत्री अनुराग ठाकुर की मौजूदगी में कहा कि इन खेलों में स्वर्ण जीतने वाले खिलाड़ी को 20 लाख रुपये, रजत विजेता को 10 लाख रुपये और कांस्य पदक विजेता को साढ़े सात लाख रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि हमारे खिलाड़ी इन खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।

### इन्दौर के सईद आलम थाइलैंड में सम्मानित होंगे

इंदौर। रॉयल रत्नकोशीन होटल, बैंकॉक, थाइलैंड में 20 सितंबर को इन्दौर के मास्टर सईद आलम को वर्ल्ड मीट एवं इंटरनेशनल अवॉर्ड 2022 से सम्मानित किया जायेगा। वर्ल्ड मिक्स मार्शल आर्ट्स काउंसिल द्वारा आयोजित वर्ल्ड मीट एवं इंटरनेशनल अवॉर्ड 2022 के मुख्य अतिथि यू के से ग्रैंडमास्टर निसार इस्माइलर और विशेष अतिथि यूएसए के टोनी टायलर होंगे। उपरोक्त जानकारी एम ए अली ने दी। उल्लेखनीय है कि मास्टर सईद आलम पिछले 36 वर्षों से आत्मरक्षा का प्रशिक्षण बालिका व महिलाओ को प्रदान करने पर अब तक 16 अंतरराष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया गया है। अमेरिका से प्रकाशित द वर्ल्ड ग्रेटेस्ट मार्शल आर्टिस्ट मैगज़ीन ने 17 जनवरी को सईद आलम के मार्शल आर्ट्स जीवन पर विशेषांक प्रकाशित किया। मास्टर सईद आलम की इस उपलब्धि पर प्राप्त करने पर अर्जुन अवॉर्डी कृपाशंकर पटेल, सेंसेई प्रेम दुबे, विकास शर्मा, दयाचंद भोला, डॉ तनवीर चौधरी, मनीष आर्य , जयंत गुरु संतोष कुमार और 88 लोगों ने बधाई दी है।

### वेस्ट इंडीज टी20 श्रंखला से बाहर रह सकते हैं कोहली

मुंबई। भारतीय क्रिकेट टीम के शीर्ष बल्लेबाज विराट कोहली को वेस्ट इंडीज दौरे की एकदिवसीय श्रंखला के बाद टी20 श्रंखला के दौरान भी आराम दिया जा सकता है। क्रिकबज़ ने गुरुवार को कहा कि कोहली ने चयनकर्ताओं, टीम प्रबंधन और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से अनुरोध किया है कि उन्हें वेस्ट इंडीज दौरे के लिये टीम में शामिल न किया जाए। क्रिकबज ने कहा कि कोहली के अलावा अन्य वरिष्ठ खिलाड़ी तीन मैच की टी20 श्रंखला के लिये टीम में वापसी करेंगे। इस दौरे पर रविचंद्रन अश्विन को टीम में शामिल किया जा सकता है। अश्विन टी20 विश्व कप 2021 में टीम का हिस्सा रहे थे लेकिन पिछले सात महीनों से उन्होंने एक भी अंतरराष्ट्रीय सीमित मुकाबला नहीं खेला है, हालांकि राहुल द्रविड़ के कोच बनने के बाद अश्विन को सूचित किया गया था कि टीम को उनके अनुभव और कौशल की जरूरत है। वेस्ट इंडीज टी20 श्रंखला के लिये टीम का ऐलान 10 जुलाई को इंग्लैंड के विरुद्ध होने वाले तीसरे और अंतिम टी20 के बाद हो सकता है।

### लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के रोहित दहिया ने एशिया चैंपियनशिप में जीता कांस्य

नयी दिल्ली। बहरीन के मनामा में चल रही अंडर-20 जूनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी जालंधर के पहलवान रोहित दहिया ने 82 किलोग्राम ग्रीको रोमन कुश्ती में बेहतर प्रदर्शन करते हुये कांस्य पदक जीत लिया है। रोहित ने कांस्य पदक के अहम मुकाबले मे जापान के रोन काकेगावा को 11-3 से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराते हुये यह पदक अर्जित किया। खेल के क्षेत्र में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी जालंधर भारत मे अग्रणी विश्वविद्यालयों में से एक है। इस जीत पर समस्त विश्वविद्यालय व सम्बंधित कॉलेज ने अपने कोच विजय कुमार को बधाई दी और भविष्य में भी अच्छा खेल प्रदर्शन करने के लिए रोहित को शुभकामनायें दीं।

### जालंधर डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन चैंपियनशिप तीन अगस्त से

जालंधर। जालंधर डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन (डीबीए) तीन से सात अगस्त के बीच रायजादा हंसराज स्टेडियम में जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन करेगी।डीबीए के अध्यक्ष और जालंधर के जिला उपायुक्त घनश्याम थोरी ने गुरूवार को चैंपियनशिप का अधिकारिक पोस्टर जारी करके इसकी घोषणा की। डीबीएके सचिव एवं पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी रितिन खन्ना ने बताया कि चैंपियनशिप के दौरान अंडर-11, 13, 15, 17 और 19 आयु वर्ग में लडक़े-लड़कियों और पुरुष एवं महिला वर्ग के सिंगल्स, डबल्स एवं मिक्सड डबल्स मुकाबले आयोजित होंगे। वेटरन कैटेगरी में 35 से लेकर 60 वर्ष आयु वर्ग के इवेंट होंगे। उन्होंने बताया कि हर खिलाड़ी के लिए प्रति इवेंट 750 रुपए फीस तय है और 28 जुलाई तक खिलाड़ी अपना नाम पंजीकृत करवा सकते हैं। श्री खन्ना ने बताया कि बिना एंट्री फीस रसीद के और पंजीकरण की अंतिम तिथि के बाद कोई एंट्री नहीं ली जाएगी। उन्होंने कहा कि सात अगस्त को डीसी जालंधर श्री घनश्याम थोरी विजेताओं को सम्मानित करेंगे। डीबीए के 50 साल के इतिहास में पहली बार विजेताओं को तीन लाख के आकर्षक और नकद पुरस्कार दिए जाएंगे।

### सेमीफाइनल में बाहर हुए सानिया, पाविक

लंदन। भारतीय टेनिस दिग्गज सानिया मिर्जा और उनके क्रोएशियाई साथी मेट पाविक विंबलडन मिश्रित युगल सेमीफाइनल में नील स्कूप्सकी और डेज़ीरे क्रावजिक की ब्रिटिश-अमेरिकन जोड़ी से हारकर दुनिया के सबसे पुराने ग्रैंड स्लैम से बाहर हो गये। स्कुपस्की- क्रावजिक ने सानिया और पाविक को बुधवार को 6-4, 5-7, 4-6 से शिकस्त दी। सानिया पहली बार विम्बलडन के मिश्रित युगल सेमीफाइनल में पहुंची थीं। वह तीन बार (2011, 2013 और 2015) क्वार्टरफाइनल में बाहर हो चुकी हैं। छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सानिया ने 2009 ऑस्ट्रेलियन ओपन, 2012 फ्रेंच ओपन और 2014 यूएस ओपन सहित तीन मिश्रित युगल खिताब जीते हैं। उन्होंने महज 17 साल की उम्र में रूस की एलिसा क्लेबानोवा के साथ विम्बलडन का महिला युगल खिताब जीता था। वह ऐसा करके ग्रैंड स्लैम जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गयी थीं। ओलिंपिक डॉट कॉम ने मिर्जा के हवाले से मैच के बाद कहा, यह वह जगह है जहां से मेरे लिए 2003 में यह सब शुरू हुआ था। वह मेरे लिए बड़ी चीजों की शुरुआत थी। यह टेनिस का सबसे बड़ा मंच है। उन्होंने कहा, मैं विंबलडन को याद करूंगी लेकिन मुझे लगता है कि अब आगे बढ़ने का समय है। जीवन में ऐसी चीजें हैं जो टेनिस मैच खेलने से ज्यादा महत्वपूर्ण हैं और मैं अब जीवन के उसी चरण पर हूं। सानिया ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन की महिला युगल स्पर्धा में शुरुआती दौर में हार के बाद अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा करते हुए कहा था कि 2022 सीज़न उनका आखिरी होगा।

### श्रीलंका के तीन और खिलाडी कोरोना संक्रमित हुए

गाले। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से पहले मेजबान टीम श्रीलंका में तीन और खिलाडी कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। दूसरा टेस्ट मैच आठ जुलाई से शुरू होने वाला है। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को यह जानकारी दी। कोरोना संक्रमित होने के कारण ऑलराउंडर धनंजय डी सिल्वा, तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो और स्पिनर जेफरी वेंडरसे को दूसरे टेस्ट मैच से बाहर रखने का फैसला किया है। तीनों खिलाड़ियों में कोरोना के लक्षण पाए गए हैं। पहले टेस्ट मैच में ये तीनों खिलाड़ी टीम का हिस्सा थे। दूसरा टेस्ट मैच शुरू होने से पहले ही मेजबान टीम के लिए यह एक और झटका है। इससे पहले ही टीम स्पिनर प्रवीण जयविक्रमा के बिना खेल रही है। इस सप्ताह में स्पिनर जयविक्रमा की रिपोर्ट भी पॉजिटिव आयी थी। इसके साथ ही मेजबान टीम में कोरोना से संक्रमित होने वाले खिलाड़ियों की संख्या पांच हो गयी है। इसके अलावा टीम में अन्य सभी टीम खिलाड़ियों की रिपोर्ट निगेटिव आयी है और मेजबान टीम ने स्पिनर लक्षण संदाकन को टीम में शामिल किया है।

# सानिया मिर्जा ने पत्र लिखकर विम्बलडन को कहा अलविदा



लंदन। भारत की स्टार टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्ज़ा ने अपने करियर के आखिरी विम्बलडन के मिश्रित युगल सेमीफाइल में हारकर बाहर होने के बाद गुरुवार को विश्व के सबसे पुराने ग्रैंड स्लैम आयोजन को अलविदा कहा।

सानिया ने इंस्टाग्राम का रुख करते हुए कहा, खेल आपसे बहुत कुछ ले लेता है... मानसिक तौर पर, शारीरिक तौर पर, भावनात्मक तौर पर.... जीतना और हारना... घंटो तक मेहनत करना और मुश्किल हारों के बाद रात भर जागना, लेकिन वह आपको बदले में इतना कुछ देता है जो काफी अन्य नौकरियां नहीं दे सकतीं। मैं इसके लिये हमेशा आभारी रहूंगी... खुशी के आसुओं के लिये, लड़ाई के लिये, संघर्ष के लिये। हम जो भी मेहनत करते हैं वह अंततः रंग लाती है।

उन्होंने कहा, विम्बलडन, इस बार जीत होनी नहीं थी लेकिन तुम शानदार रहे हो। पिछले 20 सालों में यहां खेलना और जीतना मेरा सौभाग्य रहा है। अगली बार मिलने तक प्रशंसकों की कमी महसूस होगी।

मिर्जा और उनके क्रोएशियाई जोड़ीदार मेट पाविक को स्कुपस्की और क्राव्स्की ने 6-4, 5-7, 4-6 से हराया।

विंबलडन में मिश्रित युगल में सानिया का यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था, जबकि युगल प्रतियोगिता में सानिया 2015 में स्विस दिग्गज मार्टिना हिंगिस के साथ खिताब जीत चुकी हैं।

उल्लेखनीय है कि सानिया ने इस साल की शुरुआत में यह घोषणा कर दी थी कि वह अपना अंतिम सीज़न खेल रही हैं।

हिंगिस और सानिया की जोड़ी ने यूएस ओपन 2015 और ऑस्ट्रेलियन ओपन 2016 का खिताब जीतकर ग्रैंड स्लैम की हैट्रिक लगाई थी।

तीन मिश्रित युगल ट्राफियों सहित छह ग्रैंड स्लैम खिताबों के साथ सानिया भारत की सबसे कुशल महिला टेनिस खिलाड़ी हैं। उन्होंने इससे पहले महेश भूपति के साथ साझेदारी करते हुए 2009 ऑस्ट्रेलियन ओपन और 2012 फ्रेंच ओपन जीता था। सानिया ने ब्राजीलियाई ब्रूनो सोरेस के साथ 2014 यूएस ओपन खिताब भी जीता था।

### धोनी ने मनाया अपना 41वां जन्मदिन

नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने गुरुवार को अपना 41वां जन्मदिन मनाया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने कैप्टन कूल के जन्मदिन पर उन्हें बधाई देते हुए कहा, उस शख्स को जन्मदिन की बधाई, जिसकी खेल की समझ और चुनौतियों से निपटने के तरीके बेजोड़ हैं। आपके आत्मविश्वास और सामने से नेतृत्व करने के रवैये ने हमें विश्वास दिलाया कि टीम इंडिया कोई भी मैच जीत सकती है। आपके अच्छे स्वास्थ्य और खुशियों की कामना करता हूँ। धोनी के साथी और प्रिय मित्र सुरेश रैना ने धोनी के साथ पुरानी तस्वीरों के साथ एक वीडियो कोलाज साझा करके कैप्शन लिखा, मेरे बड़े भाई को जन्मदिन की शुभकामनाएं। जीवन के हर चरण में मेरे सबसे बड़े समर्थक और संरक्षक होने के लिए धन्यवाद, भगवान आपको और आपके परिवार को हमेशा स्वस्थ रखे। आपको ढेर सारा प्यार माही भाई। आने वाले वर्ष के लिए शुभकामनाएं! भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने ट्वीट किया, आपको जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। मेरी शुभकामनाएं हमेशा आपके साथ हैं। आने वाला साल सबसे शानदार हो। भारत के टेस्ट क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा ने कहा, जन्मदिन मुबारक हो धोनी। आपको आने वाले वर्ष के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं! हमेशा चमकते रहो। मोहम्मद कैफ ने बतौर कप्तान धोनी की विरासत को याद करते हुए कहा, दादा (सौरव गांगुली) ने हम युवाओं को सिखाया कि कैसे जीतना है और धोनी ने इसे अपनी आदत बना लिया। अलग-अलग युगों के दो महान नेताओं का जन्म एक दिन के अंतराल में हुआ। भारतीय क्रिकेट को आकार देने वाले लोगों को जन्मदिन की शुभकामनाएं। वीरेंद्र सहवाग ने अपने अंदाज में जन्मदिन की बधाई देते हुए ट्वीट किया, जब तक फुल स्टॉप नहीं आता, एक वाक्य पूरा नहीं होता। जब तक धोनी क्रीज पर हैं, मैच पूरा नहीं हुआ होता। सभी टीमों के पास धोनी जैसा व्यक्ति नहीं है। रत्न समान व्यक्ति और खिलाड़ी को जनम्दिन की शुभकामनाएं। ओम हेलीकाप्टर नम:।

## चोट के कारण नडाल के सेमीफाइनल खेलने पर संशय

एजेंसी

लंदन। स्पेन के शीर्ष खिलाड़ी राफेल नडाल ने निक किर्गियोस के साथ होने वाले सेमीफाइनल से पहले कहा है कि पेट की चोट के कारण उनके खेलने पर संशय है।

उल्लेखनीय है कि अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज़ के खिलाफ खेले गये सेमीफाइनल में नडाल पेट की चोट के कारण लगभग मुकाबले से बाहर हो गये थे, लेकिन उन्होंने अंततः 3-6, 7-5, 3-6, 7-5, 7-6(10-4) से जीत दर्ज की।

नडाल ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं आपको (सेमीफाइनल खेलने पर) स्पष्ट जवाब नहीं दे सकता क्योंकि अगर मैंने आपको स्पष्ट जवाब दिया और कल कुछ और होता है, तो मैं झूठा बन जाऊंगा। मैं ऑल इंग्लैंड क्लब में आगे खेलने का फैसला करने से पहले कुछ परीक्षणों से गुजरूंगा।

दो बार के विम्बलडन विजेता नडाल को चोट के कारण दूसरे सेट में मेडिकल टाइम-आउट भी लेना पड़ा था, लेकिन उन्होंने अंततः चार घंटे 21 मिनट तक चले मुकाबले में जीत हासिल की।

नडाल ने कहा कि उनके पिता और बहन ने उन्हें फ्रिट्ज के खिलाफ क्वार्टरफाइनल मैच छोड़ने का इशारा किया था, लेकिन उन्हें यह विचार पसंद नहीं आया।

उन्होंने कहा, मैंने लड़ाई लड़ी। जिस तरह से मैं लड़ने की भावना के साथ उन परिस्थितियों में खेलने में कामयाब रहा, मुझे उस पर गर्व है।

## आजादी के 75वें साल का जश्न इंग्लैंड में मनाएंगे भारतीय खिलाड़ी

नयी दिल्ली। भारतीय खिलाड़ी आजादी के 75वें साल का जश्न इंग्लैंड के बर्मिंघम में 28 जुलाई से आठ अगस्त तक होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में मनाएंगे।

केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर, खेल राज्य मंत्री निशिथ प्रमाणिक, भारतीय ओलम्पिक संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष अनिल खन्ना, महासचिव राजीव मेहता और कोषाध्यक्ष आनंदेश्वर पाण्डेय ने गुरूवार को यहां आयोजित विदाई समारोह में खिलाड़ियों को भावभीनी विदाई देते हुए यह विचार व्यक्त किया। इन खेलों में भारत के 215 खिलाड़ी 16 खेलों में हिस्सा लेंगे। इनके साथ 81 अधिकारी भी उतरेंगे। इस अवसर पर खिलाड़ियों की आधिकारिक पोशाक का भी अनावरण किया गया।

खेल मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि



इन खेलों में भारत का 215 सदस्यीय दाल उतरेगा जिसमें पुरुष और महिला खिलाड़ियों की संख्या एक बराबर होगी। उन्होंने कहा,%राष्ट्रमंडल खेलों में 108 पुरुष और 107 महिला खिलाड़ी उतरेंगे। जो यह कहता है कि टोक्यो ओलम्पिक की कामयाबी का सफर जारी है।

उन्होंने कहा, 100 से ज्यादा खिलाड़ी इस समय विदेशों में ट्रेनिंग ले रहे हैं। खिलाड़ियों की ट्रेनिंग में हम कोई कमी नहीं आने देंगे और आगे भी उन्हें मदद देते रहेंगे।

खेल मंत्री ने साथ ही कहा कि खिलाड़ियों के विदेश में जो कैम्प लगाए गए हैं उनका सारा खर्चा सरकार ने उठाया है। उन्होंने कहा कि खेलों को लेकर सरकार बहुत गंभीर है और खिलाड़ियों को आगे भी सुविधाएं देती रहेगी। उन्होंने कहा कि खेलों के लिए बजट में 305 करोड़ रुपये की वृद्धि की गयी है जो अभूतपूर्व है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद खिलाड़ियों से मिलकर उनकी चिंताओं का निवारण करते हैं और अब यह खिलाड़ियों पर निर्भर करता है कि वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। ठाकुर ने कहा, मुझे पूरा यकीन है कि आप मैडल जीतेंगे और तिरंगे का मान-सम्मान बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि खेलों में रातों रात परिवर्तन संभव नहीं है, इसके लिए 8-12 साल का समय लगता है। हमें देखना होगा कि हम आगामी वर्षों में किस तरह दुनिया के शीर्ष दस देशों में स्थान बना सकते हैं।

खेल मंत्री ने इस अवसर पर रवि दहिया, बजरंग पुनिया, दीपक पुनिया, साक्षी मलिक, अंशु मलिक, लवलीना बोर्गोहैन, शिवा थापा, आशीष चौधरी, मनप्रीत सिंह, पी आर श्रीजेश, हरमनप्रीत सिंह, हिमा दास, दुती चंद, धनलक्ष्मी शेखर, ज्योति, ऐश्वर्या, डेविड बेकहम और शशिकला अगाशे जैसे खिलाड़ियों को आधिकारिक किट देकर सम्मानित किया।

इस बीच एडिडास इंडिया राष्ट्रमंडल खेलों के भारतीय दल के लिए आधिकारिक फुटवियर पार्टनर बना है। विदाई समारोह में एडिडास इंडिया के नवीनतम फुटवियर और बैकपैक का भी अनावरण किया गया।

# यूक्रेन युद्ध से चरम पर पहुंची महंगाई, 7.1 करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे आए

एजेंसी

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध का असर केवल उन दो देशों पर ही नहीं बल्कि दुनिया पर भी दिख रहा है। चाहे वह तेल की कीमतों में भारी उछाल हो या फिर गेहूं की कमी, इन समस्याओं ने गरीब देशों को भुखमरी की ओर ढकेल दिया है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यूक्रेन युद्ध ने 7.1 करोड़ लोगों को करीब बना दिया है।



संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) ने बृहस्पतिवार को एक रिपोर्ट में कहा कि यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद खाद्य पदार्थों और ऊर्जा की कीमतों में भारी वृद्धि के कारण दुनिया भर में 7.1 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा के नीचे चले गए हैं। यूएनडीपी का अनुमान है कि युद्ध शुरू होने के बाद पहले तीन महीनों में 5.16 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा के नीचे आ गए और वे प्रति दिन 1.90 डॉलर या उससे भी कम पैसे में जीवन यापन कर रहे हैं।

इसके साथ ही विश्व की कुल जनसंख्या का करीब नौ प्रतिशत हिस्सा गरीबी रेखा के नीचे हो गया। इसके अलावा करीब दो करोड़ लोग रोजाना 3.20 डॉलर से कम पैसे में जीवन यापन कर रहे हैं। कम आमदनी वाले देशों में, परिवार अपनी घरेलू आय का 42 प्रतिशत हिस्सा भोजन पर खर्च करते हैं। लेकिन पश्चिमी देशों द्वारा रूस के खिलाफ प्रतिबंध लगाए जाने से ईंधन और मुख्य खाद्य पदार्थों जैसे गेहूं, चीनी और खाना पकाने के काम आने वाले तेल की कीमतें बढ़ गईं।

यूक्रेन के बंदरगाहों के अवरूद्ध हो जाने और कम आय वाले देशों को अनाज निर्यात नहीं कर पाने के कारण कीमतों में और वृद्धि हुई। इससे लाखों लोग जल्दी ही गरीबी रेखा से नीचे चले गए। यूएनडीपी प्रशासक अचिम स्टीनर ने रिपोर्ट जारी होने के मौके पर कहा कि जीवन यापन के खर्च पर पड़ने वाला प्रभाव काफी गंभीर है और हाल के समय में ऐसी स्थिति नहीं देखी गई।

रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण जिस गति से लोग प्रभावित हुए, वह महामारी के चरम के दौर की आर्थिक पीड़ा से भी अधिक गंभीर है। यूएनडीपी ने कहा कि फरवरी के अंत में यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद सिर्फ तीन महीनों में 7.1 करोड़ से अधिक लोगों ने गरीबी को महसूस किया जबकि कोविड महामारी के दौरान करीब 18 महीने के लॉकडाउन के दौरान 12.5 करोड़ लोगों ने इस दर्द को महसूस किया था।

### अर्जेंटीनाः 'डर्टी वॉर' के लिए पूर्व सैन्य अधिकारियों को जेल

ब्यूनस आयर्स। अर्जेंटीना की संघीय अदालत ने 1976-83 के दौरान जनरल जॉर्ज विडेला के नेतृत्व में देश की सत्ता पर कब्जा करने के दौरान राष्ट्रव्यापी अभियान में नरसंहार तथा अन्य अपराधों के लिए 19 पूर्व सैन्य अधिकारियों को लंबी अवधि की सजा सुनाई है। बीबीसी के मुताबिक, सजा पाने वालों में जनरल सैंटियागो रिवरोस भी शामिल हैं, जो पहले कई अन्य मानवाधिकारों के उल्लंघन के लिए दोषी ठहराए जा चुके हैं। उन्हें 100 से अधिक अपराधों में दोषी पाए जाने के बाद उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। संघीय अदालत ने उस घटना पर अफसोस जताया कि जिसमें मर्सिडीज बेंज कारखाने के छह ऑटो प्लांट श्रमिकों सहित लगभग 350 पीड़ितों के खिलाफ जुल्म किए गए थे। यह एक दक्षिणपंथी तख्तापलट था, जिसमें संदिग्ध वामपंथी राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ कुख्यात अभियान चलाया गया था।

## यूके में महाराष्ट्र जैसा हाल, कैबिनेट की बगावत के बाद प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन का इस्तीफा

लंदन। ब्रिटेन में महाराष्ट्र जैसे सियासी घमासान के बाद प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। वैसे तो बोरिस जॉनसन की कुर्सी पर खतरा कई बार मंडराया है लेकिन इस बार बगावत का तूफान उनके लिए बड़ी मुसीबत बन गया। ब्रिटेन में चार कैबिनेट मंत्री समेत 40 मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद बोरिस जॉनसन पर भी इस्तीफे का दबाव बढ़ गया। बता दें कि मंगलवार को वित्त मंत्री ऋषि सुनक और स्वास्थ्य मंत्री साजिद जाविद ने इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद तो इस्तीफों की झड़ी लग गई।

#### 50 से ज्यादा मंत्रियों का इस्तीफा

प्रधानमंत्री कार्यालय ने गुरुवार को कहा कि पीएम बोरिस जॉनसन इस्तीफे के लिए तैयार हो गए हैं। डाउनिंग स्ट्रीट के एक अधिकारी ने कहा कि बोरिस जॉनसन बाद में इस्तीफे का ऐलान करेंगे।

जॉनसन ने अपनी कैबिनेट से भी इस्तीफा देने को कहा। ऐसे में 50 से ज्यादा मंत्रियों ने भी इस्तीफा दे दिया।

न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक अभी तक यह तो स्पष्ट नहीं हो पाया था कि वह कंजरवेटिव पार्टी के नए नेता चुनने तक पद पर रहेंगे या नहीं। आखिर अब ब्रिटेन का नया प्रधानमंत्री कौन बनेगा? बता दें कि बोरिस जॉनसन ने 36 घंटे पहले ही दो नए मंत्री बनाए थे। उन्हें भी पद संभालते ही इस्तीफा देना पड़ा। इसमें ट्रेजरी चीफ नदीम जहवी भी शामिल हैं।

बोरिस जॉनसन पर इस्तीफा देने का दबाव लगातार बढ़ रहा था। एक दिन पहले ही उनकी कैबिनेट के करीब 9 मंत्री उनके पास पहुंचे थे और उन्होंने कंजरवेटिव पार्टी के हित और आगे आने वाले चुनावों का हवाला देकर बोरिस से इस्तीफा देने को कहा था। लेकिन इस पर बोरिस जॉनसन सहमत नहीं हुए थे। यही बात जब उनके एक मंत्री माइकल गोव ने मीडिया के सामने बता दी तो उनको बर्खास्त कर दिया गया। इसके बाद जॉनसन पर इस्तीफे का दबाव और बढ़ गया।

बोरिस जॉनसन ने पहले कहा था कि अगर वह इस्तीफा दे देंगे तो आने वाले चुनाव में पार्टी को नुकसान उठाना पड़ेगा। इसलिए उनका पद पर बने रहना जरूरी है। बता दें इस पूरी बगावत की वजह क्रिस पिंचर हैं। दरअसल क्रिस पिंचर यौन उत्पीड़न समेत कई मामलों में आरोपी थे। बावजूद उसके उनको कैबिनेट और पार्टी में प्रमोट कर दिया गया। इसके बाद वित्त मंत्री ऋषि सुनक और स्वास्थ्य मंत्री साजिद जाविद ने इस्तीफा सौंप दिया।

### पाकिस्तान : थाने में विस्फोट, प्रभारी की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के मरदन में गुरुवार को पुलिस थाने पर हुए बम हमले में थाना प्रभारी की मौत हो गई तथा कई अन्य घायल हो गए। एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने बताया कि स्थानीय समयानुसार 11 बजकर 20 मिनट पर निशाता रोड़ पर चमतर पुलिस थाने पर हुए हमले में थाना प्रभारी मकसूद चावोकी की मौत हो गई। रिपोर्ट के अनुसार एक आत्मघाती हमलावर ने पुलिस थाना पर हमला किया था। इसी बीच, जियो न्यूज ने दैनिक जंग के हवाले से बताया कि मरदन में एक पुलिस थाने में विस्फोट किया गया जिसमें एक की मौत हो गई और दो पुलिसकर्मियों सहित चार अन्य घायल हो गए।

### न्यूज़ीलैंड, ब्रिटेन ने अपने नागरिकों को श्रीलंका न जाने की दी सलाह

कोलंबो। न्यूज़ीलैंड और ब्रिटेन ने जबरदस्त आर्थिक संकट से जूझ रहे दक्षिण एशियाई द्वीपीय राष्ट्र श्रीलंका में लोगों के बीच पनप रहे आक्रोश को देखते हुए एहतियाती कदम उठाते हुए अपने नागरिकों को श्रीलंका की यात्रा पर न जाने की सलाह दी है। एक समाचार पत्र में गुरूवार को यह जानकारी दी गयी। डेली मिरर की रिपोर्ट के अनुसार इन दोनों देशों ने श्रीलंका की यात्रा पर न जाने की जो सलाह अपने नागरिकों के लिए जारी की है उससे श्रीलंका के पहले से ही संघर्ष कर रहे पर्यटन क्षेत्र पर और प्रभाव पड़ेगा। ब्रिटेन और न्यूज़ीलैंड की सरकारों ने श्रीलंका में दिन प्रतिदिन खराब होते आर्थिक हालातों और इसके कारण लोगों के बीच अशांति फैलने की आशंका को देखते हुए अपने नागरिकों के लिए जारी यात्रा सलाह में बदलाव किया है। इनके अलावा अमेरिका, यूरोपीय संघ, कनाडा, ,ऑस्ट्रेलिया और आयरलैंड ने ही अपने नागरिकों को श्रीलंका की यात्रा से बचने की सलाह दी है। श्रीलंका के पर्यटन विभाग प्राधिकरण (एसएलटीडीए) के अध्यक्ष प्रिएंथा फर्नेंडो ने कहा कि विभिन्न देशों की सरकारों की जिम्मदारी है कि वह अपने नागरिकों को बाहरी मुल्क में पनप रहे हालातों के बारे में जानकारी दें। उन्होंने ट्वीट कर कहा श्रीलंका में जारी वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए पर्यटकों को यहां कुछ परेशानी होने की आशंका पर थोड़ी चर्चा की जा सकती है हालांकि हम श्रीलंका की यात्रा पर आने वाले पर्यटकों को किसी भी परेशानी से मुक्त यात्रा का अनुभव कराने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

### बोरिस जॉनसन के मंत्रिमंडल से एक और मंत्री ने दिया इस्तीफा

लंदन। उत्तरी आयरलैंड के मंत्री ब्रैंडन लुईस ने गुरुवार को प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के नेतृत्व वाली सरकार से इस्तीफा दे दिया। क्रिस्टोफर पिंचर को उप मुख्य सचेतक के रूप में नियुक्ति को लेकर हाल ही में हुए एक घोटाले के घटनाक्रम में छह से ज्यादा मंत्रियों ने प्रधानमंत्री जॉनसन की सरकार से इस्तीफा दे दिया है। बीबीसी के अनुसार श्री लुईस उन कैबिनेट मंत्रियों में शामिल थे, जिन्होंने बुधवार को प्रधानमंत्री से कहा कि समर्थन घटने के कारण उन्हें पद छोड़ना होगा। श्री लुइस ने ट्वीट किया, एक सभ्य और जिम्मेदार सरकार ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और आत्म सम्मान पर निर्भर करती है। यह काफी व्यक्तिगत खेद का विषय है कि मुझे सरकार का साथ छोड़ देना चाहिए क्योंकि मुझे अब विश्वास नहीं है कि उन मूल्यों को बरकरार रखा जा रहा है। मैंने अपना इस्तीफा प्रधानमंत्री को सौंप दिया है।

### हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, दो पायलटों की मौत

बीजिंग। चीन की राजधानी बीजिंग के दक्षिण-पश्चिमी उपनगरीय इलाके में बुधवार को एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें दो पायलटों की मौत हो गई। चीन के नागरिक उड्डयन प्रशासन (सीएएसी) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सीएएसी ने एक बयान जारी करके कहा, छह जुलाई को स्थानीय समयानुमसार 3:30 बजे बीजिंग रेनवुड स्टार जनरल एविएशन से संबंधित एक 'बेल 505' हेलीकॉप्टर चांगपिंग जिले (बीजिंग के उत्तर) से फांगशान जिले (बीजिंग के दक्षिण-पश्चिम) में शिदु दर्शनीय क्षेत्र की उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में दोनों पायलटों की मौत हो गई। बयान के अनुसार हादसे की जांच के लिए एक टीम गठित की गई है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा



# डायबिटीज कंट्रोल करने के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं ब्लूबेरी के पत्ते

**ब्लड शुगर को कंट्रोल करने के लिए कई तरह की दवाएं और इलाज हैं लेकिन आप इसे कुछ नैचुरल उपायों के जरिए भी कंट्रोल कर सकते हैं। ब्लूबेरी एक ऐसा पौधा है, जिसके पत्ते डायबिटीज कंट्रोल करने के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं।**

डायबिटीज एक गंभीर और तेजी से बढ़ रही जीवनशैली से जुड़ी बीमारी है। दुर्भाग्य यह है कि इसका कोई पक्का इलाज नहीं है। डायबिटीज को सिर्फ एक्टिव लाइफस्टाइल और हेल्दी डाइट के जरिए कंट्रोल रखा जा सकता है। इस रोग में मरीज का ब्लड शुगर बढ़ने लगता है और लंबे समय तक ऐसा होने से हृदय, रक्त वाहिकाओं, आंखों, गुर्दे और तंत्रिकाओं को गंभीर नुकसान हो सकता है।
वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन के अनुसार, दुनिया भर में लगभग 422 मिलियन लोगों को डायबिटीज है, जिनमें से अधिकांश निम्न और मध्यम आय वाले देशों में रहते हैं। 1.5 मिलियन लोगों की मृत्यु सीधे तौर पर डायबिटीज के कारण होती है।

## डायबिटीज कंट्रोल करने के उपाय?

वैसे तो ब्लड शुगर को कंट्रोल करने के लिए कई तरह की दवाएं और इलाज हैं लेकिन आप इसे कुछ नैचुरल उपायों के जरिए भी कंट्रोल कर सकते हैं। ब्लूबेरी एक ऐसा पौधा है, जिसके पत्ते डायबिटीज कंट्रोल करने के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं।

## ब्लूबेरी के पोषक तत्व

डायबिटीज.को.यूके के अनुसार, ब्लूबेरी जैसे फलों में नैचुरल शुगर होती है और यह विटामिन, फाइटोन्यूट्रिएंट्स और फाइबर का भी बेहतर स्रोत है। अध्ययनों से पता चलता है कि डायबिटीज के मरीजों को यह फल खाने, इसके पत्ते चबाने या पत्तों से बनी चाय को पीने से ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में मदद मिल सकती है। ब्लूबेरी पौधे की पत्तियां नैचुरल रूप से ब्लड शुगर को कंट्रोल कर सकती हैं। इतना ही नहीं, इन हरी पत्तियों में डायबिटीज की वजह से पैदा होने वाले आंखों से संबंधित विकारों को कम करने में भी मदद मिल सकती है।

## डायबिटीज को कैसे कंट्रोल करते हैं ब्लूबेरी के पत्ते

मेंजीज इंस्टीट्यूट के शोधकर्ताओं के अनुसार, ब्लूबेरी चाय में टाइप 2 डायबिटीज का इलाज करने की क्षमता हो सकती है। ब्लूबेरी के पत्तों की चाय पीने से डायबिटीज के उन मरीजों को सबसे ज्यादा फायदा मिल सकता है, जिन्हें इंसुलिन इंजेक्शन पर निर्भर रहना पड़ता है। ऐसा माना जाता है कि यह चाय मांसपेशियों में ग्लूकोज के सेवन में सुधार करती है, जिससे ब्लड शुगर का लेवल कम होता है।

## ब्लूबेरी के पत्तों में पाया जाता है पावरफुल रसायन

जर्नल ऑफ न्यूट्रिशन में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि ब्लूबेरी में एंथोसायनिन नामक एक रसायन पाया जाता है, जो गंदे यानी खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करता है और अच्छे कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाता है। इतना ही नहीं यह रसायन इंसुलिन रेसिस्टेंट को कम करता है, और फास्ट प्लाज्मा ग्लूकोज लेवल को कम करता है।

## ब्लूबेरी के पत्तों की चाय है फायदेमंद

आप ब्लूबेरी के पत्तों से बनी चाय का ज्यादा लाभ लेने के लिए इसमें पुदीना के पत्ते और दालचीनी मिक्स कर सकते हैं। इन दोनों चीजों में डायबिटीज को कंट्रोल करने वाले गुण पाए जाते हैं। खासकर इन्हें टाइप 2 डायबिटीज वाले लोगों के लिए लाभदायक माना गया है। दालचीनी में ब्लड शुगर लेवल को कम करने की क्षमता होती है।

## इंसुलिन इंजेक्शन की नहीं पड़ेगी जरूरत

मेंजीज इंस्टीट्यूट के सीनियर रिसर्च फेलो मिशेल केस्के ने कहा है कि इस चाय में इंसुलिन हार्मोन को मैनेज करने की क्षमता होती है और यह मांसपेशियों में ग्लूकोज की मात्रा में सुधार करता है। ऐसा करके यह ब्लड शुगर लेवल को कम करता है और यह ब्लड फ्लो में भी सुधार करता है।





# चिंता-तनाव, आत्मविश्वास की कमी बिगाड़ देती है मेंटल हेल्थ

**तनाव, चिंता, कम आत्मसम्मान, रिलेशन अफेयर्स और खराब वर्क लाइफ बैलेंस किसी व्यक्ति को उस बिंदु तक प्रभावित करते हैं जहां वह अपना बेस्ट नहीं दे पाते हैं। इसलिए, किसी के भावनात्मक स्वास्थ्य का उतना ही ध्यान रखना महत्वपूर्ण हो जाता है, जितना हम अपने शारीरिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हैं।**



मानसिक रूप से मजबूत होने का मतलब यह नहीं है कि आप अंदर से कमजोर हो और खुले तौर मजबूत होने का दिखावा कर रहें हों। इसका मतलब यह भी नहीं है कि जब आपको मदद की सख्त जरूरत हो, तो तभी आप अकेले ही उस समस्या से जुझ रहे हो। वास्तव में, इमोशनल वेलनेस का मतलब है, हर चीज को अपनाने और उसका सामना करने के लिए तैयार रहना। हर दिन आप इतने मजबूत बने रहें ये जरूरी नहीं है। मानसिक रूप से मजबूत महिलाओं में जो लक्षण समान्य रूप से देखे जा सकते हैं, वह हैं अपनी ताकत और कमियों के बारे में जागरूक होना, यह स्वीकार करना कि विभिन्न भावनाएं उन्हें कैसे प्रभावित करती हैं। और वे इसे नियंत्रित करने के लिए क्या कर सकती हैं।
मेंटल हेल्थ को लेकर वरिष्ठ क्लीनिकल साइकाइट्रिस्ट ने अपने विचारों को हमारे साथ साझा किया है। और महिलाओं में मानसिक और भावनात्मक स्तर पर चल रहे लड़ाई को शांत करने के कारगर उपाय भी बताए हैं। वह कहती हैं कि दूसरों व अपने प्रति व्यक्ति की धारणा, उत्पादकता उनके रिश्ते और भावनात्मक भलाई से जुड़ी होती है। तनाव, चिंता, कम आत्मसम्मान, रिलेशन अफेयर्स और खराब वर्क लाइफ बैलेंस किसी व्यक्ति को उस बिंदु तक प्रभावित करते हैं जहां वह अपना बेस्ट नहीं दे पाते हैं। इसलिए, किसी के भावनात्मक स्वास्थ्य का उतना ही ध्यान रखना अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है, जितना हम अपने शारीरिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हैं। इसे करने के कुछ तरीकों में शामिल हैं।

## माइंडफुलनेस का अभ्यास करें

अनुसंधान से पता चलता है कि भावनात्मक स्तर खुलने के लिए माइंडफुलनेस का अभ्यास जरूरी होता है। इसके तरीको के माध्यम से आप अपने मस्तिष्क के तार्किक और भावनात्मक केंद्रों को मजबूत कर सकते हैं। इसका अभ्यास करने से हम वर्तमान क्षण में अधिक जागरूक हो जाते हैं। साथ ही जल्दबाजी में इमोशनल होकर फैसले लेने कि अपनी आदत को भी नियंत्रित कर सकते हैं।

## फैसलों पर डाउट न करें

एक्सपर्ट के अनुसार, महिलाएं हमेशा अपनी पसंद और फैसलों पर सवाल उठाती रहती है। यह न केवल हमारी फैसले लेने की समझ को प्रभावित करता है बल्कि निरंतर अपराध के बोध को भी जन्म देता है। अपने भीतर के संदेह को शांत करने और अपनी मन की आवाज पर विश्वास करने के लिए खुद को तैयार करें। इस प्रक्रिया को आप आंकलन करने के साथ शुरू कर सकते हैं। खुद से सवाल करें कि क्या आप निष्पक्ष हैं, क्या कोई विकल्प आपके मूल्यों के साथ संरेखित है? ध्यान रखिए, जो आपको सही लगता है, उसे बोलने के लिए माफी न मांगें।

## दूसरों और अपने प्रति सराहना का भाव रखें

कृतज्ञता का अभ्यास करें। यह आपके भीतर सकारात्मक भावनाओं को बढ़ावा देता है। साथ ही आपके अंदर भावानात्मक स्तर में सुधार करता है। केवल दूसरो प्रति ही नहीं बल्कि स्वयं के प्रति भी सराहना का भाव रखें। जब भी आप कुछ अचीव करते हैं, या किसी की मदद करते हैं इसके लिए खुद को धन्यावाद दें।

## मदद मांगने में संकोच न करें

एक्सपर्ट बातती हैं कि सहारा मांगना कमजोर होने की निशानी नहीं होती है। बल्कि ताकत की निशानी है। जब आप प्रोफेशनल मदद लेते हैं, तो आप वास्तव में यह आपको बेहतर इंसान बनाने के लिए होता है। इसक मतलब होता है कि आप एक बेहतर बनना चाहते हैं और आप उस दिशा में कदम उठा रहे हैं। अपनी वास्तविक क्षमता को उजागर करने के लिए वह कदम उठाने से न हिचकिचाएं!



# लिवर, किडनी, हार्ट और लंग्स सबके लिए अमृत है मोरिंगा पाउडर

**सहजन को सुपरप्लांट कहा जाता है। इसमें ढेर सारे औषधीय गुण होते हैं। जानकारी बढ़ने के साथ लोग इसे अब अपनी डेली डायट में शामिल कर रहे हैं। जबकि यह सदियों साल पुराना पेड़ है।**

हमारे दादी-नानी जो चीजें खाती हैं नई जनरेशन उन्हें देखकर नाक-भौं सिकोड़ती है। अगर नई पीढ़ी के लोग ये चीजें खाते भी हैं तो स्वाद देखकर। अक्सर उन्हें इन चीजों के फायदे पता नहीं होते। ऐसा ही एक पेड़ है सहजन जिसकी पत्ती से लेकर फली तक सबकुछ फायदा करता है। यह पेड़ पूरी दुनिया में उगता है। इसे नॉर्थ इंडिया के हिमालय वाले रीजन की ओरिजिन माना जाता है। इसका उपयोग खाने और औषधि के रूप में होता है। मोरिंगा या सहजन की फली का अचार और सब्जी बनती है। ड्रमस्टिक के रूप में इसे सांभर में डाला जाता है। इसकी पत्तियों को पाउडर के रूप में लोग औषधि के रूप में लेते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोरिंगा का पराठा खाते हैं। यहां जानते हैं इसके फायदे...

## गैस्ट्रिक अल्सर में फायदेमंद

मोरिंगा की पत्तियों को सुखाकर लंबे वक्त तक स्टोर किया जा सकता है। इसमें कैल्शियम, पोटैशियम, आयरन के अलावा कई तरह के विटामिन्स और ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक मोरिंगा पाउडर को संक्रमित जगह को स्टर्लाइज करे के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। यह ऐसे बैक्टीरिया और फंगस मारने में भी सक्षम होता है जो गैस्ट्रिक अल्सर और गैस्ट्रिक कैंसर की वजह होते हैं।
पाए जाते हैं पावरफुल ऐंटीऑक्सीडेंट्स
ऐंटीऑक्सीडेंट्स ऐसे कंपाउंड्स होते हैं जो फ्री रेडिकल्स खत्म करते हैं। ये फ्री रेडिकल्स कई तरह की बड़ी बीमारियों की वजह होते हैं। ये ऐंटीऑक्सीडेंट्स रेडिएशन और स्मोकिंग से हुए डैमेज से भी प्रोटेक्ट करते हैं। मोरिंगा में विटामिन सी, बीटा कैरोटीन के अलावा क्वरसेटिन पाया जाता है। यह ब्लड प्रेशर लो करने में मदद करता है। महिलाओं पर हुई एक स्टडी में उन्हें 7 ग्राम मोरिंगा की पत्ती का पाउडर रोजाना दिया गया। तीन महीने में उनके ब्लड में ऐंटीऑक्सीडेंट्स बढ़े पाए गए। यह ब्लड शुगर लेवल भी कम करता है।

## मोरिंगा कोलेस्ट्रॉल कम कर सकता है

बैड कोलेस्ट्रॉल आपमें दिल की बीमारी का खतरा बढ़ाता है। कई ऐसी नैचुरल चीजे हैं जो आपका कोलेस्ट्रॉल लेवल घटा सकती हैं। इनमें सहजन भी एक है। जानवरों और इंसानों पर हुई स्टडी में यह बात सामने आ चुकी है।
ब्रेस्ट कैंसर का खतरा भी करता है कम
सहजन में प्रोटीन, मिनरल्स, अमीनो एसिड्स, फ्लैवोनॉइड्स और ऐंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। यह लंग्स, हार्ट, लिवर और किडनी के टिश्यूज की रक्षा करता है। यह शरीर का इनफ्लेमेशन कम करता है। रिसर्च में सामने आ चुका है कि जो महिलाएं रोजाना मोरिंगा पाउडर लेती हैं उनमें ब्रेस्ट कैंसर का खतरा कम हो जाता है।





# बारिश के मौसम में झड़ते बालों को न करें नजरअंदाज

जिस तरह मानसून में बारिश का होना तय है, उसी तरह इस मौसम में बालों का झड़ना भी निश्चित है। यदि इस मौसम में आपके बाल भी सामान्य से थोड़े ज्यादा झड़ रहे हैं तो यह बिल्कुल सामान्य बात है। जी हां, इस बात से घबराने की कोई जरूरत नहीं है। वर्ल्ड ट्राइकोलॉजी सोसाइटी के अध्ययन में यह बात सामने आई है कि नमी वाले मौसम में बालों का झड़ना लगभग 30 प्रतिशत तक बढ़ जाते हैं।

## बारिश के मौसम में क्यों झड़ते हैं बाल

मानसून में पर्यावरण में मौजूद अत्यधिक नमी की वजह से बाल झड़ते हैं। बाल इस नमी को सोख लेते हैं और रूखे, उलझे और बेजान नजर आते हैं। इसकी स्वाभाविक नमी कम होती है, जिसकी वजह से सिर की त्वचा भी रूखी नजर आती है। ये बालों के फॉलिकल्स को कमजोर बनाते हैं और बाल झड़ने लगते हैं। नमी के बढ़ने से बालों के फॉलिकल्स बंद हो जाते हैं और जिससे बाल चिपचिपे हो जाते हैं।

## एक दिन में कितने बाल झड़ना सामान्य बात

नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इन्फॉर्मेशन (एनसीबीआई) के अनुसार, सामान्य मौसम में एक दिन में व्यक्ति के 80-100 बाल झड़ते हैं। जबकि मॉनसून के दौरान, एक व्यक्ति के प्रतिदिन 250 बाल झड़ते हैं।

## बाल झड़ने का कारण

बालों का झड़ना अनियंत्रित थायरॉइड के स्तर, एनीमिया (हीमोग्लोबिन का निम्न स्तर), हॉर्मोन्स का सही रूप में काम ना करना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम (पीसीओएस) और हाई ब्लड प्रेशर के भी संकेत हो सकते हैं। यही वजह है कि बालों के आसामन्य तरीके से झड़ने पर जल्द से जल्द डॉक्टर से संपर्क करने की सलाह दी जाती है। बालों के झड़ने की समस्या को नजरअंदाज करने से यह कई लोगों में पूरी तरह से गंजेपन का कारण बन सकती है, खासकर उन लोगों में जिन्हें आनुवंशिक रूप से बालों के झड़ने की समस्या का जोखिम है।
द ट्राइकोलॉजिकल सोसाइटी, लंदन के पहले भारतीय अध्यक्ष डॉ. अक्षय बत्रा के अनुसार बालों के झड़ने को होम्योपैथी दवाओं और उपचार की मदद से आसानी से नियंत्रित किया जा सकता है। ये दवाएं बिना किसी साइड इफेक्ट के बालों के झड़ने के मूल कारण का उपचार कर बालों की स्थिति को बेहतर बनाती है। ये बालों को जड़ों से पोषण देने और बालों के फिर से निकलने में मदद करती हैं। होम्योपैथी दवाएं पूरी जांच और केस का मूल्यांकन करने के बाद दी जाती हैं, जिसमें रोगी की मेडिकल हिस्ट्री और उनकी मानसिक और शारीरिक बनावट भी शामिल है।



## बालों के झड़ने की समस्या को कैसे दूर करें

### शैम्पू

भले ही बारिश में भीगने का आनंद लें लेकिन उसके बाद बालों को जरूर धोएं। बारिश के पानी को हटाने के लिये शैम्पू से अपने बालों को धोएं, क्योंकि बारिश का पानी गंदगी से भरा होता है। नमी वाले इस मौसम में चिपचिपेपन और पसीने को दूर रखने के लिए हफ्ते में 2-3 बार शैम्पू करें।

### अपने बालों को सही तरीके से सुखाएं

अपने बालों को सुखाने के लिये माइक्रोफाइबर तौलिए का इस्तेमाल करें, यह तुरंत ही पानी को सोख लेता है और आपके बालों तथा तौलिए के बीच कम से कम घर्षण होता है।

### कंडीशनर लगाएं

बारिश के पानी के साथ बालों में आने वाली उलझन को सुलझाने के लिये एक अच्छा कंडीशनर जरूरी है। बालों को झड़ने से रोकने वाले कंडीशनर का इस्तेमाल करें ताकि आपके बालों में नमी लॉक हो जाए और उसे मजबूती और सुरक्षा मिले।

### बालों में तेल लगाना बेहद जरूरी है

अपने बालों में तेल जरूर लगाएं, लेकिन बालों को टूटने से बचाने के लिये हल्के हाथों से मसाज करें। हफ्ते मे एक या दो बार सही पोषण के लिये अच्छा है, हालांकि बार-बार तेल लगाने की सलाह नहीं दी जाती है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि हवा में मौजूद अत्यधिक नमी की वजह से सिर पर पहले से ही ऑयल होता है।

### सही कंघी का चुनाव करें

गीले बालों में कंघी ना करें, क्योंकि इससे वे कमजोर हो जाते हैं। अपने बालों को आसानी से सुलझाने के लिये चौड़े दांतों वाले कंघे का इस्तेमाल करें। यदि घरेलू उपचारों से बालों के झड़ने में कोई सुधार नजर नहीं आ रहा तो फिर इंतजार ना करें।

### होम्योपैथिक उपचार

- विस्बाडेन 30सी, कुछ महीनों के लिये दिन में दो बार - बालों के प्राकृतिक विकास को बढ़ावा देता है।
- फ्लोरिक एसिड 6सी, 5 गोलियां दिन में दो बार - पैची बालों के झड़ने का इलाज करने में मदद करता है और स्वस्थ प्राकृतिक बालों के विकास को बढ़ावा देता है।
- सीपिया, सल्फर, फॉस्फोरिक एसिड, लैकेसिस और ग्रेफाइट्स - बालों के झड़ने के इलाज में मदद करते हैं।
- थूजा ऑक्सिडेंटैलिस 30सी, 5 गोलियां महीने में केवल एक बार दिन में दो बार- बालों के झड़ने के आनुवंशिक कारण के लिये।